दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 170 | जयपुर | शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025 | बैशाख, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
39.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स 79,801.43 -315.06 (0.39%)
निफ्टी 24,246.70 -82.25 (0.34%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना 98,840 /10g
चांदी 1,00,900 /Kg

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम हमले के बाद अमृतसर में एनआईए की रेड
बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर (एजेंसी)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद एनआईए ने अमृतसर में बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए की टीम ने सुबह 5 बजे अमृतसर के क्वींस रोड पर स्थित पांच होटलों में छापेमारी की। छापेमारी में होटल योनिट, होटल ग्रैंड स्टार, होटल यूनिक, होटल रॉयल स्टार और होटल प्रीमियर को निशाना बनाया गया। एनआईए की टीम ने इन सभी होटलों के रिकॉर्ड की जांच की और उन्हें जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान पंजाब पुलिस की टीम भी मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने बाहर से सुरक्षा व्यवस्था संभाली, जबकि एनआईए ने अंदर जाकर छापेमारी की। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें सिर्फ सहयोग के लिए बुलाया गया था। सूत्रों के अनुसार, इन होटलों के पाकिस्तान से संबंध होने की जानकारी मिली थी। अमृतसर बॉर्डर एरिया होने के कारण यहां से पाकिस्तान में नशे की तस्करी की घटनाएं आम हैं।

### तलाक-ए-अहसन पर रोक नहीं, केवल तीन तलाक गैर-कानूनी; महिला की याचिका खारिज की : बॉम्बे हाईकोर्ट
बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

### भारत अपनी स्वतंत्रता, संप्रभुता, सुरक्षा से समझौता नहीं करेगा : खट्टर
बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत सार्वभौमिक भाईचारे की बात करता है, लेकिन जब बात अपनी स्वतंत्रता, संप्रभुता और सुरक्षा की हो तो वह कोई समझौता नहीं करेगा। खट्टर ने यह बात यहां 'स्वदेशी शोध संस्थान' द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कही। उनकी यह टिप्पणी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में आई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री ने आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ''अगर दुनिया के पास परमाणु हथियार हैं, तो हम भी पीछे नहीं हैं। हम 'विश्व बंधुत्व' की बात करते हैं, लेकिन जैसा कि आम बोलचाल में कहा जाता है, 'हम किसी को छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे नहीं'।''

पहलगाम हमला

# सरकार ने सुरक्षा में चूक मानी

## केंद्र के हर एक्शन को समर्थन : राहुल

## पाकिस्तान को सिंधु जल संधि स्थगित करने की सूचना भेजी



बढ़ता राजस्थान

**पहलगाम/नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को माना कि पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने मीटिंग में विपक्षी नेताओं को सुरक्षा में हुई चूक के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान विपक्ष ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं। विपक्षी सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। कहा की सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक के बाद राहुल गांधी ने बताया कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। सर्वदलीय बैठक दो घंटे चली। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक शामिल था।

### हमले पर 10 बड़े अपडेट्स

- राहुल गांधी शुक्रवार को कश्मीर के अनंतनाग जाएंगे। वहां हमले में घायल हुए लोगों से मिलेंगे।
- भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव देबाशीष मुखर्जी ने पाकिस्तान को पत्र भेजकर सूचित किया है कि 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।
- भारत ने आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया।
- वायुसेना युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इसे आक्रमण नाम दिया गया है। इसमें अंबाला (हरियाणा) और हाशीमारा (पश्चिम बंगाल) की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी।
- विदेश मंत्रालय ने जर्मनी, जापान समेत कई देशों के राजदूतों को बुलाया। बैठक में पहलगाम हमले की जानकारी दी।
- रूसी मीडिया रशिया टुडे ने मौजूदा हालातों को देखते हुए दावा किया है कि भारत कुछ बड़ा करने वाला है।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें पहलगाम हमले की जानकारी दी।
- भारत सरकार के अटारी बॉर्डर बंद करने के ऐलान के बाद वीजा लेकर भारत आए पाकिस्तानी नागरिक पंजाब के अटारी चेक पोस्ट से वापस लौटना शुरू गए।
- केंद्र सरकार ने पाकिस्तान सरकार के ट्वीटर हैंडल को भारत में बैन कर दिया है।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करके अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर न जाने की सलाह दी है।
- श्रीनगर के दुकानदारों ने पहलगाम हमले के विरोध में काले झंडे लगाए।

### भारत ने पाकिस्तान को सिंधु जल संधि स्थगित करने की सूचना भेजी

**भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव देबाशीष मुखर्जी ने पाकिस्तान को पत्र भेजकर सूचित किया है कि 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।**

### सर्वदलीय बैठक के बाद बोले सांसद

आप के संजय सिंह- सभी दलों ने आतंकी शिविरों को नष्ट करने के लिए सरकार से कार्रवाई की मांग की। अस्ट्र के सुदीप बंद्योपाध्याय- सुरक्षा चूक पर चर्चा की गई, सभी दल आतंकवाद से निपटने में सरकार के साथ हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू- सरकार ने नेताओं को आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

### खड़गे बोले- इस मुद्दे पर हम एक हैं



मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ऑल पार्टी मीटिंग में सभी पार्टियों के लोग आए थे। हमने कहा कि इस मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी जरूरी थी, क्योंकि वे ही अंतिम निर्णय लेंगे। मंत्रियों ने कहा कि हम आज की बैठक की बातें पीएम को बता देंगे। हमने कहा कि बता देना और बात है, खुद सुनकर निर्णय लेना और बात है। हमने कहा कि वहां थ्री-टियर सिक्योरिटी रहती है, इसके बाद सिक्योरिटी लैप्स कैसे हुआ? वहां पर एक हजार लोग पहुंचे हुए थे। ये सिक्योरिटी फेल्योर और इंटेलिजेंस का नेग्लीजेंस है। टेररिस्ट अटैक हुआ, सरकार को तेज और जल्दी एक्शन लेना था, जो नहीं लिया गया। सभी नेताओं ने एकसाथ मिलकर कहा कि देशहित में सरकार जो भी निर्णय लेगी, हम साथ हैं। इस मुद्दे पर हम सब एक हैं।

### सभी पार्टियों के नेताओं ने कहा- हम सरकार के हर फैसले के साथ

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि ऑल पार्टी मीटिंग अच्छी हुई। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि हम सीसीएस (कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी) के फैसले के साथ हैं। सभी नेताओं ने भविष्य में सरकार की तरफ से लिए जाने वाले फैसलों में समर्थन देने की बात कही। उन्होंने बताया कि हमने साफ किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में टेररिज्म को लेकर सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। सभी पार्टियों के नेताओं ने सरकार की तरफ से अभी और भविष्य में लिए जाने वाले निर्णयों में साथ देने की बात कही है।

### आजाद बोले- पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ



श्रीनगर में सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पूरा देश और जम्मू-कश्मीर के लोग उन लोगों के समर्थन में खड़े हैं जिन्होंने पहलगाम हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया। जम्मू-कश्मीर के सभी हिंदू और मुसलमान आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं।

### राहुल बोले- सरकार की हर कार्रवाई को विपक्ष का समर्थन



सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा- सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। राहुल गांधी शुक्रवार को कश्मीर के अनंतनाग जाएंगे। वहां हमले में घायल हुए लोगों से मिलेंगे।

### इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर हंगामा

इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर हंगामा हुआ। पाकिस्तानी जर्नलिस्ट शफाकत अली ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर वीडियो शेयर किया। भारतीय हाई कमीशन में काफी संख्या में लोग जमा हो गए और गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। हंगामा कर रहे लोगों ने भारत विरोधी नारे लगाए।

### राफेल और सुखोई युद्धाभ्यास आक्रमण में हिस्सा लेंगे

भारतीय वायुसेना युद्धाभ्यास करने जा रही है। इसे आक्रमण नाम दिया गया है। इसमें अंबाला (हरियाणा) और हाशीमारा (पश्चिम बंगाल) की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी। सूत्रों के मुताबिक, युद्धाभ्यास का मकसद मैदानों और पहाड़ी इलाकों में कठिन ग्राउंड अटैक के लिए ऑपरेशंस को और मजबूत बनाना है।

### ओवैसी बोले- पहलगाम हमले के विरोध में काली पट्टी बांधकर जुमे की नमाज में जाएं



असदुद्दीन ओवैसी ने अपील की है कि कल जब आप नमाज-ए-जुम्मा पढ़ने जाएं तो आपने बांह पर काली पट्टी बांधकर जाएं। इस से हम यह पैगाम भेजेंगे की हम भारतीय विदेशी ताकतों को भारत के अमन और इत्तेहाद को को कमजोर करने नहीं देंगे।



## सिंधु जल समझौते पर पाबंदी सही नहीं : पाकिस्तान पीएम

**इस्लामाबाद।** पहलगाम हमले के बाद भारत के सिंधु जल समझौता स्थगित करने को पाकिस्तान ने सही कदम नहीं बताया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि यह पाबंदी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत से मसले हल करने चाहिए। पाकिस्तान पंजाब में सिंधु नदी पर नई नहरें बना रहा था, जिसे लेकर सिंध में प्रदर्शन किया जा रहा था। अब इसे रोक दिया गया है। उधर, पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर भीड़ ने जमकर हंगामा किया, कुछ लोगों ने गेट फांदने की भी कोशिश की और भारत विरोधी नारे लगाए। आरोप लग रहे हैं कि पाकिस्तान ने जानबूझकर भारतीय हाई कमीशन के बाहर से सुरक्षा हटा ली है।

**पाक विदेश मंत्री ने अलापा कश्मीर मुद्दे पर पुराना राग :** विदेश मंत्री ने कहा कि उन्हें 28-29 अप्रैल को बांग्लादेश जाना था जिसे मौजूदा हालात को देखते हुए टाल दिया गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने उक्त बैठक के बाद जो प्रेस विज्ञप्ति जारी की है वह उसकी मंशा को उजागर करता है।

### इस्लामाबाद में भारतीय हाईकमीशन के बाहर हंगामा, भीड़ ने गेट फांदने की कोशिश की

#### पाकिस्तान बोला- सिंधु जल रोका तो एक्ट ऑफ वॉर होगा

इससे पहले इस्लामाबाद में नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की बैठक हुई। इसमें पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा, पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं।

## जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री महेश जोशी गिरफ्तार

### बोले-मेरी पत्नी मरणासन्न स्थिति में; मैंने कोई गड़बड़ी नहीं की, किसी से पैसा नहीं लिया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को गिरफ्तार किया है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में हुए करीब 900 करोड़ के घोटाले में गुरुवार को दिनभर ईडी के अधिकारियों ने जोशी से पूछताछ की थी।

कई नोटिस देने के बाद गुरुवार को दोपहर 1 बजे कांग्रेस नेता महेश जोशी अपने एक निजी सहायक के साथ ईडी मुख्यालय पहुंचे थे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ की। करीब 6 घंटे पूछताछ के बाद ईडी ने जोशी को गिरफ्तार कर लिया। ईडी के गिरफ्तार करने के बाद महेश जोशी ने कहा- मेरी पत्नी मरणासन्न स्थिति में है। मेरे खिलाफ केस बनाया गया है। मैंने कोई गड़बड़ी नहीं की। किसी से पैसा नहीं लिया।

जोशी ने कहा- जिन लोगों के खिलाफ मैंने कार्रवाई की है, उनके बयान लेकर मेरे खिलाफ एक्शन लिया गया है। मुझे देश की कानून व्यवस्था पर पूरा भरोसा है और मैं उम्मीद करता हूं कि मुझे न्याय मिलेगा।

#### कोर्ट ने महेश जोशी को 4 दिन के रिमांड पर भेजा

ईडी ने महेश जोशी को मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको 4 दिन के रिमांड पर भेज दिया। शुक्रवार को ईडी महेश जोशी को दस्तावेजों के साथ जलदाय विभाग और उनके आवास पर भी ले जा सकती है। ईडी के गिरफ्तार करने के बाद महेश जोशी ने कहा- मैंने कोई गड़बड़ नहीं की। मैंने कोई पैसा नहीं लिया। ईडी के गिरफ्तार करने के बाद महेश जोशी ने कहा- मैंने कोई गड़बड़ नहीं की। मैंने कोई पैसा नहीं लिया।

#### लंबे समय से पूछताछ के लिए बुला रही थी ईडी

ईडी महेश जोशी को पिछले लंबे समय से पूछताछ के लिए बुला रही थी, लेकिन महेश जोशी व्यक्तिगत कारणों की वजह से नहीं जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, जोशी को कुछ दस्तावेज दिखाए गए, उन दस्तावेजों को लेकर उनसे जवाब मांगा गया। जेजेएम घोटाला केंद्र सरकार की हर घर नल पहुंचाने वाली जल जीवन मिशन योजना से जुड़ा है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# हिंदू परिषद, बजरंग दल की ओर सेपहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना का विरोध जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी




बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी।** अंशु गुप्ता विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की ओर से गुरुवार शाम 7 बजे डेम्प रोड पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना का विरोध जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। विहिप के जिला मंत्री सौरभ शुक्ला व संदीप बेनीवाल ने बताया कि पहलगाम में आतंक की घटना निंदनीय है।असतंकियों द्वारा गोली मारकर की गई हत्या का विरोध जताते हुए भारत सरकार से आतंकबाद के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते है। उपस्थित कार्यकर्ताओ ने कैंडल जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जीतू अग्रवाल, बजरंग गोयल, योगेश बंसल, भारत सोलंकी, रामचरण कश्यप, दीपक जैन, अमर सिंह जाटव, सुरेंद्र जाटव, महेंद्र पुजारी, मोनू प्रजापत, लक्ष्मण धाकड़, राजकुमार, अमित मंगल सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के भी नारे लगाए गए।

# परिसीमन और वार्ड नव गठन में आमजन के हितों का रखे ध्यान

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने नायब तहसीलदार साहवा को दिया ज्ञापन, कुछ प्रभावशाली लोगों पर वार्ड गठन में मनमर्जी करने का लगाया आरोप



बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** नव गठित नगरपालिका साहवा के परिसीमन और वार्डो के नव गठन में कुछ प्रभावशाली लोगों के हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार साहवा को ज्ञापन देकर नगरपालिका क्षेत्र का परिसीमन और वार्डों का नव गठन आमजन की सुविधा अनुसार करवाए जाने की मांग की। गुरुवार को नायब तहसीलदार साहवा को दिए ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि नव गठित नगरपालिका साहवा के परिसीमन और वार्ड नव गठन के आदेश बुधवार को जारी हुए। जिसके अनुसार नगर निकाय के वार्डो के परिसीमन के लिए कमेटी बनाई गई है जो उपखंड अधिकारी को अपनी रिपोर्ट देगी। लेकिन वार्डो के परिसीमन और गठन में कुछ प्रभावशाली लोगो के हस्तक्षेप से वार्डो का गठन किया जा रहा है जिसको लेकर आमजन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में भी रोष व्याप्त है। ज्ञापन में लिखा कि प्रशासन प्रभावशाली लोगों के दबाव में ना आकर किसी व्यक्ति विशेष की सुविधा की बजाय कस्बे के आमजन के हित में परिसीमन और वार्डो का नव गठन करें ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर फायदा मिल सके। ज्ञापन देने वालो में साहवा मंडल महामंत्री नवल किशोर दुदानी, महेंद्र खान कुम्हार, महेंद्र सरावगी, रघुवीर पारीक, वासुदेव नाई, सुभाष समरसोत, रिंकू सैनी, प्रमोद उपाध्यय, सैंडी पारीक, प्रभु सांडेला, घनश्याम शर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फेमफोर्स सोसायटी ने विद्यालय को लिया गोद, होगा सर्वांगिण विकास

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** फेमफोर्स मितवा सोसाइटी ने डबोक स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बामनीय खेत उदयपुर को गोद लिया। अब उस विद्यालय का सर्वांगिण विकास होगा। क्लब की संरक्षक तृप्ति मोदी ने बताया कि सामाजिक कार्यो की तरफ आगे बताते हुए एक बड़ा कार्य हाथ में लिया है। स्कूल में बच्चों को साफ और स्वच्छ पानी के लिए क्लब ने आरओ लगवाया। क्लब अध्यक्ष उमा अग्रवाल, सचिव नेहा पोरवाल एवम सृष्टि लोढ़ा ने आगे भी स्कूल की जरूरतों को समय समय पर पूरा करने का निश्चय किया है। सामाजिक और मनोरंजन कार्य यही फेमफोर्स क्लब का सिद्धांत है।

# दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस कल से

## खनन उत्कृष्टता केन्द्र निरन्तर सुधार एवं असेट ऑप्टीमाइजेशन पर होगी सेमिनार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, राजस्थान चैप्टर उदयपुर एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में खनन उत्कृष्टता केन्द्र (निरन्तर सुधार एवं असेट ऑप्टीमाइजेशन) विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 26 व 27 अप्रेल को रामी रॉयल रिसोर्ट में किया जा रहा है। इस कॉन्फ्रेंस में देश विदेश चाईना, साउथ अफ्रीका. जांबिया, ऑस्ट्रेलिया, पेरू, कॉलबिया एवं आबुधाबी आदि के खनन विशेषज्ञ भू-वैज्ञानिक भाग ले कर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। देश के लगभग 15 राज्यों से भी खनि अभियंता एवं भू वैज्ञानिक अपना शीघ्र प्रस्तुत करेंगें। इस सन्दर्भ में आज माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उदयपुर चेपटर द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें उपरोक्त जानकारी देते हुए चेप्टर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि एक राष्ट्रीय संगठन है जिसके देश एवं विदेश में 6000 से अधिक सदस्य है तथा भारत में 27 शाखाएँ है जिनमें से 3 शाखाएँ राजस्थान में उदयपुर, जोधपुर व जयपुर में है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में यह अयस्क ग्रेड में कमी, उथले खनिज




भडारी का अत्यधिक दोहन, नई खोजों में देरी, गहरे महारी के खनन की विशिष्ट तकनीकी आवश्यकताओं, खदान से मिल या गड्ढे से बंदरगाह तक कई मुद्दों का प्रबंधन मामूली घातु और उप-उत्पाद की वसूली सुनिश्चित करना, मूल्य संवर्धन और अपशिष्ट का उपयोग, भू-तकनीकी मुद्दे, पर्यावरण संबंधी चिंताएँ, कुशल पेशेवरों की कमी, सामग्री आपूर्ति में रुकावटें और इसी तरह की अन्य चुनौतियों का सामना कर रहा है। एमईएआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण कोठारी ने बताया कि इस संगोष्ठी में खनन अन्वेषण, उत्खनन पर्यावरण, रिसोर्स मोडलिंग एवं रिर्जव रिसॉस,इन्चेन्द्री मेनेजमेन्ट का टेक्नीकल सोल्युशन, स्वचालन, कृत्रिम बुद्धि,एवं रोबोटिक्स का खनन उधोग में उमग्रीग, इंटरनेट ऑफ थिंग, ओटोमेटेड ड्रोन, 3डी प्रिटींग एवं विद्युत चलित वाहनो का उपयोग वेस्ट से वैल्थ की तरफ, उत्पादकता एवं उपकरणो का पूर्ण दक्षता से उपयोग, खनन की लागत को कम करना, नवाचार एवं उच्च तकनीकी में कानुन का महत्व, खनन क्षेत्र में ट्रेनिंग एवं स्कील्ड डवलपमेंट आदि विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किये जायेगे। जिसका सीधा सीधा लाभ इस क्षेत्र में कार्य करने वाले इंजीनियरो, उधोगपतियों के साथ इस उद्योग में कार्य करने वालो के रोजगार के अवसर बढ़ेगे। इस अवसर प्रो. एस.एस. राठौड़ ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य खनन उद्योग की जटिल समस्याओं को हल करने तथा निस्तर सुधार और परिसंपत्ति अनुकूलन के माध्यम से इसकी दक्षता लाभप्रदता और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लाभों पर खुले विचार-विमर्श को बढ़ावा देना है। यह भारत और दुनिया भर के महत्वपूर्ण हितधारकों यानी नीति निर्माताओं, प्रबंधकों, इंजीनियरों, उद्यमियों, नियामक निकायों, भू-वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों के बीच विचारों और चर्चाओं के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान करेगा। चेप्टर सचिव आसिफ अंसारी ने बताया कि गंडार और संसाधनों की खोज और रिपोर्टिंग में नवाचार, नए युग के खनिज और उनका रणनीतिक महत्व,सुरक्षा और पर्यावरण में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, रणनीतिक खदान डिजाइन और मूल्य अनुकूलन,ड्रिल और ब्लास्ट, खदान विकास और स्टॉपिंग सहित खनन में उत्कृष्टता, खनन में स्वचालन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और रोबोटिक्स के उपयोग,खनन और बेंचमार्क प्रथाओं में टीएमएम, अपशिष्ट से धनके लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग पर शोधपत्र प्रस्तुत किये जायेंगे। इस अवसर पर पुरू देश के अम्बेसडर जेवियर मेन्यूअल जो कि प्राकृतिक संसाधनो के अन्वेषण एवं दोहन विशेषज्ञ है, इस अवसर पर एक विशिष्ट तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर अपनी भागीदारी प्रस्तुत कर इस कॉन्फ्रेंस की शोभा शोभा बढायेंगे। इस सेमिनार में विषय विशेषज्ञों के साथ साथ खनन उधोग से जुड़े हुए 400 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। विश्वास है कि यह सेमिनार खनन उघोग में नवाचार एवं आधुनिक तकनीक द्वारा अमूलचूल परिवर्तन कर खनिज दोहन, निर्गमन, बेनिफिशियशन, पर्यावरण संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पी एन शर्मा, महानियंत्रक भारतीय खान ब्युरो, नागपुर होगे तथा विशिष्ट अतिथि प्रबन्ध निदेशक खान विभाग भगवती प्रसाद कलाल, जिला कलेक्टर नमित मेहता, निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग दीपक तंवर एवं हिजिंलि के सीईओ अरुण मिश्रा, होगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एन माथुर, अध्यक्ष, एमईएआई एवं कीनोट स्पीकर रादे शर्मा आबुधाबी प्रस्तुत करगें। दो दिवसीय सेमिनार में विषय विशेषज्ञों द्वारा तीन तकनीकी सत्र में लगभग 25 पत्रो का वाचन किया जायेगा। कॉन्फ्रेंस का समापन दिनाक 27 अप्रेल को होगा।

# आबकारी थाना प्रागपुरा की पुलिस अभिरक्षा से आरोपी को छुड़ाकर ले जाने वाले 06 आरोपी गिरफ्तार

## अवैध शराब सहित जेपी योगी को किया गया था डिटेन, आरोपी आबकारी थाना प्रागपुरा के पुलिस जाप्ता के साथ मारपीट कर छुड़ा ले गये थे डिटेनशुदा आरोपी को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला पुलिस कप्तान राजन दुष्यन्त ने प्रेस को जानकारी दी कि 22 अप्रैल को आबकारी पुलिस थाना प्रागपुरा में अवैध शराब रखने के आरोप में डिटेनशुदा आरोपी को 6-7 गाड़ियों में सवार होकर आये बदमाशो द्वारा आबकारी पुलिस थाना प्रागपुरा में घुसकर पुलिस जाप्ते के साथ मारपीट कर डिटेनशुदा आरोपी को छुड़ाकर ले जाने सम्बन्धित सूचना प्राप्त हुई। घटनाक्रम के सम्बन्ध में पदम सिंह जमादार आबकारी पुलिस थाना प्रागपुरा द्वारा थाना प्रागपुरा पर तहरीर पेश की गई है। जिस पर प्रकरण संख्या 139/25 दर्ज कर आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया। 23 अप्रैल को गठित टीम द्वारा कुल 06 आरोपियो अशोक कुमार गुर्जर, धर्मपाल, भारत शर्मा, राजवीर यादव, मोहन सैनी, अभिषेक उर्फ पहलवान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



आरोपियो से अनुसंधान व अन्य आरोपियान की तलाश जारी है।

घटनाक्रम का विवरण: पदम सिंह (50) पुत्र रेवत सिंह राजपुत निवासी समर्तपुरा एसपी खण्डेला जिला सीकर हाल जमादार आबकारी थाना प्रागपुरा ने मय लक्ष्मण सिपाही, पतराम सिपाही, जगदीश जमादार, भुपसिंह यादव सिपाही के साथ उपस्थित थाना होकर एक तहरीर रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि 22 अप्रैल को आबकारी थाना प्रागपुरा से समय 5.30 पीएम पर प्राईवेट वाहन आरजे14 एक्ससी 4913 से मय जाप्ता पदम सिंह जमादार, जगदीश प्रसाद जमादार, पतराम सिपाही, लक्ष्मण सिंह सिपाही रेड गश्त करते हुये जा रहे थे, जरिये मुखबीर गुप्त सुचना मिली जेपी योगी नाम का आदमी ढाढा तिराहा गोशाला के पास अवैध शराब बिक्री कर रहा है। मुखबीर सूचना सही मान सांकेतिक स्थान पहुंचे तो एक आदमी अपने सामने गत्ता कार्टुन लिये बैठा नजर आया और वो जाप्ता गाडी से उतरता देख भागने लगा जिसको पतराम सिपाही व जाप्ते की मदद से घेरकर पकडा तो वहां पर काफी भीड़ एकत्रित होने लगी और कंधे पर ईपीएफ लिखा देख पब्लिक नकली पुलिस बोलकर जोर जोर से हल्ला करने लगी। जिससे खतरा महसुस कर मुलजिम को गाडी में बैठाकर थाना हाजा पर करीब 8 पीएम के आसपास पहुंचे तो विधायक साहब कोटपुतली के लड़के का फोन पदम सिंह जमादार के फोन पर आया। बातचीत करते समय सिपाही पतराम ने पुछा कि किसका फोन है। मैने बोला विधायक साहब के लड़के पंकज पटेल का फोन है। तब सिपाही पतराम ने कहा कि मैं इनको जानता हूं तब इनकी बात करवायी बातचीत के दौरान पंकज पटेल सिपाही पतराम को फोन पर गाली गलौच किया, तब मैंने फोन लेकर बातचीत करना शुरु की। तब पंकज पटेल ने मुझे ट्रांसफर की धमकी दी और गाली गलौच की और 10-15 मिनट में थाने पर आने की धमकी दी। कुछ देर बाद थाने के सामने 7-8 गाडिया आकर रुकी जिनसे 40-50 लोग उतरे व थाने में घुसकर जाप्ते का फोन छीना मारपीट करने लगे व मैं पदम सिंह जमादार मारपीट करते देख साईड से निकल पर पुलिस थाना प्रागपुरा आया। वहां आकर जाप्ता मांगा तब पुलिस जाप्ता वहां पहुंचा।

# पहलगांव आतंकी हमले का विरोध, दो मिनट का मौन रखा



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरूवार की शाम नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में हिंदू समुदाय के सैकड़ों लोगों ने विशाल बाईक रेली का आयोजन कर आक्रोश जताया। सर्व प्रथम प्रागपुरा कस्बे के सुभाष चौक स्थित मुख्य बाजार से युवाओं ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू की ओर बाईक रेली निकालते हुए पावटा के सुभाष चौक पहुंचे। जहां जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विराटनगर विधायक कुलदीप के नेतृत्व में सभा का आयोजन कर इस आतंकी घटना पर जमकर भड़ास निकाली गई। सांसद राव राजेन्द्र ने कहा कि यह हमला मानवता के साथ-साथ देश की शांति और एकता पर भी हमला है। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने भी पीडति परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। धनकड़ ने कहा कि आतंकवादियों के कायराना कृत्यों से हम डरने वाले नहीं हैं। साथ हि मारे गए पर्यटकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश कल्ला, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, बद्री चौहान, सीए कृष्ण सैनी, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, मोहनलाल सैनी, वाइस चेरमेन नरपत सिंह शेखावत समेत अन्य लोगों ने जनसभा को सम्बोधित किया और आतंकवादियों के इस कायराना हमले की निंदा करते हुए भारत सरकार से ठोस और निर्णायक कार्यवाही की पुरजोर मांग की। इस दौरान बजरंग दल प्रखंड संयोजक रूप सिंह, युवा नेता नरेश स्वामी, हरिद्वारी लाल स्वामी, मदन लाल सैनी, कैलाश चंद, रणजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# परशुराम जन्मोत्सव, शोभायात्रा के लिय गणेश जी को निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** भगवान श्री परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में पूजन, अर्चना एवं वाहन रैली, शोभायात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ब्राह्मण महासभा पावटा की कार्यकारिणी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम निर्विघ्न सपन्न हो इसके लिए गणेश जी को पीले चावल चढा कर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। वही ब्राह्मण महासभा पावटा के पदाधिकारियों द्वारा समाज के लोगों को घर जाकर पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया जा रहा है। भगवान परशुराम जयंती समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां भी जोरों से की जा रही हैं। गुरुवार से प्रारंभ हुए आमंत्रण पत्र वितरण व पीले चावल देने का सिलसिला समारोह आयोजन के पूर्व तक जारी रहेगा। ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष अमरनाथ पटेल व तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा उपाध्यक्ष गजानंद बोहरा ने बताया



कि भगवान श्री परशुराम जयंती समारोह बडी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। पिछले दिनों बैठक आयोजित कर रूपरेखा तय की गई थी। जिसके अनुसार आयोजन को भव्य बनाने के परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम निर्विघ्न सपन्न हो इसके लिए गणेश जी को पीले चावल चढ़ाकर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। लिए कार्य किया जा रहा है। समारोह में शामिल होने के लिए समाज बंधुओं को आमंत्रण पत्र व पीले चावल देकर आमंत्रित करना प्रारंभ किया गया। वही पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पूर्व महामंत्री विष्णु पटेल, संरक्षक सुरेश शर्मा, दिनेश शर्मा, ओमप्रकाश गौड, राजेंद्र शर्मा, जगदीश शर्मा ने बताया कि अब गाँव-गाँव पीले चावल व पोस्टर बांटे जाएंगे और विप्रबंधुओं को भी कार्यक्रम के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। आगामी 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा, जीवंत झांकी सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। शोभायात्रा आदर्श रामलीला मैदान पावटा से रवाना होकर पावटा कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस आदर्श रामलीला मैदान पावटा पर पहुंच कर भगवान परशुराम की महाआरती के साथ संपन्न होगी।

# सरपंच करमचंद नैण चेयरमैन, उप सरपंच नौरंगलाल सैनी वॉइस चेयरमैन नियुक्त

- नवगठित साहवा नगरपालिका की अधिसूचना हुई जारी, स्वायत्त शासन विभाग ने बुधवार को जारी किए आदेश
- भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे की ग्राम पंचायत के नगरपालिका बनने की अधिसूचना जारी होने के साथ ही निर्वाचित सरपंच अब नवगठित नगरपालिका के चेयरमैन होंगे तथा उप सरपंच वॉइस चेयरमैन सहित सभी 22 वार्ड पंच अब पार्षद बन गए। राज्य सरकार की ओर से स्वायत्त शासन विभाग ने ग्राम पंचायत साहवा को नगर निकाय के रूप में अधिसूचित किया है। स्वायत शासन विभाग की ओर से बुधवार जारी हुए आदेश में साहवा को नगरपालिका बनाने की अधिसूचना जारी की गई जिसमें सरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों को क्रमश: अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षद नियुक्त किया गया। ग्राम पंचायत साहवा के निर्वाचित सरपंच करमचंद नैण को नई नगरपालिका साहवा का



चेयरमैन तथा उप सरपंच नौरंगलाल सैनी को वॉइस चेयरमैन पद पर नियुक्त करने की अधिसूचना पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का आभार जताया।

भाजपाइयों ने कहा कि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की अनुशंसा पर इस वर्ष के बजट में साहवा को नगरपालिका बनाने की सौगात मिली, जिसकी



बुधवार को अधिसूचना जारी हो गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त नगरपालिका अध्यक्ष करमचंद नैण को मिठाई खिलाकर स्वागत किया तथा चेयरमैन बनने की बधाई दी। विदित रहे बुधवार को राज्य सरकार के अधिसूचना आदेशानुसार जहां सरपंच कर्मचंद नैण साहवा नगरपालिका के अध्यक्ष होंगे वहीं उप सरपंच नोरंगलाल सैनी पालिका के उपाध्यक्ष होंगे। पंचायत के निर्वाचित सभी पंच अब वार्ड सदस्य अर्थात पार्षद होंगे। नगर पालिका बनने की अधिसूचना जारी होने पर युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी महेंद्र खान कुम्हार, भाजपा साहवा मंडल महामंत्री नवल किशोर दुदानी, एडवोकेट हजारीराम सैनी, भाजपा नेता कृष्णलाल बोहरा, सुभाष समरसोत, प्रमोद उपाध्यय, रामावतार जोशी, एडवोकेट अंकित शर्मा, युवा भाजपा नेता रघुवीर पारीक, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पारीक, दुर्गेश उपाध्याय, मोहनलाल स्वामी, मंगेजसिंह बालापोता, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता वासुदेव नई, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता केसरीचंद धुंधावत, मोहनलाल कस्वां, सावरसिंह शेखावत, युवा भाजपा कार्यकर्ता राकेश सैनी, सैंडी पारीक, विनोद कुमार भांभू धीरवास बड़ा, पीटीआई रामसिंह माहिच, सारायण सरपंच निर्मल नाथ योगी, रोहित सैन, मुकेश गुरुडा, विजय उपाध्याय, भंवरलाल स्वामी, ऑल इंडिया पारीक महासभा प्रवक्ता विद्याधर पारीक, राजेन्द्र लिखाला, आनंदसिंह शेखावत, घनश्याम शर्मा, रामस्वरूप जोशी, नरेंद्र गहनोलिया, मदनलाल रैगर, रोहिताश वाल्मीकि, रावतमाल पंचारिया, रिंकू सैनी, गिरधारी लमानी, विनोद गिल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं नव नियुक्त चेयरमैन करमचंद नैण, वॉइस चेयरमैन नौरंगलाल सैनी और वार्ड पार्षदो ने भी अपनी नियुक्ति पर राठौड़ का आभार जताया।




# ब्राह्मण महासंघ पोस्टर का किया विमोचन

## वेद प्रकाश उपाध्याय को ब्राह्मण महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुरबालाजी।** आस्था धाम बाईपास टोडाभीम रोड सूर्य महल गार्डन में भरतपुर संभाग स्तरीय ब्राह्मण महासभा की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिसमें भरतपुर, दौसा, धौलपुर करौली, सवाई माधोपुर जिले से सैकड़ो विप्र बंधुओ ने भाग लिया। ब्राह्मण महासभा की बैठक आयोजित करने से पूर्व ब्राह्मणों के आराध्य देव परशुराम भगवान की प्रतिमा के आगे ध्रुव घटा करौली से आए संत हरेंद्र दास जी महाराज, पूर्व सांसद भरतपुर पंडित रामकिशन शर्मा, वेद प्रकाश उपाध्याय करौली, सत्येंद्र शर्मा मेहंदीपुर बालाजी के द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया। दीप प्रज्वलित करने के साथ ही परशुराम भगवान के जयकारे गूंज उठे। ब्राह्मण एकता जिंदाबाद के नारे लगाएं। ब्राह्मण महासभा में ब्राह्मण महासंघ पोस्टर का विमोचन भी किया गया। समाज सुधार को लेकरअन्य जिलों से आए ब्राह्मण समाज के वक्ताओं के द्वारा समाज सुधार पर अपने-अपने सुझाव दिए गए। ब्राह्मण महासभा में विप्रो का राम नाम का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया। वेद प्रकाश उपाध्याय करौली को सर्वसम्मति सेब्राह्मण महासंघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया जिस पर सभी ने नए अध्यक्ष का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। परशुराम सेवा संस्थान टोडाभीम के द्वारा मंच से विप्र समाज का तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन टोडाभीम में कराने की घोषणा की।

# जेसीबी से सड़क खोदकर केबल चोरी कर रही गैंग

## सेंट्रल जेल के सामने 1.5 करोड़ की टेलीफोन केबल निकाली

### कंपनी के सुपरवाइजर समेत चार गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से सड़क खोदकर बीएसएनएल की केबल चोरी करने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन बदमाशों के पास से एक जेसीबी मशीन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। बदमाशों से पुलिस ने करीब 1.5 करोड़ रुपए के तांबे की केबल बरामद किया है। इन शातिर बदमाशों की गैंग ने जेसीबी मशीन से सड़क खोदकर बीएसएनएल की भूमिगत टेलीफोन केबल ही उखाड़ ली। जिससे इलाके की संचार व्यवस्था को ठप कर दिया था। पकड़े गए बदमाशों में एक बदमाश जीसीसी कंपनी में सुपरवाइजर है। जीसीसी कंपनी ने सेंट्रल जेल के आसपास सीवर लाइन का ठेका ले रखा था। कंपनी का सुपरवाइजर मास्टरमाइंड आरोपी सीवर लाइन डालने के दौरान भूमिगत केबल चोरी कर रहा था। पुलिस ने बदमाशों से करीब 1.5 करोड़ रुपए के तांबे की केबल बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि लाल कोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से सड़क खोदकर बीएसएनएल की केबल चोरी करने वाले आरोपी बाबूलाल बैरवा (31) निवासी मूलतः रामपुरा कला राहुवास दौसा हाल सांभरिया रोड कानोता, रामस्वरूप बैरवा (38) निवासी पुरोहितों का बास काल पहाड़ी दौसा, मुकेश नायक (21) निवासी आसरलाई जैतारण पाली, रिंकू (38) निवासी दयानंद नगर झालाना डूंगरी गांधी नगर एवं नासिर खान (21) निवासी झंझार सीकरी डीग को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी (पुलिस उप निरीक्षक) बन्नालाल ने बताया कि 23 अप्रैल को राजेश सक्सेना (57) कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी बीएसएनएल ने मामला दर्ज करवाया था कि भारत संचार निगम लिमिटेड जयपुर के द्वारा सांगानेरी गेट दूरभाष केन्द्र से आगरा रोड घाटगेट और अजमेरी गेट एवं इसके आसपास के क्षेत्र में तांबे की भूमिगत केबल डाली हुई है। इससे इंटरनेट और अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। 23 अप्रैल को घाटगेट से गोविंद मार्ग श्मशान चौराहा, जनता कॉलोनी और आदर्श नगर क्षेत्र की सभी टेलिफोन सेवा ठप हो गई है। मौके पर जाकर देखा तो पता चला कि सेंट्रल जेल के सामने से घाटगेट तक और घाटगेट से श्मशान घाट चौराहा तक जाने वाले केबल रूट पर गड्ढे किए हुए हैं। टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की तो 800 पेयर की 3 केबल गायब मिली। इस पर पुलिस ने टीम गठित की मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल बदमाशों को डिटेन कर उनके पास से एक जेसीबी और कुछ उपकरण जब्त किए। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# आमजन को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए पेयजल, विद्युत् आपूर्ति, मानव एवं पशु स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुचारु रखें: मुख्य सचिव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन के लिए आवश्यक बिजली, पानी, स्वास्थ्य एवं अन्य आधारभूत सेवाओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के समस्त विभाग इस दौरान आमजन को होने वाली संभावित परेशानियों से बचाने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करें।

पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में ग्रीष्म ऋतु में प्रदेश में जलापूर्ति, समर कंटिन्जेंसी प्लान की प्रगति एवं अन्य अन्तर्विभागीय विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समर कंटिन्जेंसी के कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए, जिससे इन कार्यों का अधिकतम लाभ आमजन को मिल सके। किसी भी तरह की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर सम्बंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्यवाही को सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में उन्होंने सभी कार्मिकों की कार्यस्थलों पर उपस्थिति को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कंट्रोल रूम चौबीसों घण्टे कार्यशील रहे एवं प्राप्त शिकायतों का सम्बंधित विभाग द्वारा त्वरित निस्तारण किया जाए। पंत ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सभी जिला प्रभारी अधिकारियों को 30 अप्रैल से पूर्व अपने जिलों का दौरा करने निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग को लू एवं तापघात की स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सालयों में उपचार के लिए आवश्यक सभी सेवाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पशुपालन विभाग को गौशालाओं में पर्याप्त चारे एवं पानी की व्यवस्था के साथ ही समय पर अनुदान राशि प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पशु चिकित्सालयों में सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाये।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी भास्कर ए सावंत ने कहा कि प्रदेश के समस्त 41 जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों हेतु 142.36 करोड रुपये के 1,245 कार्य स्वीकृत करवाये गये हैं, इनमें से 672 कार्य प्रारम्भ कर दिए गए हैं एवं 157 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये जल गुणवत्ता जांच के नमूने लिये जाकर लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही राज्य एवं जिला स्तर पर पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा आनंद कुमार ने कहा कि लू एवं तापाघात की स्थिति को देखते हुए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गए हैं। जिला कलेक्टरों को आवश्यकतानुसार विद्यालयों के समय परिवर्तन हेतु निर्देश दिये गए हैं। मनरेगा में श्रमिकों हेतु छाया-पानी के आवश्यक प्रबंधन एवं समय परिवर्तन के लिए भी दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिला स्तर पर लू एवं तापाघात प्रभावितों के सहायता हेतु



नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गयें हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया कि विभाग द्वारा लू एवं तापाघात के मरीजों हेतु आईसीयू में बेड आरक्षित रखने एवं दवाइयों की समुचित मात्रा में उपलब्धता के निर्देश जारी किये गए है। सभी संस्थानों में सुचारू विद्युत आपूर्ति तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। डिस्कॉम्स अध्यक्ष आरती डोगरा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान होने वाली अधिक विद्युत खपत के प्रबंधन हेतु आवश्यकतानुसार बिजली क्रय की जा रही है। विभाग द्वारा पीएचईडी के लम्बित विद्युत कनेक्शनों को प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जा रहा है। शासन सचिव, पशुपालन समित शर्मा ने कहा कि सभी पशु चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को फील्ड में रहने एवं नगर निकायों को बेसहारा पशुओं के लिये छाया-पानी के आवश्यक प्रबंधन हेतु निर्देश जारी किये गए है। प्रबंध निदेशक, आर.सी.डी.एफ श्रुति भरद्वाज ने बताया कि गर्मी में दूध की आपूर्ति घट जाती है, इसे बढ़ाने हेतु पशुपालकों से अधिकाधिक दुग्ध संग्रहण के प्रयास किये जा रहे हैं।

### पहलगाम आतंकी हमला मामला

# जयपुर वासियों ने स्टैच्यू सर्किल पर एकत्र होकर की शोक सभा और कैंडल मार्च

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए छब्बीस निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए जयपुर के नागरिकों ने स्टैच्यू सर्कल पर एकत्र होकर शोक सभा और कैंडल मार्च का आयोजन किया। इस हृदय विदारक हमले में मारे गए अधिकतर लोग हिंदू समुदाय से थे।

शोक सभा के दौरान उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों से लोग शामिल हुए। जिन्होंने आतंकवाद के प्रति अपना आक्रोश प्रकट करते हुए नारेबाजी भी की।

इस मौन सभा में करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष किर्ति राठौड़, राजस्थान हाई कोर्ट के एडवोकेट शशांक शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता सुशील यादव, अनिता माथुर, जैन समुदाय से बसंत जैन, बैराठी सहित कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया।

करणी सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष किर्ति राठौड़ ने बताया कि हिन्दुओ के खून के बदले खून की मांग उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वह आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुएर एयर स्ट्राइक के माध्यम से इसका माकूल जवाब दें। उन्होंने कहा हमें एकजुट होकर इस जिहादी मानसिकता का मुकाबला करना होगा। जो समाज को तोड़ना और नष्ट करना चाहती है।




क्षत्रिय सदैव समाज की रक्षा के लिए लड़े हैं। यदि सरकार इस तरह के जघन्य कृत्यों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहती है, और कठोर कदम नहीं उठती है, तो करणी सेना सड़कों पर उतरकर जवाब देगी।

उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे उनकी दृढ़ संकल्प की भावना झलकती थी। राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट शशांक शर्मा ने आंतरिक मिलीभगत की आशंका जताते हुए कहा कि यह हमला हिंदुत्व को कमजोर करने की साजिश है सरकार को इसका करारा जवाब देना चाहिए। इस तरह का बड़ा हमला और बिना स्थानीय मदद और आंतरिक मदद के संभव नहीं हो सकता। यह हमला हिंदुत्व को कमजोर करने की साजिश है अगर एक प्रतिशत लोग भी ऐसे राष्ट्र-विरोधी तत्वों को पनाह देते हैं तो उनकी संख्या हमारी सशस्त्र सेनाओं से अधिक हो सकती है और वे हमारी सेना के लिए चुनौती बन सकते हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अन्यथा हिंदुओं पर हमले जारी रहेंगे। हमें उन लोगों की पहचान करनी होगी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। जो आतंकवादियों की मदद कर रहे हैं, वरना हिंदुओं पर ऐसे हमले जारी रहेंगे।

# बीसीएमओ ने मौसमी बीमारियों, लू-तापघात हीटवेब को देखते हुये विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण

### व्यवस्थाओं की जाँच कर दिये निर्देश, पक्षियों के लिये लगाये पानी के परिन्डे



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली। ( बिल्लूराम सैनी )।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने मौसमी बीमारियों, लू-तापघात हीटवेब को देखते हुए आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नागाजी की गौर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बखराना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिमनपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से बातचीत कर कुशलक्षेम पूछी। वार्डो में मरीजों के लिये पंखा, वॉटर कूलर, एयर कूलर, बिजली, पानी, मरीजों के बैठने की माकूल व्यवस्था की जाँच की। साथ ही एमएनडीवाई स्टोर की जांच करते हुये पर्याप्त दवाईयों के स्टॉक की जानकारी लेते हुए फायर मॉक ड्रिल करने के निर्देश प्रदान किये। साथ ही मरीजों एवं परिजनों से बीसीएमओ ने कहा कि नंगे पैर बाहर ना निकले, उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचे और बासी भोजन ना खायें, दोपहर में बाहर निकलने पर ज्यादा मेहनत करने वाली गतिविधियों से बचे, धूप में बाहर निकलने से बचे, खासकर दोपहर 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर ना निकलें। बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए गए वाहन में ना छोड़े। वाहन के अन्दर का तापमान खतरनाक स्थिति में हो सकता है। अत्यधिक गर्मी के दौरान खाना पकाने से बचे। खाना पकाने के क्षेत्र में पर्याप्त रूप से हवादार करने के लिये दरवाजे और खिड़किया खोले। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय या अधिक मात्रा में चीनी वाले पेय से बचें, क्योकि ये वास्तव में शरीर के अधिक तरल पदार्थ को खो देते है या पेट में ऐंठन पैदा कर सकते है।

पक्षियों के लिये लगाये परिन्डे: बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने पर्यावरण परिवर्तन को देखते हुये शहरी पीएचसी नागाजी की गौर, पीएचसी बखराना व चिमनपुरा में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिये वृक्षों पर 15 परिंडे लगाये। इस प्रकार ब्लॉक कोटपूतली में गुरूवार को चिकित्सा संस्थानों पर करीब 275 परिंडे लगाये गये। साथ ही समस्त स्टॉफ को अपने मकानों की छतों, वृक्षों पर परिंडे लगाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि बेजुबानों को गर्मी से राहत मिल सकें। इस दौरान बीपीओ विजय तिवाड़ी, महेन्द्र स्वामी, लालचन्द यादव, सुबेदार सिंह, लालचन्द गुर्जर, सुनील, नरेश शर्मा, अभिमन्यू यादव, संजय वर्मा, विनोद सैनी, अनिल चेडवाल समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

# कश्मीर हमले पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन

### पाकिस्तान से व्यापार बंद करने की हुई बात

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर देशभर में रोष है। वहीं अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने भी हमले की निंदा करते हुए जयपुर में विरोध-प्रदर्शन किया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने इसको कश्मीर का नहीं, बल्कि पूरे देश की सुरक्षा का मामला बताया।

गुप्ता ने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है। यह राष्ट्र पर हमला है। ऐसे में हमें कड़े फैसले लेने होंगे, नहीं तो आतंकी ताकतों के हौसले बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि देश एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब दे।

## रक्षा और गृहमंत्री को देंगे ज्ञापन:

उन्होंने बताया कि देश के रक्षा मंत्री और गृहमंत्री से भेंट करेंगे और उन्हें जनभावनाओं से अवगत कराएंगे। साथ ही वे ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होने कहा कि पाकिस्तान से व्यापारिक संबंधों रोक लगानी चाहिए। यदि व्यापार आवश्यक हो तो उस पर इतना अधिक टैक्स लगाया जाए कि पाकिस्तान को कोई आर्थिक लाभ न मिल सके। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध ठोसएक्शन प्लान बनाकर तत्काल अमल में लाया जाए।

वहीं परिषद का मानना है कि वक्त आ गया है जब भारत को राष्ट्रहित में कठोर कदम उठाने चाहिए। डॉ. गुप्ता ने बताया कि निंदा नहीं, अब कार्रवाई चाहिए।

वहीं विरोध-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। हाथों में तख्तियां लेकर 'आतंकवाद मुर्दाबाद', 'पाकिस्तान से व्यापार बंद करो' के नारे लगाए।

# ऑटो चालक ने भागा महिला का मंगलसूत्र

जयपुर। वैशाली नगर थाना इलाके में ऑटो चालक ने महिला यात्री का मंगलसूत्र पार कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार दीपविहार कॉलोनी निवासी सुमित्रा साहू ने मामला दर्ज करवाया कि उसने खातीपुरा तिराहे से घर जाने के लिए ऑटो किया। ऑटो चालक कुछ दूर जाने के बाद वापस ऑटो स्टेशन की तरफ मुड़ गया और बोला की वह आगे नहीं जाएगा, वहां पर पुलिस है। इसके बाद आरोपी ने महिला को उतार दिया और वहां से चला गया। इसी दौरान जब महिला ने मंगलसूत्र संभाला तो वह नहीं मिला। इस पर पीड़िता ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया।


# जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी से ही बाल विवाह की कड़ी तोड़ना संभव : कुलदीप रांका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष कुलदीप रांका ने कहा कि बाल विवाह केवल सामाजिक कुरीति ही नहीं बल्कि मानवता के लिए भी गंभीर समस्या है। जब तक समाज में महिलाओं के लिए समानता और समता का अधिकार नहीं मिलेगा तब तक राष्ट्र सही मायनों में विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी से बाल विवाह की कड़ी को तोड़ना संभव है।

रांका गुरुवार को इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान के सभामार में राजस्थान राज्य बाल संरक्षण आयोग एवं बाल अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित बाल अधिकार एवं संरक्षण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाल विवाह संपूर्ण विश्व के लिए कितनी बड़ी समस्या है इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पूरी दुनिया के 45 फीसद बाल विवाह साउथ एशिया में होते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2030 तक पूरे विश्व को बाल विवाह से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि हालांकि प्रदेश में पिछले एक दशक में बाल विवाह के मामलों में जबरदस्त गिरावट देखी गई है। जहां प्रदेश पहले पायदान पर आता था, वहीं अब छठे स्थान पर आता है लेकिन यह संतोष की बात नहीं है। आमजन से लेकर लोकसेवक सभी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए बाल विवाह की कड़ी को तोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आने वाली अक्षय तृतीया और पीपल पूर्णिमा पर राज्य में बाल विवाह की परंपरा रही है। खासतौर पर गांवों में प्रभावशाली लोगों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के सहयोग से लोगों से संवाद करके उन्हें जागरूक करें। सोशल मीडिया, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, आपसी संवाद हर वह तरीका अपनाएं जिससे इस कुरीति पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने इस दौरान सभागर में उपस्थित लोगों को 'बाल विवाह मुक्त राजस्थान' की शपथ भी दिलाई। आयुक्त, बाल अधिकारिता विभाग बचनेश अग्रवाल ने कहा कि विश्व की आबादी की 40 प्रतिशत जनसंख्या 18 वर्ष से कम उम्र की है। यह उम्र सपनों में रंग भरने की होती है। इसी दौरान यदि बच्चों का बाल विवाह हो जाता है तो उनके सपने बेरंग हो जाते हैं।

राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण के सदस्य सचिव अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि इस कुरीति के अंत के लिए समाज की सोच में बदलाव होना बेहद जरूरी है। हमें लड़के और लड़कियों में समानता की सोच रखनी होगी। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक और शारीरिक विकास पर समान रूप से ध्यान देना होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पल्लवी शर्मा ने बाल विवाह से जुड़े कानूनों के बारे में विस्तार और कानूनों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया।



इस दौरान यूनिसेफ राजस्थान के बाल संरक्षण विशेषज्ञ संजय निराला और यूएनएफपीए के स्टेट हैड दीपेश गुप्ता ने प्रदेश भर में चल रहे विशेष अभियानों और शोधों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान प्रदेश में बाल विवाह के क्षेत्र में परिदृश्य बदल सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उन विकसित राज्यों में से एक है जिसने देश में सबसे पहले गर्ल चाइल्ड पॉलिसी बनाई, बाल अधिकारों के लिए अलग से विभाग बनाया।

राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के अंतिम सत्र में बाल आयोग के सदस्यगण श्रीमती संगीता गर्ग, ध्रुव कुमार चारण तथा धनपत राज गुर्जर के साथ शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा आयुक्त, बाल अधिकारिता विभाग मंच पर उपस्थित रहे ।

उक्त सत्र के अंतर्गत कार्यशाला में उपस्थित आगंतुको तथा आयोग सदस्य एव अधिकारी गणों के मध्य संवाद स्थापित हुआ जिसके अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम में आने वाली विविध व्यवहारिक समस्याओं तथा अन्य बाधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा भविष्य बाल विवाह ना हो, इस हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर मंथन किया गया। इस दौरान जि़ला प्रशासन, पुलिस, सामाजिक न्याय, बाल अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, सीडब्लूसी अध्यक्ष तथा सदस्य, जेजीबी सदस्य, साथिन आदि एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# चिकित्सा अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

- राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय द्वारा 27 अप्रैल को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन
- जयपुर शहर के 70 परीक्षा केन्द्रों में दो पारियों में आयोजित होगी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय द्वारा 27 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक चिकित्सा अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर शहर के 70 केन्द्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए कुल 17 हजार 189 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 25 अप्रैल से 27 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 25 अप्रैल एवं 26 अप्रैल 2025 तक प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 27 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए कुल दो पारियों में 70 उप समन्वयक एवं 18 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# भारतीय मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का बज रहा दुनिया में डंका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सर्वांगीण विकास के पथ पर बढ़ता हुआ आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। रक्षा क्षेत्र भी इस धारा से अछूता नहीं है इसमें भी अहम और व्यापक परिवर्तन दिख रहा है । 2014 के पूर्व मात्र एक दशक पूर्व तक भारत की पहचान रक्षा उपकरणों के खरीदार की हुआ करती थी। रक्षा खरीद में घोटालों के समाचार आना सामान्य बात थी फिर भी ख़रीदे गए हथियारों की समय पर आपूर्ति नहीं होती थी। मोदी जी के नेतृत्व में ये परिस्थितियाँ तीव्रता के साथ बदल रही हैं। अब भारत जल, थल और नभ तीनों सेनाओं के सभी अंगों को सुदृढ़ करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रहा है जिससे रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता और बल दोनों निरंतर बढ़ रहे हैं। भारत के रक्षा वैज्ञानिक निरंतर शोध में में व्यस्त हैं। हर दिन किसी न किसी मिसाइल का सफल परीक्षण किया जा रहा है, रक्षा उपकरणों का उत्पादन बढ़ाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप भारत की मिसाइलों व रक्षा उपकरणों का डंका विश्व बार में बजने लगा है। अब भारत रक्षा उपकरणों तथा तकनीक का क्रेता ही नहीं विक्रेता भी बन रहा है। द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के अंतर्गत होने वाले समझौतों में भारत यह बात भी शामिल करता है कि क्रय किये जा रहे हथियारों का निर्माण व सम्बंधित प्रशिक्षण भी भारत में हो। राफेल लड़ाकू विमान इसका प्रमुख उदाहरण है। आज भारतीय मिसाइलों की क्षमता से विश्व प्रभावित हो रहा है और कई देश भारतीय मिसाइलें खरीदकर उन्हें अपनी सीमाओं की सुरक्षा में लगाना चाहते हैं। वह छोटे देश तथा जिनकी सीमा चीन से लगी हुई है या फिर जिन पर विस्तारवादी चीन की गिद्ध दृष्टि लगी है, विशेष रूप से भारत की ब्रह्मोस मिसाइल खरीदकर अपने यहां तैनात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कुशल रणनीतिकार की तरह चीन व पाकिस्तान को चारों ओर से घेरने का काम कर रहे हैं, जिसमें ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें महत्वपूर्ण हैं। ब्रह्मोस एक ऐसी उन्नत मिसाइल है जिसे न केवल दक्षिण चीन सागर के राष्ट्र अपितु बड़े मुस्लिम राष्ट्र भी खरीद रहे हैं। चीन के शत्रु फिलीपींस को भारत ने ब्रह्मोस दी है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्यात भारत द्वारा किसी भी देश के साथ किया गया अब तक का सबसे बड़ा रक्षा विक्रय समझौता है। भारत ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक मिसाइल की आपूर्ति के लिए जनवरी 2022 में फिलीपींस के साथ 375 मिलियन डालर का समझौता किया था जो कि अब लागू हो चुका है। अप्रैल- 2024 फिलीपींस को ब्रह्मोस की पहली खेप मिली। इंडोनेशिया भी भारत की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने वाला है। वियतनाम और मलेशिया जैसे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों ने भी इस अत्याधुनिक मिसाइल को खरीदने में रुचि दिखाई है। आगामी दिनों में सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी ब्रह्मोस मिसाइल के बड़े खरीददार बन सकते हैं। श्रीलंका जैसे छोटे देश जिनकी सीमा चीन से मिलती है उन सभी देशों के साथ ब्रह्मोस को तैनात करने के लिए बातचीत चल रही है। साथ ही यह वर्ष ब्रह्मोस मिसाइल का 25वां वर्ष मनाया जा रहा है इसलिए 25 देशों के साथ ब्रह्मोस की डील को लेकर वार्ता चल रही है जिसमें कुछ देशों के साथ वार्ता अंतिम चरण में पहंच चुकी है। ब्रह्मोस की विषेषता- सबसे तेज सुपरसेनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस भूमि, वायु, जल यानि समुद्र की गहराइयों में भी पलक झपकते ही शत्रु को निशाना बना लेती है। 12 जून 2001 को मिसाइल ने अपनी पहली सफल उड़ान भरी थी।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 25 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 2020 – देश में कोविड–19 से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 779 पहुंची, संक्रमण के मामले बढ़ कर 24,942 हो गये।
- 2015 – नेपाल में भीषण भूकंप ने भारी तबाही मचाई। राजधानी काठमांडू के नजदीक आए इस भूकंप से जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ।
- 2013 – ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 27 वर्ष के बाद दोबारा खोला।
- 2010 – भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकाप्टरों की जगह नए लाइट यूटिलिटी हेलीकाप्टर (एलयूएच) ख़रीदने की प्रक्रिया शुरू की।
- 2008 – बॉलीवुड के प्रसिद्ध कलाकार व निर्देशक आमीर ख़ान को सिनेमा के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान के लिए मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।
- 2007 – बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज का नया परिसर पनामा (बहरीन) में खुला।
- 2004 – जिम्बाव्वे में श्रीलंका के ख़िलाफ़ एक दिवसीय मैचों में न्यूनतम 35 रनों का रिकॉर्ड बनाया। यूनानी साइप्रस ने एकीकरण योजना ठुकराई। चीन में सार्स की बीमारी एक बार फिर से फैलने की पुष्टि हुई।
- 2003 – फ़िलिस्तीन में नये मंत्रिमंडल के गठन पर सहमति होने के साथ ही अमेरिका समर्थित शांति योजना का रास्ता साफ।
- 1989 – इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत। यह बीमारी सूडान तक फैली और वहां भी कम से कम 400 लोगों की मौत।
- 1981 – जापान के सुरूगा में एक परमाणु संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हुए।
- 1975 – सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1957 – सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया।
- 1954 – बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।
- 1905 – दक्षिण अफ्रीका में अश्वेतों को मताधिकार मिला।
- 1867 – जापान की राजधानी टोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।

### 25 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- 1969 – आई. एम. विजयन – भारत के प्रसिद्ध फ़ुटबॉल खिलाड़ी हैं।
- 1919 – हेमवती नंदन बहुगुणा – उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहने वाले जानेमाने राजनीतिज्ञ और राजनेता थे।
- 1904 – चन्द्रबली पाण्डेय, साहित्यकार
- 1900 – ग्लेडविन जेब – संयुक्त राष्ट के प्रथम महासचिव के चुनाव तक कार्यवाहक महासचिव थे।

## विशेष आलेख

# पहलगाम की गोलियाँ : धर्म पर नहीं, मानवता पर चली थीं

**कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला सिर्फ एक गोलीबारी नहीं थी–यह एक ऐसा खौफनाक संदेश था जिसमें गोलियों ने धर्म की पहचान पूछकर चलना शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आतंकियों ने पहले पर्यटकों से उनका धर्म पूछा, फिर उन्हें जबरन कलमा पढ़ने के लिए कहा, और इंकार करने पर गोली मार दी। यह न केवल एक घृणित धार्मिक कट्टरता का प्रदर्शन था, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र भी था, जिसका उद्देश्य कश्मीर में पुनः स्थापित होती शांति और विश्वास को तार-तार करना था।**



प्रियंका सौरभ

**धर्म के नाम पर किया गया अमानवीय अपराध :** जब किसी को गोली मारने से पहले उसका धर्म पूछा जाता है, तो यह न केवल उस व्यक्ति की जान का अपमान है, बल्कि उस पूरे समाज का अपमान है जो सर्व धर्म समभाव की बात करता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आतंकियों ने पहले हिंदू पहचान की पुष्टि की, फिर गोली को धर्म की रेखा पर खड़ा कर दिया। इससे बड़ा पाखंड क्या होगा कि किसी भी धर्म की आड़ में आतंक फैलाया जाए, जबकि हर धर्म की जड़ में मानवता बसती है। इस हमले ने यह साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन आतंकवादी अक्सर धर्म को ढाल बनाकर उसे इस्तेमाल करते हैं। जबरन किसी से कलमा पढ़वाना और न मानने पर जान ले लेना, यह इस्लाम के मूल सिद्धांतों के भी खिलाफ है। पैगंबर मोहम्मद ने तो मक्का में भी अपने दुश्मनों को माफ किया था—यहाँ तो बेगुनाह पर्यटकों पर गोली चलाई गई।

**साजिश सिर्फ जान लेने की नहीं, छवि बिगाड़ने की भी :** यह हमला न केवल मानवता पर था, बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी हमला था। पहलगाम, जो मिनी स्विटजरलैंड के नाम से जाना जाता है, वहाँ इस तरह की घटना का होना वैश्विक स्तर पर कश्मीर को फिर एक बार संवेदनशील और अस्थिर क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करता है। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीर में पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी—लोगों ने धीरे-धीरे डर के माहौल से बाहर निकलना शुरू किया था। लेकिन यह हमला उस विश्वास को तोड़ने की कोशिश है।

पर्यटकों की वापसी का मतलब था स्थानीय लोगों की आजीविका का पुनर्जन्म। कश्मीरी दुकानदार, टैक्सी चालक, होटल कर्मचारी—सभी इस बढ़ते पर्यटन पर निर्भर थे। लेकिन अब, एक बार फिर सैकड़ों पर्यटक कश्मीर छोड़ने लगे हैं। कई बुकिंग्स रद्द हो रही हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा।

**राजनीति की परछाई- इस हमले के असली मकसद :** द रेजिस्टेंस फ्रंट , जो कि लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा संगठन माना जाता है, ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। सूत्रों का कहना है कि यह हमला पाकिस्तान से संचालित हो सकता है। यदि यह सच है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि यह केवल एक धार्मिक हिंसा नहीं थी, बल्कि भारत की आंतरिक शांति को अस्थिर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश भी थी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब भारत चुनावों की तैयारी में जुटा है। क्या यह हमला लोकतंत्र में भय और अविश्वास फैलाने की रणनीति नहीं हो सकती? क्या यह आतंकी ताकतों का एक संकेत नहीं है कि वे अब भी धार्मिक भावनाओं को भड़काकर भारत को अस्थिर कर सकते हैं?

**पीड़िता की आँखों से देखें– राजनीति नहीं, पीड़ा दिखती है :** इस हमले में मारे गए पर्यटक की पत्नी के बयान ने पूरे देश को हिला दिया—मैंने उसे मरते देखा, लेकिन कुछ नहीं कर सकी। यह वाक्य किसी भी भाषण या नारे से कहीं ज्यादा असरदार है। एक महिला की चीख, एक बच्चे का रोना, एक पर्यटक का डर—ये किसी चुनावी भाषण या न्यूज़ चैनल की बहस से नहीं मिटते। यह हमला न केवल गोली से मारे गए व्यक्ति का अंत था, बल्कि एक पूरे परिवार की स्थिरता का अंत था। यह उस महिला की नींद का अंत था, जो अब शायद जिंदगीभर अपने पति की लाश की छवि नहीं भूल पाएगी। और यह उस भरोसे का अंत था, जो उसने भारत की सुरक्षा पर किया था।

### क्या भारत सरकार ने पर्याप्त कदम उठाए?

सरकार की ओर से इस हमले की निंदा की गई और सुरक्षा बलों को सतर्क किया गया। परंतु सवाल यह उठता है कि क्या निंदा पर्याप्त है? क्या हम उस स्तर पर इंटेलिजेंस नेटवर्क खड़ा कर पाए हैं कि ऐसे हमलों को रोका जा सके? कश्मीर में बार-बार 'अस्थिरता के बाद स्थिरता और फिर आतंक' का यह चक्र कब टूटेगा?

### कश्मीरी मुसलमानों की भी चुप्पी नहीं, चिंता दिखी

यह ध्यान देने योग्य है कि कश्मीरी समाज के कई मुसलमानों ने इस घटना की खुलकर निंदा की। कुछ स्थानीय व्यापारियों ने पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। इससे स्पष्ट होता है कि आतंकवाद को समर्थन स्थानीय नहीं, बाहरी है। कट्टरता कश्मीर की मिट्टी से नहीं, बाहर से आयात होती है।

# शिक्षा और पोषण के बीच हैं द्विदिश संबंध (यूनेस्को वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट 2025)

**हाल ही में यूनेस्को वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट 2025 शिक्षा और पोषण: अच्छा खाना सीखें जारी की गई है। पाठकों को बताता चलूं कि शिक्षा और पोषण पर वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट 2025 आधिकारिक तौर पर 26 मार्च 2025 को पेरिस पोषण विकास शिखर सम्मेलन में लॉन्च की गई थी। वास्तव में, यह रिपोर्ट शिक्षा और पोषण के बीच महत्वपूर्ण अंतर्संबंधों पर प्रकाश डालती है तथा यह दर्शाती है कि शिक्षा कैसे बेहतर पोषण परिणामों का समर्थन कर सकती है और कैसे बेहतर पोषण सीखने को बढ़ा सकता है।**



सुनील कुमार महला

दूसरे शब्दों में कहें तो यह रिपोर्ट शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनौतियों और अवसरों को उजागर करती है, और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए नीतिगत सिफारिशें प्रदान करती है। वास्तव में देखा जाए तो यह एक व्यापक श्रृंखला का हिस्सा है जो यह पता लगाती है कि शिक्षा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में कैसे योगदान देती है ? पाठक जानते होंगे कि शिक्षा और पोषण के बीच एक मजबूत संबंध होता है। बच्चों का पोषण अच्छा होगा तो उनका मानसिक और शारीरिक विकास भी अच्छा होगा और अच्छे मानसिक और शारीरिक विकास से शिक्षा भी अच्छी ग्रहण कर सकेगा।यह एक कटु सत्य है कि पोषण की कमी से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर काफी हद तक असर पड़ता है, जो उनकी शिक्षा पर भी कहीं न कहीं असर डाल सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि बच्चों का उचित पोषण बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के साथ ही साथ उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करती है। अच्छे पोषण से बच्चों की %लर्निंग पावर%(अधिगम शक्ति) पर असर पड़ता है। अच्छा पोषण बच्चों के संज्ञानात्मक विकास (कोगनेटिव डेवलपमेंट) में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि शिक्षा और पोषण के बीच द्विदिश संबंध पाये जाते हैं और उचित पोषण बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और स्कूल के प्रदर्शन को बेहतर बनाता है। बहरहाल,स्कूली शिक्षा में पोषण को महत्व देने से संबंधित यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन रिपोर्ट (जीइएम) बहुत ही चौंकाने वाली है। दरअसल, इस रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि दुनिया के मात्र 60 प्रतिशत देशों के ही स्कूलों में भोजन और पेय पदार्थ संबंधी मानक लागू हैं। आज पूरे विश्व में खाद्य सुरक्षा चुनौतियां(जलवायु परिवर्तन, वैश्विक संघर्ष और अस्थिरता के कारण) लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता शिक्षा के लिए आवश्यक है।रिपोर्ट बताती है कि कुल 187 देशों में से केवल 93 देशों में ही स्कूलों के भोजन और पेय पदार्थों पर कानून, अनिवार्य मानक या मार्गदर्शन हैं। हालांकि, इनमें से केवल 29 प्रतिशत देशों में ही स्कूलों के भीतर खाद्य और पेय पदार्थों के विपणन को प्रतिबंधित करने के उपाय हैं, जबकि 60 फीसदी देशों में ही खाद्य और पेय पदार्थों को नियंत्रित करने वाले स्पष्ट मानक हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया में बहुत से देशों में शिक्षा पर बहुत कम ही खर्च किया जाता है और वित्त पोषण की भारी कमी है। गौरतलब है कि यूनेस्को द्वारा %वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट 2024% में यह बताया गया था कि 10 में से 4 देश शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का 4त्न से भी कम खर्च करते हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि विश्वभर में 251 मिलियन बच्चे और युवा हैं तथा 2015 से इसमें केवल 1त्न की कमी आई है। रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा किया गया था कि दुनिया में सबसे अधिक स्कूल न जाने वाली आबादी अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत और पाकिस्तान में है।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



डॉ. हवा सिंह घुमारिया
(एडिशनल डी.जी राज:पुलिस)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एस.डी.आर.एफ) एवं नियम, राजस्थान जयपुर पद को सुशोभित करने वाले वरिष्ठ आईपीएस श्री डॉ.हवा सिंह घुमारिया। 20 अगस्त सन 1970 को झुन्झुनू जिले में पैदा हुए। एम.ए सार्वजनिक प्रशासन, बीए अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी साहित्य, पीएचडी प्राप्त शानदार अधिकारी हैं हवा सिंह जी। इससे पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस,यातायात,राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशासन एवं कानून एण्ड व्यवस्था, जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, पुलिस मुख्यालय जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेन्ज जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज अजमेर। महानिरीक्षक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था, पुलिस मुख्यालय जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस,जोधपुर रेन्ज जोधपुर। महानिरीक्षक पुलिस कानून एवं व्यवस्था, जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, विशेष अपराध एवं आर्थिक अपराध, सीआईडी सी.बी, जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर।

पुलिस उप महानिरीक्षक, सशस्त्र बटालियन जयपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध शाखा, राजस्थान जयपुर। पुलिस अधीक्षक, जयपुर पूर्व जयपुर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी खुफ़िया, जयपुर। पुलिस अधीक्षक सीआईडी सी.बी विशेष अपराध एवं आर्थिक अपराध, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, बीकानेर। पुलिस अधीक्षक, जोधपुर शहर जोधपुर। पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय पीएचक्यू, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, पाली। पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर। पुलिस अधीक्षक, बूंदी। पुलिस अधीक्षक, एसीबी कोटा। कमांडेंट, 7वीं बटालियन, आरएसी भरतपुर। सहायक पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर (चतुर्थ) रहे हैं। फिलहाल अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एस.डी.आर.एफ) एवं नियम, राजस्थान जयपुर पद पर हैं। शानदार अधिकारी हैं। सुनते सबकी है पर करते वही हैं जो न्याय संगत हो। शानदार व दमदार अधिकारियों में इनकी गिनती होती है। जयपुर रेंज आई जी के दौरान इनकी शानदार कार्रशैली देखने को मिली। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रुपक शर्मा

## 2025_0109 | बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 2 | | 1 | | 4 |
| 4 | 2 | | 8 | | | | | 7 |
| | 7 | 6 | | 1 | 4 | | 2 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 8 | | 7 | 4 | 5 |
| | 4 | | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | 8 | |
| | | 4 | 5 | | 8 | | | 3 |
| | 3 | 5 | | 9 | | 8 | | 2 |
| | 8 | 7 | 2 | 3 | | 4 | | 9 |

Ans_2025_0108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 2 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 1 | 8 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
हित शत्रुओं से संभलकर रहें। आपका आज का दिन सफलता और आमोद-प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे। दोस्तों के मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

**वृष**
व्यापारी वर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है। विवाह के इच्छुक व्यक्तियों को जीवनसाथी मिलने का योग है। परिवार में पत्नी और पुत्र से अच्छे समाचार मिलेंगे।

**मिथुन**
अपनी वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखें। धार्मिक यात्रा की संभावना है। आज के दिन नए काम की शुरूआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अत: बोलने पर संयम रखें। वृद्धि होगी।

**कर्क**
स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज के कई काम अधूरे रह सकते हैं। किसी कारणवश खर्च भी अधिक होगा। आज परिश्रम का अधिक फल नहीं मिलेगा। किसी बात को लेकर गलतफहमी रह सकती है। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह**
धन और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी। सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

**कन्या**
बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता हुआ प्रतीत होगा। विरोधियों और दुश्मनों को पराजित कर सकेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। ननिहाल से कोई समाचार मिलेगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। दिन चिंता में बीतेगा। नींद का अभाव रहेगा।

**तुला**
आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हो। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। आज कोई यात्रा न करें। हो सकें तो आज ज्यादातर समय मौन रहकर गुजारें।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा। घर की साज-सजावट कर उसे सुंदर बना सकेंगे। शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से प्रसन्न रहेंगे।

**धनु**
आर्थिक लाभ, स्वादिष्ट भोजन और उपहार मिलने से आपका दिन अच्छा रहेगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है। अनेक प्रकार की चिंता आपको हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। सीने में दर्द हो सकता है।

**मकर**
आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे। मां से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**
पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है। पानी वाली जगहों से दूर रहें। महत्वपूर्ण निर्णय या जोखिम से बचने के लिए पैतृक संपत्ति में सावधानी बरतें। उचित पारिश्रमिक न मिलने से मन में उदासी रहेगी।

**मीन**
नए वस्त्राभूषण की खरीदारी होगी तथा उसे पहनने का अवसर मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। उत्तम भोजन और वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। शारीरिक-मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। खर्च पर नियंत्रण होगा। समय आनंदपूर्वक गुजरेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## मुस्लिम यूथ फेडरेशन ने पहलगाम हमले की निंदा की



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मुस्लिम यूथ फेडरेशन मालपुरा ने मुयमंत्री के नाम लिखे पत्र की प्रति तहसीलदार पवन मातवा को सौंप कर अज्ञात आतंकवादी संगठन द्वारा पहलगाम में निहत्थे पर्यटको पर गोलिया चलाकर मौत के घात उतारने की कड़े शब्दो में निन्दा की है।

फेडरेशन के कार्यकर्ता एवं नेता प्रतिपक्षा एडवोकेट मोहम्मद हमीद के नेतृत्व में मौहम्मद हमीद सहित अन्य कई युवा अधिवक्ताओं व मुस्लिम समाज के युवाओं की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में 23 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटको पर अज्ञात आतंकवादियो द्वारा किए कायराना आतंकवादी हमले की कड़े शब्दो में निन्दा की गई है। ज्ञापन में बताया गया कि जिन आतंकवादी संगठनो ने इस घटना को अंजाम दिया है उसकी मुस्लिम यूथ फेडरेशन मुस्लिम समाज मालपुरा कड़े शब्दो मं निन्दा करता है।फेडरेशन भारत सरकार से मांग करता है कि ऐसी आतंकवादी संगठनो के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई जाए, घटना के आरोपियो शीध्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलवाई जाए। फेडरेशन इस घटना में अकाल मौत का शिकार बने 25 जनो की आत्मा की शांति के लिए संवेदना प्रकट करता है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने कानून-व्यवस्था को लेकर ली बैठक

# जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने की सुनिश्चिता करें, सोशल मीडिया पर रखे निगरानी : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सौम्या झा ने जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र के वीसी कक्ष में बैठक ली। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने जिले के सभी उपखंडों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाएं रखने की सुनिश्चिता करें।

जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए कि संदिग्ध घटनाओं पर नजर रखे और इसे गंभीरता से लिया जाएं। इसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाएं। इस संबंध में कानून-व्यवस्था को लेकर गृह विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों की क?ाई से व अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस जाप्ता नियोजित करते हुए विशेष निगरानी की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि होटल, धर्मशाला एवं ढाबे जैसे स्थानों का लगातार निरीक्षण करें।

जिला मजिस्ट्रेट ने सोशल मीडिया पर निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि भ्रामक एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों तथा अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने मुख्य मार्गों पर आने जाने वाले संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने के निर्देश दिए।

जिला मजिस्ट्रेट ने एएसपी बिजेंद्र सिंह भाटी को अभय कमांड सेंटर से जुड़े सभी सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, यह भी कहा कि स्थानीय व्यक्तियों द्वारा मकान, दुकान में लगाए गए कैमरों में से एक कैमरें की फुटेज आसपास के क्षेत्र की ओर देखते हुए हो, इसके लिए उन्हें जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। सूचना तंत्र को मजबूत रखें।

बाल विवाह पर रखे कड़ी नजर (कलर बोक्स

बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा, बडल्या नवमी, देव उठनी एकादशी के अवसर पर अबूझ सावा होने के कारण बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। ग्रास रूट लेवल के अधिकारी एवं कर्मचारी इसकी सुनिश्चिता करें की उनके क्षेत्र में बाल विवाह संपन्न नहीं हो। उन्होंने पटवारी, ग्राम



विकास अधिकारी, पीईईओ, बीट कांस्टेबल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को इसके लिए पाबंद करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने प्रिंटिंग प्रेस, पंडित व काजी को वर वधू की जन्म तिथि देखने के बाद बालिग होने पर ही सेवा उपलब्ध कराने के सख्ती से पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपखंड अधिकारी अपने स्तर पर टीम गठित कर प्रिंटिंग प्रेसों का औचक निरीक्षण कराएं। आयु के दस्तावेज के अभाव में विवाह कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएं। बैठक में एडीएम रामरतन सौकरिया, सभी उपखंडों के एसडीओ, पुलिस उपाधीक्षक, विकास अधिकारी, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 'रास्ता खोलो अभियान' की जिले में शुरुआत खेतों तक सुगम पहुंच होंगी संभव

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलेक्ट शुभम चौधरी के निर्देशन में किसानों को खेतों तक सुगम पहुंच सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में 'रास्ता खोलो अभियान' की बुधवार को शुरुआत की गई। यह अभियान 23 अप्रैल से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत ऐसे स्थानों की पहचान कर समाधान किया जा रहा है जहां आपसी विवाद, अतिक्रमण या अन्य कारणों से खेतों तक जाने वाले रास्ते बाधित हैं। अभियान के दौरान संबंधित गांवों में सभी पक्षों की सहमति से रास्तों का खुलासा किया जा रहा है। जहां सहमति नहीं बन पा रही है, वहां राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर रास्तों का चिन्हांकन (डिमार्केशन) कर आगे की विधिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को उनके खेतों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करना है।

अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर को नोडल अधिकारी और संबंधित उपखंड अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी उपखंड अधिकारी सप्ताह में कम से कम 10 रास्तों की समस्याओं का समाधान करेंगे। रास्ते खोलने की प्रक्रिया में विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायतें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएंगी, वहीं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

### तहसील स्तर पर की कार्यवाही:-

तहसीलदार सवाई माधोपुर नीरू सिंह के नेतृत्व में बुधवार को भू-अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी हल्का जीनापुर के साथ ग्राम नीमली खुर्द में मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान पाया गया कि खसरा नंबर 180 व 181 से होकर लगभग 10-12 फीट चौड़ा कदनी (बारहमासी) रास्ता वर्षों से चला आ रहा है। इस रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही, आस-पास के खातेदारों को भविष्य में रास्ते पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने हेतु पाबंद किया गया। मौके पर तैयार किया गया फर्द बयान पड़कर सुनाया गया एवं उपस्थित ग्रामवासियों से हस्ताक्षर लिए गए। इस कार्यवाही से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास बड़ा है एवं किसानों ने राहत की भावना प्रकट की।

# सामुदायिक भवन नगर पालिका निवाई में संगोष्ठी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी टोंक द्वारा 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव जी अंबेडकर जन्मजयंती के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक भवन नगर पालिका निवाई में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में प्राण गंवाने वाले लोगो को श्रद्धांजलि दी गई।संगोष्ठी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर ने कहा कि बाबा साहब का सम्मान भाजपा करती हैं लेकिन बाबा साहब के नाम से राजनीति विपक्ष के लोग करते हैं। उन्होंने कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहब को सम्मान देने की कोई भागीदारी नहीं निभाई।राठौर ने कहा कि आज जो लोग संविधान की बातें करते हैं, वही कभी बाबा साहब को संविधान सभा में भेजने से रोकने के लिए षडयंत्र रचते थे।उन्होंने कहा कि बाबा साहब का जीवन सामाजिक न्याय,समानता के लिए समर्पित था,उनके विचार आज भी देश को




प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आज भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए गरीबों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संकल्पों को पूर्ण करने हेतु केंद्र व राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है।प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीना ने कहा कि भाजपा देश भर में बाबा साहब के सम्मान में अभियान चला रही है।उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। कांग्रेस सिर्फ बाबा साहब के नाम पर राजनीति करती है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहब के सपनों को साकार करते हुए गरीब व वंचितों की मदद कर रहे हैं।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर जी के विचारों को जन जन तक पहुँचा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब को पंच तीर्थ के माध्यम से जो सर्वोच्च सम्मान दिया है। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान बढ़ाने का काम भाजपा ने किया। निवाई विधायक रामसहाय वर्मा ने पधारे हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में देवली उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व विधायक अजित सिंह मेहता, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, रामनिवास गुर्जर, प्रधान रामावतार लांगड़ी, पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी, प्रधान रतनी चंदेल, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, नरेश बंसल, दीपक संगत, अंकुर गुप्ता, कमलेश किराड़, राजकुमार मीणा सहित अन्य मौजूद रहे।

## गर्मी में आग की घटनाओं से बचाव को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

### आग लगने पर तुरंत करें सूचितः शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** गर्मियों में बढ़ती आग की घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने आग लगने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की है। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि तेज गर्मी व हवा के चलते खेत, खलिहान, रिहायशी इलाकों और पेड़-पौधों में आग लगने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इससे जन-धन की हानि की आशंका बनी रहती है। ऐसे में नागरिकों को आग से बचाव की छोटी-छोटी सावधानियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर अग्निकांड की घटनाओं को रोका जा सकता है। आग लगने की घटनाएं गांव में अधिक होती हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखी जाए। आग बुझाने के लिए घर में बोरे में भरकर बालू अथवा मिट्टी और दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। शार्ट सर्किट से बचने के लिए वायरिंग की समय पर मरम्मत करा लें। मवेशियों को आग से बचाने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त मात्रा में पानी का इंतजाम रखें और निगरानी करते रहें। बिजली के ढीले तारों से निकली चिंगारी भी आग लगने का कारण बन जाती है। इसलिए जहां कहीं भी ढीले तार दिखें, उसकी सूचना बिजली निगम को दे।

क्या न करें- बच्चों को माचिस या आग फैलाने वाले एवं अन्य सामानों के पास न जाने दें। बीड़ी, सिगरेट, हुक्का आदि पीकर जहां-तहां न फेंके, उसे पूरी तरह बुझने के बाद ही फेंके। चूल्हा, ढिबरी, मोमबत्ती, कपूर इत्यादि जलाकर न छोड़ें। अनाज के ढेर, फूस या खपड़ैल की झोपड़ी के निकट अलाव व डीजल इंजन नहीं चलाएं। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ न ले जाएं। अग्नि दुर्घटना के दौरान कभी भी लिफ्ट का प्रयोग नहीं करें। गैस की दुर्गंध आने पर बिजली के स्वीच को न छुएं। खाना पकाते समय रसोईघर में बच्चों को अकेला न छोड़ें। आग लगने पर यहां फोन करें। दीपक, लालटेन, मोमबत्ती को ऐसी जगहों पर न रखें, जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो।

### आग लगने तुरन्त सूचित करें -

आग लगने की स्थिति में तुरंत फायर ब्रिगेड नंबर 101/100, टोल फ्री नंबर 1077, आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम 07462-220201, सवाई माधोपुर अग्निशमन सेवा 07462-220515, गंगापुर सिटी 9588864403 तथा बामनवास 9602232107 पर संपर्क किया जा सकता है। कलक्टर ने जिले के सभी सरकारी व निजी हाइड्रेंट्स तथा जल स्रोतों को सक्रिय रखने तथा सभी अग्निशामक वाहनों को संसाधनों सहित 24 घंटे तैनात रखने के निर्देश भी दिए हैं।

## नरेश शर्मा प्रदेश स्तर पर हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मालपुरा में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत कौशल नरेश शर्मा को श्रेष्ठ सेवाओं के चलते प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया है। विभाग के केशव पारीक ने बताया कि गुरूवार को राजधानी में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के मुख्य आतिथ्य प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मालपुरा में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत कौशल नरेश शर्मा को श्रेष्ठ राजकीय सेवाओं के चलते प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र व 11 हजार रूपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के बाद शिक्षा विभाग के मालपुरा स्थित कार्यालय में खुशियो का माहोल है। साथ ही कार्यरत सभी कर्मचारी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कौशल नरेश शर्मा को बधाई दे रहे हैं। प्रदेश स्तरीय समारोह में शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल व माध्यमिक शिक्षा प्रारम्भिक शिक्षा के निदेशक सीताराम जाट सहित शिक्षा विभाग के अन्य कई अधिकारी मौजुद रहे।



# ग्राम विकास अधिकारियो ने सौंपा ज्ञापन

## पदौन्नति नहीं तो कार्य नहीं की तर्ज पर आन्दोलन होगा शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की मालपुरा शाखा ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पंचायती राज मंत्री व पंचायती राज विभाग के शासन सचिव के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी को सौंपी।

गुरूवार को संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी के नेतृत्व में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की मालपुरा शाखा का प्रतिनिधि मंडल विकास अधिकारी चौधरी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गत पांच वर्षो से लम्बित पदौन्नतियां एवं संघ के मांग पत्र पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर निस्तारण करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि संघ द्वारा इससे पहले भी कई बार ज्ञापन सौंप कर संघ की मांगो को स्वीकार करने एवं समस्याओं के समाधान करवाने की मांग कर चुका है। ज्ञापन मेंचेतावनी देते हुए जानकारी दी गई है कि संघ अब पदौन्नति नहीं तो काम नहीं नीति पर चलकर असहयोग आन्दोलन



करने को मजबूर है। संघ की ओर से किए जाने वाले आन्दोलन के चरणबद्ध कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया गया कि संघ द्वारा एक मई को सभी ब्लाक स्तर पर एक दिवसीय चेतावनी धरना एवं स्वामित्व योजना में पूर्ण असहयोग आन्दोलन किया जाएगा। वीं 8 मई को प्रदेश के पुराने 33 जिला मुख्यालयो पर एक दिवसीय चेतावनी धरना दिया जाएगा तथा 15 मई को सम्पूर्ण प्रदेश में कलम बंद असहयोग आन्दोलन किया जाएगा। अंत में 22 मई को शहिद स्मारक जयपुर पर अलिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। ज्ञापन देते समय ब्लाक के सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजुद रहे।

## अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य ने चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. प्रवीण असवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा सहित एमसीएचएन सत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी सीएमएचओ डॉ अमित सोनी, बीसीएमओ डॉ प्रमोद कर्णावत भी मौजूद रहे।

अतिरिक्त निदेशक ने मौसमी बीमारियों और हीट वेव से संबंधित रिपोर्ट्स, प्रबंधन संबंधी जानकारियाँ, दवाईयों का स्टॉक, पंखे, कूलर, पानी की व्यवस्था, ओआरएस काउंटर, बेहतर प्रबंधन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी सहायक को सक्रिय और निष्क्रिय स्लाइड का संग्रह कर परीक्षण करवाने हेतु निर्देशित किया। अतिरिक्त निदेशक ने प्रत्येक गुरुवार को होने वाले मातृ शिशु स्वास्थ्य दिवस सत्र का निरीक्षण कर सत्र की व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने टीकाकरण के साथ ही एएनएम द्वारा हर लाभार्थी को उस टीके से संबंधित चार मुख्य संदेश की यह कौनसा टीका है, किस बीमारी से बचाव के लिए लगया जा रहा है, साइड इफेक्ट होने पर क्या करना है और अगला टीका कब लगेगा देने, ममता कार्ड में एंट्री करने, पीसीटीएस पोर्टल पर उसी दिन एंट्री करने वैक्सीन का सही तरीके से उपयोग करने के पाबंद किया। इसके अतिरिक्त, ड्यू लिस्ट, वैक्सीन वीवीएम संबंधित जांच भी की। इस दौरान उपस्थित गर्भवती महिलाओं से भी बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सभी लाभकारी योजनाओं, हीटवेव से बचाव, खानपान, बार बार पानी पीने, अधिक धूप में बाहर नहीं निकलने संबंधी जानकारिया प्रदान की गयी। इसके बाद उन्होंने सीएचसी चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण कर ओआरएस काउंटर को नियमित संचालित करने, आमजन को ओआरएस बनाने व पीने के तरीके के बारे मे जागरूक करने, वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर संस्थान के मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# जल मन्दिर का किया शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में माणक चोक बाजार स्थित गणेश मन्दिर स्थित जल मन्दिर पर लगाए वाटरकूलर का शुभारम्भ किया गया।

क्लब सचिव सुनील जैन ने बताया कि गुरूवार को क्लब द्वारा स्थापित वाटरकूलर का शुभारम्भ क्लब अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन व क्लब के सहायक प्रान्तपाल डॉ. अंकित जैन ने फीता काटकर किया। इस मौके पर एडवोकेट रविकुमार जैन, शेरसिंहराजावत, डॉ. राजकुमार गुप्ता, राजेन्द्र तिवाड़ी, बलराम सिंह, जानम जैन केदार गुप्ता सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे। इधर रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के पवन जैन संगम ने बताया कि क्लब की ओर से



दापनदातओं व भामाशाहो के सहयोग से कृषि उपज मण्डी समिति प्रागंण में आचार्य विद्यासागर जल मन्दिर का शुभारम्भ किया गया।

## गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यो का समय परिवर्तित

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा) ।राज्य सरकार द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित कर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है।

जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय तुरन्त प्रभाव से प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसमें एक घंटे के विश्राम काल की अवधि शामिल नहीं है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। यह व्यवस्था 15 जुलाई 2025 अथवा मानूसन आने तक लागू रहेगी। संबंधित अधिकारियों को इसकी पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए है।

दैनिक
बढ़ता राजस्थान

# राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ गम्भीर प्रकृति के अपराधियों जैसा व्यवहार करना अलोकतांत्रिक : नेता प्रतिपक्ष जूली

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने सीकर में मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने वाले एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश नागा को गिरफ्तार करके उनके साथ पुलिस द्वारा किए गए गंभीर प्रकृति के अपराधियों जैसा व्यवहार किए जाने को अमानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरूद्ध बताते हुए पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई की कड़े शब्दों में निन्दा की है। जूली ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेपटरी हो चली है। सत्तारूढ पार्टी के विधायक के परिजन पुलिस थानों पर हमला करके अपराधियों को छुडाकर ले जा रहे हैं और पुलिस जनता की आवाज को उठाने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओंए विधायकों और कार्यकर्ताओं पर दमनात्मक कार्रवाई करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर रही है। कांग्रेस इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। जूली ने बताया कि इसी प्रकार की घटना बीकानेर में भी घटित हुई जहां 6 लोगों की मृत्यु पर मुआवजे की मांग को लेकर धरना दे रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव रामनिवास कूकना के घर आईपीएस अधिकारी के नेतृत्व में एक दल घर की तलाशी लेने गया और वहां कुछ नहीं मिलने पर उनके खेत पर जाकर बिजली के ट्रांसफार्मर को उतार लिया और उनकी पारिवारिक डेयरी को सील कर दिया। जूली ने कहा कि पुलिस की गम्भीर प्रकृति के अपराधियों की भांति की जा रही यह कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विरूद्ध है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। न डरेंगे- न झुकेंगे सरकारी की दमनकारी कार्रवाई का डटकर मुकाबला करेंगे। जूली ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दवाब में पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी में एक प्रस्ताव पारित किया गया और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर मांग की गई कि पुलिस अधिकारी सरकार के दबाव में ऐसे काम नहीं करें, जिससे उन्हें अदालतों में जाना पड़े और वे स्वयं कानून के घेरे में आ जाएं। जूली ने बताया कि वे और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस महानिदेशक से मिलने पुलिस मुख्यालय पहुंचे जहां उनके साथ कांग्रेस विधायक और विधायक दल के मुख्य सचेतक रफीक खान, विधायक नरेन्द्र बुडानिया, राजेन्द्र पारीक, हाकम अली, जाकिर गैसावत, मनोज मेघवाल,रोहित बोहरा, संजय जाटव, इन्द्रा मीणा, गणेश घोगरा, पूसाराम गोदारा, अभिमन्यु पूनिया, ललित यादव, प्रशान्त शर्मा, विकास चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी ललित तूनवाल, आर सी चौधरी, जसवंत गुर्जर, पूर्व विधायक चेतन डूडी, देशराज मीणाए पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनिता गिंठाला.सीकर विशनाराम सिहाग.बीकानेर देहात भानुप्रताप सिंह.कोटा देहात, रविन्द्र त्यागी.कोटा शहर, भैरूलाल जाट. चित्तौडगढ, सुमित भगासरा, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह, संजय यादव, पूर्व राज्य मंत्री इंसाफ अख्तरए कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र यादव तथा कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने पुलिस महानिदेशक के समक्ष अपनी बात रखी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरूद्ध प्रदेश में की जा रही अलोकतांत्रिक कार्रवाई को अविलम्ब रोके जाने की मांग की। जूली ने बताया कि पुलिस महानिदेशक से मिलकर उन्हें कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित पत्र सौंपा तथा पुलिस मुख्यालय के बाहर धरना दिया।

## खैरथल-तिजारा जिले में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव - जिला कलेक्टर ने जारी किए आदेश

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा, (नि.स.)।** भीषण गर्मी और लू की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कार्यालय शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा दिनांक 09 अप्रैल को जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिला कलक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष किशोर कुमार (ढ्ढस्) ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए स्कूल समय में परिवर्तन के आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार, खैरथल-तिजारा जिले के समस्त राजकीय एवं गैर-राजकीय विद्यालयों में कक्षा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का समय दिनांक 25 अप्रैल से सत्रांत तक प्रातः 07ः30 बजे से दोपहर 11ः15 बजे तक निर्धारित किया गया है। हालांकि, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य संचालित परीक्षाओं का समय पूर्ववत यथावत रहेगा। जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया है कि इन आदेशों की अवहेलना करने वाले किसी भी राजकीय या गैर-राजकीय विद्यालय के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन का यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य व सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है, ताकि बढ़ती गर्मी और संभावित लू के प्रभाव से उन्हें सुरक्षित रखा जा सके।

## ठगी के दो अलग-अलग मामलों में दो बदमाशों को गिरफ्तार

### एक ने कार खरीद का झांसा देकर 28 लाख तो दुसरे ने रकम दुगुनी करने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स.)।** ठगी के दो अलग-अलग मामलों में कोटा पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में जेल में बंद थे। एक आरोपी ने कार खरीद पर 10-12 लाख का फायदा दिलाने का झांसा देकर 28 लाख की रकम हड़पी थी। दूसरे आरोपी ने रकम दुगनी करने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी की थी। डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया- फरियादी को फॉरच्यूनर कार खरीदनी थी। इस दौरान उसकी मुलाकात संतोष सिंह निवासी मांगलियवास जिला अजमेर हाल गायत्री नगर ब्यावर से हुई थी। संतोष सिंह ने कार खरीद पर 10-12 लाख का फायदा दिलाने का झांसा दिया। अगस्त 2023 में 28 लाख ऑन लाइन ट्रांसफर करवाकर अन्य व्यक्ति के नाम कार की डिलीवरी ले ली। आरोपी ने 28 लाख की रकम हड़प ली। फरियादी ने 6 जनवरी 2025 को गुमानपुरा थाने में शिकायत दी थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्तमान में जोधपुर जेल में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था। वहीं एक साल में रकम दुगनी करने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने के आरोपी पवन जैन निवासी सरसिया थाना जहाजपुर जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। परिवादी ने अगस्त 2022 में एसपी कार्यालय में परिवाद दिया था। जिसमें बताया था आरोपी पवन जैन व अन्य ने एक साल में रकम दुगनी करने के नाम पर 20 लाख रुपए इन्वेस्ट करवाकर धोखाधड़ी की। परिवाद पर गुमानपुरा पुलिस ने मामला दर्ज किया। आरोपी पवन जैन वर्तमान में कोटा सेंट्रल जेल में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा था।उसके खिलाफ कोटा शहर व अन्य जिलों में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज है।

# केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के निर्देशन पर अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा अग्यारा स्थित म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट का निरीक्षण किया

### प्लांट के उन्नयन के प्रस्ताव तैयार करने एवं भविष्य में आग लगने की घटना की पुनरावृति ना हो इसके लिए एहतियात बरतने के दिए गए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के निर्देशन पर गुरुवार को रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह की अगुवाई में अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा अग्यारा में नगर निगम के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लांट का निरीक्षण किया।

रामगढ विधायक सिंह ने नगर निगम अधिकारियों से कहा कि भविष्य में आग लगने की घटना की पुनरावृति ना हो इसके एहतियात बरतते हुए आवश्यक कदम उठाने उठाएं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को प्लांट के उन्नयन के प्रस्ताव भिजवाने एवं प्लांट में सॉलिड वेस्ट कचरे के पूर्णतया निस्तारण के लिए रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि एसटीपी प्लांट के ट्रीटेड वॉटर का प्रयोग कर नियमित रूप से प्लांट में पानी डलवाया जाए, ताकि आग सुलगने की संभावना न रहे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सॉलिड वेस्ट प्लान्ट में सुलग रही आग पर पूर्ण नियंत्राण पा लिया गया है। प्लांट को पूर्णतः सुरक्षित करने के लिए फायर ब्रिगेड व जेसीबी के माध्यम से कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने 21 अप्रैल को दिशा की बैठक ली थी जिसमें रामगढ क्षेत्रा के अग्यारा में नगर निगम के म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्लान्ट में आग लगने की घटना का विषय संज्ञान में आया था। इस पर उन्होंने निर्देश दिये थे कि आगामी चार दिवस में स्थानीय विधायक, नगर निगम, स्थानीय प्रशासन व उनके प्रतिनिधियों के संयुक्त दल द्वारा अग्यारा स्थित प्लांट का निरीक्षण किया जाएगा। इससे पूर्व आग को पूरी तरह से नियंत्राण में करने की कार्यवाही करने के साथ प्लांट के उन्नयन आदि के बारे में मौके पर ही चर्चा की जावे। इसकी अनुपालना आज संयुक्त दल द्वारा प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रामगढ़ प्रधान नसरू खॉं, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, उपखंड अधिकारी रामगढ़ सुरेंद्र प्रसाद, केंद्रीय मंत्री के निजी सचिव आयूष कुमार एवं नितिन सागवान, फायर ब्रिगेड अधिकारी बब्बू राम मीणा, तहसीलदार रामगढ़ सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मानव एकता संत समागम मनाया गया निष्काम सेवा का अनुपम संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर जिले के निरंकारी सत्संग भवन पर जिला संयोजक एवं ज्ञान प्रचारक श्री सोमनाथ निरंकारी जी की अध्यक्षता में मानव एकता संत समागम मनाया गया। मानव एकता दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी एवं चाचा प्रताप सिंह जी सहित निरंकारी जगत के उन प्रत्येक संतो को समर्पित है जिन्होंने अपने प्रेम परोपकार भाईचारे की भावना से भक्ति भरा जीवन जी कर सभी के समक्ष एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया उन सभी महात्माओं को श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सोमनाथ जी कहा कि संसार में मानवता ,एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना स्थापित की जाए जिससे मानव मानव से प्रेम कर सके। श्रद्धालु भाई बहनों ने कविता एगीत एविचारों व सामूहिक गीतों द्वारा मानवता का संदेश दिया । प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता हुआ मानव एकता दिवस निरंकारी मिशन द्वारा प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरु वचन सिंहजी की पावन स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है । मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देश भर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है जो निस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरुप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है इसके साथ ही सत्संग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेम शांति और समरसता का प्रकाश भी जन-जन तक पहुंचाया जाता है आज संपूर्ण भारतवर्ष में आयोजित रक्तदान श्रृंखला में लगभग 30,000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसमें से केवल दिल्ली शिविर में ही लगभग 1,000 यूनिट रक्तदान हुआ है महा अभियान केवल रक्तदान नहीं बल्कि सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं आदरणीय निरंकारी राज पिता रमित जी की करुणा सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का संजीव माध्यम है एजो हमें सिखाता है, कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर संत निरंकारी मिशन सेवा और समर्पण के पथ पर निरंतर मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## सिक्किम के राज्यपाल ओममाथुर की यात्रा पर तैयारियों का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंचकर 27 अप्रैल को सिक्किम के राज्यपाल श्री ओमप्रकाश माथुर की अलवर में प्रस्तावित यात्रा के तहत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री शर्मा ने प्रताप ऑडिटोरियम में पहुंच कर यूआईटी व पुलिस के अधिकारियों को कार्यक्रम की तैयारियों के संदर्भ में चर्चा कर निर्देशित किया कि कार्यक्रम प्रवेश, बैठक, मंच, ई लाइब्रेरी के वर्चुअल उद्घाटन की व्यवस्था आदि के साथ रूट व लाइब्रेरी के निरीक्षण की पुख्ता तैयारियां करना सुनिश्चित करें। उन्होंने की जा रही व्यवस्थाओ का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री के निजी सहायक नितिन चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक अंगद शर्मा, यूआईटी के अधिशाषी अभियंता अशोक मदान व कुमार संभव अवस्थी मौजूद रहें।

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ संकट मोचन मंदिर का शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान



**तिजारा (नि.स.)।** श्री श्री मौनी बाबा गौशाला एवं आश्रम सूरजमुखी में संकट मोचन हनुमान मंदिर का शिलान्यास और भण्डारा हुआ। पण्डित रामशरण शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस हनुमान मंदिर का निर्माण उदयवीर सिंह चौहान कासन ने कहा कि यह पावन आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न होकर ग्रामवासियों की सामुहिक श्रद्धा एकजुटता और सेवा भावना का भी गवाह बना। साथ ही भक्तों ने न केवल पूर्ण आस्था के साथ सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कंवर सिंह यादव, बने सिंह भिदुडी, देशपाल यादव, सुभाष सैनी, ओमप्रकाश यादव, सत्यवीर कप्तान,संजय सिंह चौहान, पुरण सिंह शेखावत, वीर सिंह चौहान, प्रमोद कुमार चौहान, जगपाल सिंह चौहान, मनोज चौहान, अनुज चौहान,हरीश यादव, मनीष चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पक्षियों के लिए लगाए परिण्ड़े

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** संस्था पशु पक्षी एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति की ओर से प्रताप बंध जंगलात की चौकी पर परिंडे लगाए गए। संस्था के संस्थापक महात्मा प्रेमनाथ जी महाराज ने बताया कि दीवार पर सीमेंट लगाकर उस पर परिंडे ठीक से सैट कर दिए। जिससे कि छोटा बड़ा पक्षी आराम से पानी पी सके। अगर परिंडे का साइज ठीक है तो आप उसमें एक छोटा सा चपटा पत्थर भी रख सकते हैं। अगर पानी कम है तो पक्षी उस पर खड़ा हो कर भी पानी पी सकता है और वो हिलेगा भी नहीं। इस कार्य क्रम में फोरेस्टर अभिषेक के साथ साथअन्य वन कर्मचारियों का भी सहयोग रहा।

## पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा (नि.स.)।** तिजारा के निकटवर्ती ग्राम जलालपुर में, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए युवा शक्ति द्वारा एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता बिक्रम सिंह गुर्जर और एडवोकेट मनोज यादव ने अपने विचार व्यक्त करते सरकार से अपील की है कि ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाना चाहिए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## अश्वत्थ लर्निंग कम्यूनिटीज़ द्वारा देवखेडा स्कूल में प्राइमरी क्लासेज के लिए

### कंप्यूटर क्लासेज एवं लाइब्रेरी की सुविधा का शुभारम्भ 25 अप्रैल को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आरडीएनसी मित्तल फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित अश्वत्थ लर्निंग कम्यूनिटीज़ द्वारा राजकीय महात्मा गाँधी उच्च माध्यमिक विद्यालय देवखेडा में प्राथमिक कक्षा के छात्रों के लिए कम्प्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी आगामी 25 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ करने जा रहे है । प्रारम्भिक तौर पर देवखेडा स्कूल में 5 कंप्यूटर, 5 कंप्यूटर टेबल, 15 लकड़ी के स्टूल, 1 बडा म्यूजिक सिस्टम, एयरटेल कम्पनी का एयर फाइबर कनेक्शन, लाइब्रेरी में किताबो की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। आरडीएनसी मित्तल फाउंडेशन की आजीवन ट्रस्टी और वर्ष 2015-16 की नेशनल यूथ अवार्डी, अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज को संचालित करने वाली आरुषी मित्तल ने बताया कि 21 वीं सदी के अनुसार अध्यापक एवं बच्चो को शिक्षा देकर तैयार करने का कार्य कर रही है राजकीय उच्च माध्यमिक रेलवे स्टेशन स्कूल एवं खुदनपुरी स्कूल के बाद देवखेडा स्कूल में कंप्यूटर लैब एवं लाइब्रेरी शुरू करने के पीछे भी हमारा यह उद्देश्य है कि प्रारंभिक स्तर से ही बच्चो को डिजिटल साक्षरता एवं कोडिंग कौशल का ज्ञान होना चाहिये ताकि बच्चो को समाज में हो रहे तकनिकी विकास और कौशल के बारे में जानकारी होनाजिससे वह इन्टरनेट प्लेटफॉर्म्सए सोशल मीडियाए मोबाइल फोन का उपयोग अच्छे प्रकार से करने में सक्षम हो जिससे वह समाज के साथ अपने आवयश्कता को भी डिजिटल उपकरणों के माध्यम से करने में सामर्थ्यवान हो सके। अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज एमआईटी बोस्टन आधारित स्क्रेच एजुकेटर लेबोरेटरी एंड यूजेस द प्लेटफार्म स्क्रैच टू टीचिंग यंग चिल्ड्रन कोडिंग स्किल्स पर कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त कंप्यूटर आधारित गेम्स से नयी शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन के अनुसार मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान हो पायेगा।

## साधारण सभा की बैठक में पतियों और प्रतिनिधियों का बोलबाला, पंचायत समिति सदस्य को कहा प्रतिनिधि ने पागल

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** पंचायत समिति की साधारण सभा में पतियों और प्रतिनिधियों का बोलबाला रहा। पतियों और प्रतिनिधियों के बलबूते पर ही बजट का अनुमोदन कर दिया गया। यह प्रधान और विकास अधिकारी की मज़बूरी तो हो सकती है पर पंचायत राज अधिनियम के विरुद्ध भी है। जहाँ पंचायत समिति के चुने हुए सदस्य को सरपंच पति ने पागल कह दिया वहीं बजट का अनुमोदन भी पतियों और प्रतिनिधियों के बलबूते पर कर दिया गया। क्या आरक्षण को बन्द करने की नौबत आ गई है कि महिलाओं के आरक्षित पदों को समाप्त कर दिया जाए या पतियों और प्रतिनिधियों द्वारा पारित बजट को अंगीकार कर लिया जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हरसौरा के पंचायत समिति सदस्य राम मित्तल ने आबादी क्षेत्र की जमीन के पट्टों को लेकर सदन में कुछ बोला तो सरपंच पति ने उन्हें पागल बता दिया। मित्तल को धमकी दी गईं। इसकी हमारे पास पुख्ता रिपोर्ट नहीं है। वहीं पंचायत समिति के विकास अधिकारी व प्रधान ने बजट अनुमोदन करवा लिया है इसकी जानकारी मिली है। बढ़ते विवाद को देखकर पंचायत समिति की प्रधान का साधारण सभा की बैठक से उठकर चले जाना भी इस बात की पुष्टि करता है। प्रधान पर कहीं शासन का दबाव तो नहीं है जो बिना सदस्यों की उपस्थिति के उनके पतियों और प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर करवा बजट को पास करवा लिया गया हो यह संदेह के घेरे में है। हम किसी वाद विवाद की बात नहीं कर रहे क्या पंचायत राज अधिनियम में पतियों और प्रतिनिधियों के द्वारा बजट पास करवाया जा सकता है।क्या पतियों और प्रतिनिधियों से कोरम की पूर्ति की जा सकती है! हमारे हिसाब से तो यह भारतीय संविधान की खुली होली जलाई जाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुमन यादव ने की। इस मौके पर तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और ओरिजनल जनप्रतिनिधियों के अलावा पति और जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधि काफ़ी संख्या में मौजूद रहे।

## 10 टन क्षमता की तेल निष्कर्षण इकाइयों के निर्माण पर मिलेगा 9.9 लाख का अनुदान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन मिशन प्रारम्भ किया गया है। मिशन का उद्देश्य रणनीतिक रूप से आयातित खाद्यों तेलों पर भारत की निर्भरता को कम करने और घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना, किसानों की आय में सुधार करके आत्मनिर्भरता बनाना है। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि योजना के दिशा-निर्देशानुसार 10 टन क्षमता की तेल निष्कर्षण इकाइयों की स्थापना व प्रसंस्करण के लिए मशीनरी और उपकरण के लिए परियोजना लागत का 33 प्रतिशत या अधिकतम 9 लाख 90 हजार तक की सहायता राशि सरकारी, निजी उद्योगों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) व सहकारी समितियों को देय है। तेल निष्कर्षण, प्रसंस्करण इकाई की स्थापना में मूल्य श्रंखला भागीदार (वीसीपी) को प्राथमिकता दिए जाने का प्रावधान है। साथ ही, मिशन के तहत प्रथम स्थापित होने वाली तेल निष्कर्षण इकाइयों का राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार तथा भौतिक व ऑनलाईन बिक्री वीसीपी ब्रान्ड को बढ़ावा दिया जाएगा। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन अन्तर्गत दिशा-निर्देशानुसार तेल निष्कर्षण, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए विस्तृत प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित हैं।

# निंबाहेड़ा नगर परिषद क्षेत्र में शुभाष शारदा के समय में बनाए गए घटिया स्पीड ब्रेकरो से दुर्घटना का शिकार हो रहे राहगीर

बढ़ता राजस्थान





**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा द्वारा हाल ही में बनाए गए स्पीड ब्रेकरों की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि परिषद चेयरमैन श्री सुबाष शारदा के कार्यकाल में बनाए गए इन स्पीड ब्रेकरों में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और इन्हें निर्धारित मानकों के विरुद्ध बनाया गया है। कई क्षेत्रों में बने ये स्पीड ब्रेकर निर्माण के कुछ ही समय बाद उखड़ने लगे, जिससे राहगीर और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। छोटी सादड़ी मार्ग स्थित कच्ची बस्ती में बने स्पीड ब्रेकरों पर न तो ज़ेब्रा क्रॉसिंग है और न ही उन पर सफेद पेंट किया गया है, जिससे ये दूर से दिखाई नहीं देते। कुछ समय पहले इसी मार्ग पर कदमाली गांव की एक गर्भवती महिला की मौत हो गई थी, बावजूद इसके इनकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं किया गया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि स्पीड ब्रेकरों की चौड़ाई, ऊंचाई और लंबाई मानकों के अनुरूप नहीं है। कई जगहों पर तो इनकी ऊंचाई इतनी कम है कि ये वाहन चालकों को बिल्कुल पास आने पर ही दिखते हैं, जिससे अचानक ब्रेक लगाने पर वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है। इसके अलावा, पीवीसी से बनाए गए ब्रेकर उखड़कर टूट जाते हैं और उनके टुकड़े सड़कों पर फैल जाते हैं, जो राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इससे वाहन पंचर होने का खतरा बढ़ गया है और चालक मजबूरी में ब्रेकरों के किनारे से वाहन निकालने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के समय सफाई की उचित व्यवस्था नहीं की गई। प्रेशर मशीन (कंप्रेसर) से सड़क की सफाई किए बिना ही कोलतार मिश्रित सामग्री का उपयोग कर स्पीड ब्रेकर बनाए गए, जिससे इनकी मजबूती और टिकाऊपन पर सवाल उठ रहे हैं। सीमेंट की सड़कों पर कोलतार से बने ब्रेकर स्थायी नहीं हो सकते, फिर भी प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।नागरिकों ने नगर परिषद से अपील की है कि इन स्पीड ब्रेकरों की गुणवत्ता की जांच की जाए और मानकों के अनुरूप टिकाऊ निर्माण कराया जाए, जिससे आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**इनका कहना है :** स्पीड ब्रेकर के लिए तो सरकार ने तो मना कर रखा है फिर भी इमरजेंसी केस में एन ओ सी जारी करने के बाद ही स्पीड ब्रेकर बनाया जा सकता है। लोग अपने हिसाब से ब्रेकर बना देते है उनको भी तोड़ेंगे रोड फर्नीचर का टेंडर निकाल दिया है फिर सही करवाएंगे ।

**रिंकू सिंह, अभियंता सहायक**
**नगर परिषद निम्बाहेड़ा**

### जिला स्तरीय पर्यटन समिति की बैठक

## स्थानीय सहभागिता से पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान : एडीएम कृष्णा शुक्ला

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** जिला स्तरीय पर्यटन समिति की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला ने की। इस अवसर पर पर्यटन विभाग के उपनिदेशक विकास पंड्या ने पूर्व बैठक की कार्यवाही की पालना एवं आगामी योजनाओं के मुख्य बिंदुओं की प्रस्तुति दी। बैठक में कोटा के प्रमुख पर्यटन स्थलों के सौंदर्यकरण, रिवर फ्रंट पर पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना तथा ग्रामीण हाट के विकास जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा की गई।

**चंबल में किफायती बोटिंग एवं शॉर्ट रूट पर विचार :** बैठक में चंबल रिवर फ्रंट के संभावित पर्यटन विकास पर विशेष चर्चा हुई। इसमें पर्यटकों को न्यूनतम दरों पर बोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दूरी एवं समय के आधार पर शॉर्ट रूट प्रारंभ करने पर विशेष चर्चा की गई। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को लाभ मिलेगा, बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी चंबल भ्रमण अधिक सुलभ और आकर्षक बनेगा।

**कोटा पर्यटन की राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी प्रस्तुति पर जोर :** बैठक में ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार में राजस्थान मंडप पर कोटा की प्रस्तुति की समीक्षा करते हुए एडीएम शुक्ला ने कहा कि कोटा के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रभावशाली प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्रांड कोटा को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल एवं पारंपरिक दोनों माध्यमों का भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए।

**हेरिटेज स्थलों के संरक्षण एवं प्रचार की आवश्यकता :** वन विभाग के डीएफओ एस. मुथु ने बैठक में कहा कि कोटा में मांडलगढ़, रांवठा महल, चार चौमा मंदिर तथा कोटिया भील जैसे स्थल ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन स्थलों का प्रचार-प्रसार कर हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसी क्रम में मुकुंदरा सफारी में पैंथर, स्लॉथ बीयर एवं ऊटर्स साइटिंग के संभावित सेटअप पर भी चर्चा की गई।

**कोटा में डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट के लिए प्रयास :** हाड़ौती होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि अशोक माहेश्वरी ने सुझाव दिया कि कोटा महोत्सव को वार्षिक कैलेंडर में स्थान दिलाने से इसके लिए पृथक बजट की व्यवस्था संभव होगी, जिससे क्षेत्रीय पर्यटन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने बताया कि कोटा में डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट आयोजित किए जाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

**स्थानीय सहभागिता और प्रशासनिक संकल्प से बनेगा पर्यटन का मजबूत आधार :** अतिरिक्त जिला कलेक्टर कृष्णा शुक्ला ने कहा कि कोटा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। यदि स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और युवाओं को जोड़कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तो कोटा पर्यटन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस दिशा में हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पर्यटन विभाग से सहायक निदेशक संदीप श्रीवास्तव, इंटेक चैप्टर से निखिलेश सेठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## केसरिया जैन ध्वज के साथ मौन जुलूस निकाला

### नैनवां के सकल जैन समाज मंदिर तोड़े जाने पर जताया रोष



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** मुंबई में बीएमसी द्वारा जैन मंदिर तोड़ने पर अहिंसा मय जैन समाज को भारी वेदना उत्पन्न हुई है। गुरूवार को नैनवां सकल जैन समाज की ओर से राष्ट्रपति के नाम का एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन से पूर्व जैन समाज के लोगो ने अपने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। जैन समाज समाज के प्रबुद्वजन एंव अध्यक्ष कमल कुमार जैन मारवाड़ा की अगुवाई में शांति वीर धर्म स्थल से मौन जुलूस के साथ उपखण्ड कार्यालय पहुॅचे। इस दौरान जैन समाज के लोग सफेद लिबास में हाथों में केसरिया जैन ध्वज लिये हुए थे। जो शहीद भगत सिंह स्मारक,बस स्टैंड होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में बताया कि शांति प्रिय जैन समाज के विरूद्व हाल में अनेक अत्याचार घटित हो रहे है। मुंबई में जैन दिगम्बर जैन मंदिरन को बी.एस.सी मुंबई द्वारा अनाधिकृत रूप से तोड़ा दिया गया। यह मंदिर 30 वर्षो से भी अधिक समय से बना हुआ था। जैन संतों पर हमला करके उनको गंभीर घायल करने वाले असामाजिक तत्वो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के तहत कड़ी से कड़ी सजा दी जावे। नेताओ द्वारा जैन समाज पर अभ्रद्र टिप्पणिया करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन के बाद सभी लोगो ने पहलगांव में आतंकी हमले में शिकार हुए लोग एंव रणथंबोर में मृतक कार्तिक सुमन को दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्वॉजलि अर्पित की गई। ज्ञापन के दौरान सकल जैन समाज अध्यक्ष प्रमोद जैन, अग्रवाल समाज अध्यक्ष देवेंद्र जैन एडवोकेट, पंडित नरेंद्र शास्त्र, विनोद मारवाड़ा,पूर्व चैयरमैन पुखराज ओसवाल सहित कई प्रबुद्वजन मौजूद रहे।

## आतंकी हमले के खिलाफ महिला कांग्रेस कोटा द्वारा कैंडल मार्च व मशाल जुलूस निकालकर पाकिस्तानी आतंकवाद का पुतला जलाया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** दिनांक 24 अप्रैल 2025 को महिला कांग्रेस कोटा शहर जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च व मशाल जुलूस संतोषी नगर चौराहे से महर्षि गौतम (टीवीएस) चौराहे तक निकालकर श्रद्धांजलि के बाद पाकिस्तानी झंडा व आतंकवाद का पुतला जलाया गया। यह मार्च जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप निकाला गया। सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला कांग्रेस, जिला,ब्लॉक, मण्डल व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं व शहरवासियों ने दो मिनट का मौन रखकर आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। हाथों में जलती मोमबत्तियों के साथ मशाल लेकर सभी ने एकजुट होकर देश की अखंडता, शांति और सुरक्षा की प्रार्थना की। मार्च के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद और आतंकवाद हाय-हाय के नारे गूंजते रहे। मार्च के बाद पाकिस्तानी झंडा व आतंकवाद का पुतला जलाया। पार्षद व जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम ने कहा कि यह नृशंस हमला न सिर्फ निर्दोष पर्यटकों पर किया गया है, बल्कि यह देश की संप्रभुता और शांति पर सीधा आघात है। देश की सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि इन आतंकियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी दी जाए व पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए ताकि भविष्य में ऐसे कृत्यों को दोहराने की कोई हिम्मत न कर सके। इस मौके पर पार्षद अनुराग गौतम, कपिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी, महासचिव श्याम गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष जॉन्टी बीरवाल, जयेश श्रृंगी, जिला सचिव योगेश विजयवर्गीय, वसीम भाटी,सेवादल प्रभारी नसरीन खानम, हेमलता यादव, चंद्रकला यादव, सुनीता शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, प्रेम पालीवाल, प्रवीण नंदवाना, पूर्व एन एस यू आई जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल पाठक,पूज्य सिंधी समाज अध्यक्ष निरंजन मेघानी, छात्रसंघ अध्यक्ष अर्पित जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामसिंह चौहान,पूर्व जिला महासचिव मुकेश योगी, पूर्व सरपंच राजेंद्र खंडेलवाल, दीपक योगी,करण सिंह नायक, आशीष नागर, दीपक राणावत, रोहित प्रजापति,महेश माधवानी, देवेंद्र जयपुरिया, संतोषी नगर व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश सोनी, सुमित शर्मा,ललित मेहरा, प्रवीण मीणा, राजकुमार मीणा, जतिन यादव आदि मौजूद रहे ।

## बार एसोशियन ने दो मिनट का मौन धारण कर दी श्रद्वॉजलि आतंकी संगठन को खात्म करने की उठाई मांग

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** अभिभाषक परिषद नैनवां द्वारा गुरूवार को कार्य स्थगन रख कर आतंकी हमले जान गंवाने वाले व्यक्तियो को दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्वॉजलि दी गई।नृशंस हत्या रोष प्रकट करते हुए नैनवां बार एसोशियन ने कड़े शब्दो में निंदा की। हमले के लिये जिम्मेदार आतंकी संगठन को खत्म किया जाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि पहल गांव में जिस तरह से जाति व धर्म के आधार पर जो नरसंहार हुआ है,जिससे पूरी मानवता शर्मसार हुई है। पर्यटकों को चुन चुन कर गोलियों से भूना गया है। भविष्य में पर्यटको को पूर्ण सुरक्षा दी जावे व इस तरह के हमलों की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो उसके लिये आवश्यक कठोर कदम उठाया जाना चाहिए। इसके अलावा बार एसोशियन के पदाधिकारियो ने एसपी के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर हाल में एडवोकेट शंम्भूलाल एडवोकेट के सुने मकान में हुई चोरी की वारदात को खुलासा किया जाने की मांग की गई।

शहर काजी ने भाईचारा बनाये रखने की अपिल- नैनवां शहर काली अब्दूल नईम अंसारी ने आंतकी हमले की कड़े शब्दो में निंदा करते हुए बताया कि पहलगांव आंतकी हमले का मकसद हमारे मुल्क हिंदुस्तान की एकता को तोड़ कर नुकसान पहुंचाना हो सकता है। हमारा हिंदू मुस्लिम एकता बरकरार रखना देश के दुश्मनों के मुंह पर एक तमाचा होगा। हम सबको एकता व भाईचारा बनाए रखने की जरूरत है। इस हमले को मजहब से ना जोड़े। यह हमला हमारे मुल्क पर किया गया आंतकी हमला है। वहां पर भारतवासियों पर हमला हुआ है। आंतकवादियों का कोई मजहब नहीं होता। हमलावरों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## पार्षद प्रतिनिधि ने वार्ड की समस्या से कराया अवगत

बढ़ता राजस्थान



रावतभाटा(नि.स.)। वार्ड नंबर 8 अनोखे राज हनुमान मंदिर, नहर रोड, अयोध्यापुरी पंजाबी धर्मशाला,बाजार नंबर एक व दो, मत्स्य विभाग,जैन नोहरा,जीवाजी क्लिनिक के पीछे,राहुल ऐण्डिया के मकान के पास,महावीर क्लॉथ के पास छबील दास जी की चक्की के पीछे, इकराम मोहल्ला, गौतम वाटिका व अन्य स्थानों के बड़े नालों की सफाई के लिए अवगत कराया पिछले कुछ महीने से नाले में साफ सफाई नहीं हुई गर्मी बहुत बढ़ रही थी नालों में भराव बहुत होने के कारण दिन भर गंदगी रहती है और गंदगी रहने से आसपास रह रहे लोगों को काफी समस्याओं का व बदबू का सामना करना पड़ रहा है जिस वार्ड वासियों व क्षेत्र वासियो को काफी परेशानी आ रही है और बीमारियां फैलने की संभावना बनी रहती है जिस पर आस पास के क्षेत्र वासियो ने पार्षद प्रतिनिधि हर्ष जैन को अपनी समस्या से अवगत कराया जिसको लेकर पार्षद प्रतिनिधि ने समस्या को गंभीरता से लिया और अपनी बात नगर पालिका प्रशासक महेश गागोरिया व अधिशासी अधिकारी मुकेश नागर को अवगत कराया जिस पर प्रशासक महोदय व अधिशासी अधिकारी ने शीघ्र अति शीघ्र निविदा जारी कर टेंडर लगाकर नालों की साफ सफाई 15 दिन के अंदर -अंदर करवाई जाएगी यह विश्वास दिलाया और क्षेत्रवासियो और वार्ड वासियो को राहत दी जाएगी । पिछले कुछ दिनों से वार्ड के अंदर व बाजार नंबर एक व दो हाट चौक क्षेत्र छबील दास जी की चक्की में कई सारे गाय बेल व पशुओं का खतरनाक आतंक है।

## फसल अवशेष नहीं जलाने के लिए जागरूकता रथ को किया रवाना

बढ़ता राजस्थान



**कोटा, (का.स.)।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल, संस्था एनसीएचएसई एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को रबी फसलों की कटाई के बाद जलाए जा रहे फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन एवं फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ से कृषकों को जागरूक करने के लिए संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) से फसल अवशेषों के समुचित प्रबंधन की जानकारी से सुसज्जित रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यह रथ अगले 15 दिनों तक जिले के 296 गाँव में घुमकर लोगों को फसल अवशेष नहीं जलाने के लिए जागरूक करेगा। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि कार्बनिक पदार्थ मृदा का एक महत्वपूर्ण घटक है जो मृदा में सुक्ष्म जीवों के लिए भोजन, नाईट्रोजन एवं सल्फर का प्राकृतिक स्त्रोत एवं मृदा की जल धारण क्षमता में वृद्धि के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

फसल अवशेषों को जलाने से यह अमूल्य पदार्थ नष्ट हो जाता है। साथ ही, मृदा का तापमान बढ़ने से लाभदायक सूक्ष्म जीव मर जाते हैं एवं फसल अवशेष जलाने से भारी मात्रा में हानिकारक गैसे जैसे मीथेन, कार्बन-डाई-ऑक्साईड, सल्फर डाई ऑक्साईड, आदि गैसों का उत्सर्जन होता है। किसान फसल अवशेष जलाते हुए पाए जाते हैं तो प्रदुषण की रोकथाम और नियंत्रण अधिनियम के तहत फसल अवशेषों को जलाने पर भूमि स्वामित्व के अनुसार 5 हजार रूपये (एक एकड से कम) पर, 10 हजार रूपये, (दो से पाँच एकड) पर एवं 30 हजार रूपये (पाँच एकड से अधिक) पर जुर्माना का प्रावधान है। इस दौरान सहायक निदेशक कृषि राजवीर सिंह, (टीम लीडर) एनसीएचएसई दीपेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. नरेश कुमार शर्मा, जुगल किशोर, अनिल अग्रवाल, हरिशंकर कहार, नरेश जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

## पदोन्नतियां सहित अन्य मांगो को लेकर दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** राजस्थान ग्रांम विकास अधिकारी संघ जयपुर के निर्देश पर गुरूवार को ग्रांम विकास अधिकारी संघ उप शाखा नैनवां के पदाधिकारियो ने बीडियो सहित पंचायतराज विभाग के अधिकारियो के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में लंबित पदोन्नतियां एवं ग्रांम विकास अधिकारी संघ से जुड़ी मांगो का उचित समाधान किया जाने की मांग की गई। साथ ही मांगे नहीं माने जाने पर 1 मई को प्रदेश के समस्त ब्लॉक मुख्यालयो पर धरना दिया जाने की चेतावनी दी गई।

ज्ञापन के दौरान बाबूलाल कारपेंटर ,कजोड़ लाल कुम्हार,कैलाश मेघवाल ,लक्ष्मण सिंह ,सुरेश नागर,रोहित यादव ,बुद्धि प्रकाश चावला ,जितेंद्र नागर,सीमा कहार,दयानंद जाखड़ ,सूरजमल गुर्जर, राकेश मीणा आदि ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

## शहर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की नवीन धर्मशाला का होगा निर्माण

### हाइवे किनारे लाहोरिया पुरा रोड़ पर हुआ भूमि पूजन,11 विस्वा भूमि पर बनेगा नवीन भवन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज की नवीन परशुराम धर्मशाला का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पूर्व धर्मशाला के अलावा यह नवीन धर्मशाला शहर के लाहोरिया पुरा हाइवे ग्यारह बी पर वाई के बाग के पास 11 विश्वा भूमि पर बनाई जा रही है। जिसको लेकर गुरुवार को समाज के बड़े बुजुर्गों और सनाढ्य ब्राह्मण सेवा ट्रस्ट एवं सेवा समिति के अध्यक्ष एवं विभिन्न पदाधिकारी की मौजूदगी में पंडित महेश शास्त्री द्वारा विधि विधान और मंत्रोच्चारण के बीच भूमि का पूजन कराया गया एवं आधारशिला रखी गई। सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट रवि पचौरी ने बताया कि पूर्व की धर्मशाला शहर के बीचों बीच में है। वर्तमान में समाज के लगातार बढ़ते परिवारों और शहर की बड़े रूप लेने के चलते आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नई धर्मशाला निर्माण की जरूरत है। जिसमें समाज के लोगों का सहयोग और बड़े बुजुर्गों ने आशीर्वाद से नवीन भवन निर्माण को लेकर यह भूमि पूजन किया है। जिसमे बड़े बुजुर्गों ने आधारशिला रखी है। ऐसे में जल्द यहां निर्माण कार्य शुरू होगा और परशुराम धर्मशाला का यह नवीन भवन बनकर तैयार होगा। शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम में सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश विधोलिया, ट्रस्ट अध्यक्ष एडवोकेट रवि पचौरी के साथ समाज के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ अम्बरीष पचौरी, जगदीश जगरिया, राधेश्याम चंसोरिया, राजेंद्र मोहन लवानिया, अशोक पाराशर, सुरेश दीक्षित, पुष्पेंद्र शर्मा, राकेश दीक्षित, दाऊदयाल शर्मा, सुरेश जगरिया, अशोक विधोलिया, शिवकुमार खेमरिया, भारत भूषण, भुवनेश शर्मा, राजेश शर्मा, हर्षराज पचौरी, विष्णु महेरे, धर्मेंद्र विद्यौलिया, हरेश भंडारी,राहुल शर्मा सहित विप्र बन्धु मौजूद रहे।

# भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने उच्च अधिकारियों संग लिया चम्बल परियोजना के विकास कार्यों का जायजा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राजाखेड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहीं नीरजा अशोक शर्मा ने गुरुवार को उच्च अधिकारियों के साथ मिलकर चम्बल लिफ्ट परियोजना के विकास कार्यों का क्षेत्रीय दौरा कर जायजा लिया। गुरुवार को भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा संबंधित अधिकारियों के साथ चंबल पहुंची जहां उन्होंने चम्बल इंटेक बेल, सागरपाड़ा कैंपस पहुंची जहां 132 केवी जीएसएस के लिए चम्बल लिफ्ट फीडर का जायजा लिया जिसके बाद अधिकारियों के साथ राजाखेड़ा क्षेत्र में चम्बल लिफ्ट के लिए बने टैंक व डाली गई पाइप लाइन का बारीकी से जायजा लिया जिसके साथ ही ड़रास पुरा, मरे ना, गढ़ी जवाहर, बसई कारे डैम व सोमाली पर बने टैंक व डैम का जायजा लिया शर्मा ने बताया कि कई जगह बने टैंक व ट्यूबल पंप क्षतिग्रस्त हो चुके थे जिन्हें अतिशीघ्र ठीक करने के लिए कहा गया जिसके साथ ही जिस क्षेत्र में नहर की पाइप लाइन नहीं डाली गई वहां जल्द ही पाइप लाइन डाली जाए जिससे कार्य को गति मिल सके, साथ ही भाजपा नेत्री शर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा कि नहर का पानी क्षेत्र की जनता को अक्टूबर माह तो मिल जाएगा और यहां की जनता की समस्या का हल हो जाएगा। इस दौरान अधीक्षण अभियंता सुरेश मीणा और अधिशाषी अभियंता बिज्जेलाल शर्मा ने इस बहुप्रतीक्षित परियोजना की दिशा और संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी भी दी।अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना न केवल खेतों को सींचेगी, बल्कि भविष्य में पेयजल संकट से भी राहत दिलाएगी। पेयजल आपूर्ति का कार्य जलदाय विभाग द्वारा किया जाएगा ओर कृषि विभाग किसानों को स्प्रिंकलर प्रणाली के लिए सब्सिडी प्रदान करेगा, जिससे जल का संरक्षण और खेती की गुणवत्ता दोनों हो सकें। साथ ही कहा कि अक्टूबर तक किसानों को नियमित सिंचाई जल मिलने लगेगा,और परियोजना निर्माण कार्य को जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही अगले 20 दिनों में प्रति व्यक्ति जलापूर्ति शुरू करने की दिशा में भी तीव्रता से काम किया जा रहा है। चंबल लिफ्ट परियोजना इस क्षेत्र के किसानों के भविष्य की नींव है, हम इसे हर हाल में पूर्ण करवाकर अंतिम किसान तक इसका लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। नीरजा शर्मा ने किसानों से संवाद कर उनकी पीड़ा को जाना और भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार किसान हितैषी नीतियों के तहत हरसंभव मदद देगी।

यह दौरा केवल एक निरीक्षण नहीं बल्कि राजाखेड़ा के विकास की दिशा में एक मजबूत और संवेदनशील नेतृत्व की सक्रिय पहल थी।किसानों की आवाज़ बनकर उभरीं नीरजा शर्मा,चंबल लिफ्ट परियोजना बनी आशा की नई धारा। इस दौरान उनके साथ सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता सुरेश मीणा, अधिशासी अभियंता बिज्जे लाल शर्मा, सहायक अभियंता गिर्राज सिंह एवं अन्य अधिकारी व चंबल लिफ्ट परियोजना की कार्यकारी कंपनी जीवीपीर के शीर्ष अधिकारी व भाजपा के वरिष्ठ नेता केदार पोसवाल, युवा नेता जयवीर पोसवाल, पूर्व जिला प्रमुख रामवती जाटव, हुकुम सिंह लोधा, रामू सिकरवार, ऐदल सिंह लोधा, मिश्रीलाल, गजेन्द्र सरपंच, देवेंद्र मुद्गल, रामकिशोर शर्मा, कुंवर सिंह, मुकेश बघेल एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लक्ष्मी पैलेस में पतंजलि में लगाया निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट बयाना की ओर से गुरुवार सुबह लक्ष्मी पैलेस मैरिज गार्डन, बयाना में एक दिवसीय नि:शुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव ने लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश देते हुए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की अपील की।

शिविर में बयाना कस्बे के सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योगाभ्यास किया। स्वामी परमार्थ देव ने कहा, 'अच्छे आहार, सकारात्मक विचार और नियमित योग से हम न केवल खुद को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि एक समृद्ध और समर्थ राष्ट्र निर्माण में भी योगदान दे सकते हैं।' उन्होंने जंक फूड, फास्ट फूड और डिब्बा बंद प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से दूरी बनाने की सलाह दी। स्वामी जी ने कहा कि पतंजलि योगपीठ का उद्देश्य है – 'हर व्यक्ति को निरोग और आत्मनिर्भर बनाना।' शिविर समापन के बाद स्वामी परमार्थ देव ने पतंजलि योग समिति और भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक ली, जिसमें गांवों में भी योग शिक्षकों को तैयार कर 'ढाणी-ढाणी तक योग पहुंचाने' की योजना पर चर्चा हुई। शिविर के समापन पर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की गई और शिविर में भाग लेने वाले लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राज्य प्रभारी अरविंद पांडे, पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पवन कुमार, किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी सरदार बलदेव सिंह, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी आनंद आर्य, महिला प्रदेश प्रभारी सुनीता गुर्जर, तहसील प्रभारी वैद्य ब्रह्मानंद शर्मा एवं घनश्याम पचौरी, गोविंद शर्मा, परशुराम शर्मा, वेदप्रकाश अरौदा, वैद्य विनोद बिहारी शर्मा, कमल आर्य, सुभाष सिंघल, प्रदीप आर्य, सुनयना आर्य सहित अनेक पदाधिकारी व योग प्रेमी मौजूद रहे।

### हाइवे ग्यारह बी पर नहीं रुक रहे सड़क हादसे

## कैलादेवी दर्शन कर लौट रहे परिवार को तेज गति बाइक ने कुचला, उपचार के दौरान मौत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर सुनीपुर गांव के एक अनियंत्रित तेज गति बाइक ने सड़क पार कर रहे 6 वर्ष के मासूम को कुचल दिया। दुर्घटना में घायल बालक को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सको ने धौलपुर,और धौलपुर से ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। जहां सदर पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामें के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है और शव परिजनों को सौप दिया है। बालक अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। जानकारी के अनुसार उपखंड के सुनीपुर गांव निवासी पप्पू मीणा अपनी पत्नी और 6 वर्षीय मासूम आदित्य एवं अन्य परिजनों के साथ बुधवार की सुबह रोडवेज बस से करौली कैलादेवी माता के दर्शन करने गया था। जहां से शाम करीब 6 बजे जब वापस लौटा तो पूरा परिवार गांव के चौराहे पर बस से उतरने के बाद रोड को क्रॉस कर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान हाइवे पर सरमथुरा की और से आ रही तेज गति बाइक ने उनके 6 वर्षीय मासूम बेटे आदित्य को कुचल दिया। दुर्घटना में घायल आदित्य को पिता पप्पू और अन्य ग्रामीण तुरंत बाड़ी अस्पताल लेकर आये। जहां मौजूद चिकित्सको ने तुरंत प्राथमिक उपचार के बाद बालक को जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया। धौलपुर जिला अस्पताल में जब बच्चे की तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। ऐसे में बुधवार की रात परिजन उसे ग्वालियर उपचार के लिए ले जा रहे थे। कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बालक के शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया। जहां गुरुवार को दिन में सदर थाना पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक आदित्य के शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना को लेकर पीड़ित परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुनीपुर निवासी समाजसेवी रामकेश मीणा ने बताया कि पप्पू के केवल एक ही संतान थी। जिसका अचानक दुर्घटना में निधन हो गया है। पप्पू खेती-बाड़ी का काम करता है।घटना के बाद से गांव में शोक छाया है ।

## जगदीश बंसल अमेरिका निवासी की ओर से 20 लाख रुपए अग्रवाल सभा को भेंट



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जगदीश बंसल जी बाड़ी वाले जो कि अमेरिका में रहते हैं। उनके द्वारा अग्रवाल सभा बाडी के लिए 20 लाख रुपए दान स्वरूप दिए। अग्रवाल सभा बाड़ी जगदीश प्रसाद जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती है तथा आभार व्यक्त करती है। इस प्रयास को पूर्ण करने में पीडी अग्रवाल मोहन मित्तल सर्राफ तथा दीनदयाल मित्तल रामकुमार गर्ग हरिशंकर सर्राफ तथा अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग का विशेष प्रयास रहा तथा अग्रवाल सभा बाड़ी द्वारा आदरणीय जगदीश बंसल जी को शॉल साफा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। परिवार जन बृजमोहन बिजुआ बंसल भाई सोनू प्रदीप तथा सभी परिवार जनों का विशेष सहयोग रहा। अग्रवाल सभा बाड़ी आदरणीय जगदीश बंसल जी के सुखद भविष्य एवं स्वास्थ्य की शुभकामना ईश्वर से करती है। और सभी परिवारजनों को पुन: धन्यवाद करती है।

## अंशु मित्तल प्रदेश मंत्री मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के प्रदेश मंत्री पद पर कस्बा भुसावल निवासी एवं अग्रवाल समाज के उप मंत्री अंशु मित्तल को मनोनीत किया है। स्थानीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंगल के अनुसार अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग की सहमति से प्रदेश महामंत्री सन्मति हंकारा द्वारा प्रदेश मंत्री पद पर नियुक्त किए जाने पर कस्बे के गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अंशु मित्तल को बधाइयां दी है।

## डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर पुस्तक का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** डॉ भीमराव अंबेडकर को सच्चा सम्मान भारतीय जनता पार्टी ने दिया। यह कहना है डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह का डॉक्टर सिंह डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भुसावर कस्बे के एक रिसोर्ट में भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर डॉ भीमराव अंबेडकर सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष हरवीर बाछैन, वैर शहर मण्डल अध्यक्ष संतोष धाकड, नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव, मोहन रारह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेष पाण्डेय, धर्मेन्द्र पाण्डेय सहित कार्यकर्ता रहे। अध्यक्षता धीरज पाण्डेय द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ अतिथि सम्मान करते हुए किया गया। जहां सर्वप्रथम भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर पुस्तक का विमोचन किया गया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पहलगाव हमले का किया विरोध



बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले का विरोध किया। बयाना मोड पर कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका और आतंकवाद विरोधी व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

कार्यकर्ताओं ने पहलगाम हमले को शर्मनाक कृत्य बताया। उन्होंने दो मिनट का मौन रखकर हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही घायल पर्यटकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसी घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकतीं। उन्होंने कहा कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार के साथ एकजुट हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और आतंकवाद का समूल नाश करे। नगर मंत्री पालवेन्द्र गुर्जर ने बताया कि एबीवीपी पूरे भारत में आंतकवाद का विरोध कर रही है वो जैसा कि सबको पता है पहलगांव में आतंकी हमला हुआ है उसमें ना जाती पूछी, ना नाम पूछा, पूछा तो सिर्फ धर्म अगर हिंदू हो तो गोली मार दी गई केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंक के खिलाफ सख्ती से कार्य करे जिससे भारत माता की तरफ कुत्सित दृष्टि रखने वाले की रूह कांप उठे।

विरोध प्रदर्शन के दौरान नगर अध्यक्ष शैलेंद्र जादौन, नगर मंत्री पालवेन्द्र गुर्जर नगर सह मंत्री रघुराज सिंह परमार, देवेश अग्रवाल, अनीश, शिवांशु परमार, सनी फौजी, गौरव, प्रतीक्षा माणिक, राधिका पाराशर, आनंद परमार, बालकृष्ण शर्मा, हिना खान सहित कई एबीवीपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## निर्दोष पर्यटको की निर्मम हत्या करने वालों को मौत दो : शुभम शर्मा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा

बढ़ता राजस्थान




**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में विहिप बजरंग दल रूपबास द्वारा शुभम शर्मा, गौरव राजावत, गौरव गोले के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया और जिहादी आतंकवाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद हिदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, लोगों में आक्रोश पैदा हो रहा है केंद्र सरकार से आतंकवाद को घर मे घुसकर खत्म करने की मांग की। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम शर्मा ने कहा जो निचले स्तर का कृत्य जम्मू कश्मीर के पहलगांव में निर्दोष हिंदुओं की हत्या नाम पूछकर तथा हिन्दू धर्म के आधार पर की गई है उससे उनकी ओछी मानसिकता तथा क्रूरता की हैवानियत दर्शाती है कि ऐसे लोगों को तथा उनको समर्थन करने वालों को चाहे वह किसी धर्म या जाति के ही क्यों न हों सरेआम लाल चौक पर गोली मारकर सबक सिखाया जाना चाहिए। गौरव राजावत ने कहा कि पाकिस्तान को या आतंकवादियों को समर्थन करने वाले जो हिन्दुस्तान में रह रहे हैं वह या तो भारत छोड़कर गद्दार और बेशर्म पाकिस्तान में चले जाएं वरना एक भी पाकिस्तान का समर्थन वाला भारत में नजर आया तो भारतीय जनता उसे जान से मारने में गुरेज नहीं करेगी। इस अवसर पर शुभम शर्मा, शेर सिंह राजावत ,रोहित कश्यप, बंटी अंबेश,शेर सिंह राजावत, रोहित कश्यप, बंटी अंबेश, शुभम शर्मा, राधे शिकवार,अमन अरोड़ा, जीतू परमार, विनोद मंगल,कोमल, गब्बर चौधरी, विशाल रघुवंशी, रवि सिकरवार हरी चंद, शर्मा, सत्तू अभिषेक राजावत हर्ष बंसल, कल शर्मा, कृष्णा, उत्तम ककरेटिया, राधे सिकरवार, अमन अरोड़ा, जीतू परमार, विनोद मंगल, कोमल, गब्बर चौधरी, विशाल रघुवंशी, रवि सिकरवार हरी चंद शर्मा, सत्तू अभिषेक राजावत हर्ष बंसल, कल शर्मा, कृष्णा, संतोष सिकरवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी में बिजली का लोड बढ़ने के साथ हो रही तार टूटने की घटनाये

### आग लगने और तार टूटने से नागरिको में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में भीषण गर्मी के प्रकोप से जहां आमजन परेशान है वही बिजली के झूलते और जर्जर तार लगातार बिजली सप्लाई को बाधित कर रहे है। ऐसे में लगातार गर्मी के बढ़ने से तार टूटने की घटनाएं बड़ रही है। बुधवार की रात करीब 09 बजे शहर के किला गेट के पास स्थित कोट पाड़ा मोहल्ले में सुनार गली के पास बिजली के तारो में आग लग गई। जिसके बाद यह तार टूटकर जमीन पर आ गिरे। गनीमत रही की कोई हादसा नही हुआ।

कोट पाड़ा मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिक उमेश अग्रवाल, वीरेंद्र दीक्षित, पार्षद संगीत शर्मा,पार्षद सेलू वर्मा आदि ने बताया की आए-दिन मोहल्ले में बिजली के तारों में आग लग रही है। तार टूट कर नीचे आ गिरते है। झूलते बिजली के तार जर्जर हैं। जिन्हें जुगाडू पद्धति से जोड़ दिया जाता है। इसी के चलते दुर्घटना हो रही है। गनीमत यह है कि अभी तक कोई जनहानि नहीं हुई है। इसको लेकर कई बार डिस्कॉम कार्यालय में लिखित में शिकायत की जा चुकी है। अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। बुधवार की रात 9 बजे भी बिजली के तारों में आग लग गई। इसके बाद यह तार टूट कर जमीन पर आ गिरे। इसके पीछे बढ़ती गर्मी में लोड का बड़ना है। हालांकि सूचना पर थोड़ी देर बाद डिस्कॉम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने तारों को दुरुस्त कर दिया है लेकिन जुगाडू पद्धति से यह तार जोड़े जाते हैं जो लोड को नहीं झेल पा रहे हैं।

**बिजली ट्रांसफार्मर पर भी बढ़ रहा है लोड,नहीं की गई है मेंटेनेंस :-** गर्मी के प्रकोप से जहां बिजली के तारों में आग लगने और टूटने की घटनाएं बड़ी है।

वही ट्रांसफार्मर पर भी लोड बढ़ रहा है। जिनको मेंटेनेंस की जरूरत है। ऐसे में ट्रांसफार्मर खराब होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं डिस्काम का खर्चा बढ़ेगा। ऐसे में मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिक एडवोकेट महेश शर्मा, बार संघ के अध्यक्ष मुकेश कौशिक आदि ने मांग की है कि डिस्कॉम द्वारा ट्रांसफार्मर की मेंटेनेंस कराई जाए और लोड अधिक होने पर उसे डिवाइड किया जाए जिससे आम नागरिक परेशान नहीं हो।

## क्रय विक्रय सहकारी समिति चुनाव सम्पन्न गिरजेश शर्मा अध्यक्ष व आकाश सिंह बने उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड में गुरुवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव में गिरजेश शर्मा निर्विरोध अध्यक्ष और आकाश सिंह उपाध्यक्ष चुने गए। समिति में 11 वर्षों के बाद चुनाव हुए। इससे पूर्व 18 अप्रैल को संचालक मंडल के सभी 8 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। इनमें ग्राम सेवा सहकारी समिति से आकाश सिंह और मेघा कुमारी शामिल हैं। भारती महिला बहुउद्देशीय समिति महमदपुरा से विमलेश कुमारी चुनी गईं। अन्य निर्वाचित सदस्यों में गिरजेश शर्मा, उषा देवी बंध बारैठा, गायत्री देवी, रामदास महमदपुरा और पृथ्वीराज धाधरैन हैं।

चुनाव अधिकारी और सहकारी समिति के सहायक रजिस्ट्रार रामनिवास मीना के अनुसार, सुबह 10 से 11 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चली। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए एक-एक नामांकन आया। जांच में दोनों नामांकन वैध पाए गए। दोपहर 2 बजे नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने पर दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। स्थानीय विधायक डॉ. ऋतु बनावत और बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष ऋष बंसल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपा।

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुवे कायराना आतंकी हमले को लेकर कपासन क्षैत्र में तीव्र रोष के साथ सख्त कार्यवाही की एक साथ बुलंद हुई आवाज

## मुस्लिम समाज ने कड़े शब्दों में निंदा कर आतंक पर कार्यवाही की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुवे कायराना आतंकवादी हमले के विरोध में आम मुसलमान अंजुमन कमेटी कपासन के तत्वावधान में समस्त क्षेत्रीय मस्जिदों के इमाम एवं ओलमा ए किराम द्वारा गुरुवार को राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन सौंपकर आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की गयी है।

आम मुसलमान अंजुमन कमेटी प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुवे कायराना हमले में देश के 26 बेकसूर नागरिक शहीद हो गये।जो एक हृदयविदारक घटना है।जिसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हुवे आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग करते है।साथ ही आम मुसलमान अंजुमन कमेटी के संयोजन में आतंकी हमले में शहीद हुवे नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस दौरान शहर काजी सईद सैय्यद,नगर पालिका कपासन उपाध्यक्ष एजाज अली,कलंदरी मस्जिद इमाम अब्दुर्रहमान अशरफी,दरगाह इमाम शाकिर रजा,मस्जिद मंसूरीयन इमाम आशिफ हुसैन,मस्जिद बड़ा तालाब इमाम सैय्यद मुस्तफा अली,मौलाना आदिल रजा,मोहम्मद गनीशेख,मोहम्मद अब्बास नीलगर,हाजी मोहम्मद हारून,हाजी मोहम्मद यासीन, हाजी मोहम्मद यूसुफ,मुख्तियार पटेल,मोहम्मद अकरम मंसूरी आदि मुस्लिम समाज के युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### नगर कांग्रेस कमेटी कपासन ने आतंक का पुतला फूंककर ज्ञापन सौंपा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुवे कायराना आतंकवादी हमले के खिलाफ नगर कांग्रेस कमेटी कपासन द्वारा नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहे पर नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला फूंका गया।इसके बाद उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।जिसमे मानवता के दुश्मन आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की गयी है।इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा दो मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।



नगर कांग्रेस प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत,पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा,पूर्व नपा अध्यक्ष प्रमोद मोदी,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश चाष्टा,पूर्व वरिष्ठ कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, सेवादल नगर अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार,जिला कोषाध्यक्ष सतीश नंदवाना,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद बारेगामा,जिला उपाध्यक्ष सैयद असलम अली, संदीप सोमानी,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद गुर्जर,पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन शर्मा,पार्षद प्रतिनिधि ललित टांक,युवा समाजसेवी अनिल मोची, पूर्व पार्षद गुलाब रेगर,मधुसूदन कुमावत अंकित वैष्णव,सत्यनारायण सेन,श्यामलाल चोटिया,गोपाल सेन आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पहलगाम में आंतकियो द्वारा किये हमलों में दिवंगत हुवे हिंदु देशवासियो को भाजपा इकाई द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बेसरान घाटी में आंतकियो द्वारा कायराना हमला कर निर्दोष हिंदुओ की धर्म पूछ कर गोली मार कर निर्मम हत्या कर दी गई, आंतकियो के इस शर्मनाक, सनसनी खेज घटना की पूरी दुनिया मे घोर निंदा की जा रही है, इस अकस्मात हुई घटना से हर देश वासी स्तब्ध रह गया, इस आतंकी हमले में मारे गए सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए आज भाजपा मंडल चौमहला इकाई द्वारा मंडल अध्यक्ष गौतम ओसवाल की अगुवाई में मंडल के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यालय पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनिट का मौन रखकर श्रंद्धांजलि अर्पित की गई, शोक सभा को गौतम ओसवाल, करन सिंह, दिलीप मोरी, आदित्य कटारिया, वासुदेव विश्वकर्मा, सीताराम वर्मा, देवी सिंह, पत्रकार सुरेश सिंह आदि ने संबोधित कर आंतकियो की शर्मनाक व कायराना हरकत की घोर निंदा की, वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। इस शोक सभा मे भाजपा के सभी वरिष्ठ गणमान्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## देईखेडा गेहूं खरीद केंद्र पर अधिकारी द्वारा किसानों को परेशान करने का आरोप

### लोकसभा अध्यक्ष के आदेशों की भी अधिकारी नहीं कर रहे पालना



बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच)। जिले के देईखेडा कस्बे में संचालित एफसीआई गेहूं खरीद केंद्र पर नियुक्त अधिकारी गोरी सिंह द्वारा किसानों के गेहूं की गुणवत्ता के नाम पर उन्हें खरीद से वापस लौटाया जा रहा है जिससे किसानों में अधिकारी के इस रवैया पर रोष व्याप्त है गुरूवार को करीब एक दर्जन केन्द्र पर लाये किसानों के गेहूं की क्वालिटी को खराब बताकर उन्हें वापस लौटाया गया क्वालिटी इंस्पेक्टर के इस मनमाने तरीके से किये जा रहे व्यवहार पर देईखेडा सरपंच राजकुमार मीना विधायक प्रतिनिधि अशोक मीना, किसान नेता महेश मीना, पूर्व सरपंच बलराम मालव, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राम-लक्ष्मण मीना, युवा नेता नरेंद्र बहडावली सुरेंद्र बैरवा आदि ने नाराजगी जाहिर करते हुए एफसीआई डीएम को अवगत कराया

कुछ दिन पूर्व कोटा संभाग की एफसीआई व जिला कलेक्टरों की बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी अधिकारियों को निर्देशित कर किसानों की गेहूं खरीद में किसी प्रकार की गुणवत्ता के नाम पर परेशान नहीं करने की हिदायत दी थी परन्तु एफसीआई अधिकारी पालना नहीं कर किसानों को परेशान किया जा रहा है

## पहलगाम में आतंकियों के हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** पहलगाम में आतंकियों के हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को फ्री जल सेवा समिति द्वारा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। चौमहला रेलवे स्टेशन पर संचालित फ्री जल सेवा समिति द्वारा गुरुवार को यात्रियों को ठंडा जल पिलाने से पहले प्याऊ पर एकत्र होकर पहलगाम में आतंकियों के हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को फ्री जल सेवा समिति द्वारा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, ओम प्रकाश निगम, समरथ भंडारी, मनीष पासी, पक्षाल जैन,राहुल पासी, भव्य गुप्ता, पंकज डोसी, श्याम खमोरा, ईश्वर सेन, करणसिंह, मेहरबान सिंह सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# आतंकी हमले के विरोध में अभिभाषक परिषद द्वारा सैकड़ो अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया

## अधिवक्ताओं द्वारा शोक सभा रख श्रद्धांजलि दी

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** अभिभाषक परिषद बून्दी के द्वारा गुरुवार को जिला एवं सेशन न्यायालय के बाहर चौक पर समस्त अधिवक्ताओं द्वारा एकत्र होकर शोक सभा रखी गई। शोक सभा में अभिभाषक परिषद बून्दी के सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर पहलगाम में हुए हत्या कांड में मारे गए पर्यटकों व नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस के बाद अभिभाषक परिषद बून्दी समस्त सदस्यों द्वारा अदालत परिसर से जुलूस शुरू किया गया जो कोटा रोड होते हुए अहिंसा सर्किल होते हुए जिला कलेक्टर बूंदी कार्यालय पहुँचे। जहाँ अभिभाषक परिषद बूंदी के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री भारत सरकार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन पढ़ा। ज्ञापन में लिखा था कि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अभिभाषक परिषद बूंदी की ओर से पहलगाम में पर्यटको पर दिनांक 22 अप्रैल को जाति व धर्म पूछकर महिलाओं को एक तरफ कर के बच्चों के सामने पुरुषों को गोली मारकर 27 व्यक्तियों की नृशंस हत्या कर दी गई है और महिलाओं से यह कहा गया कि मोदी को बता देना। अभिभाषक परिषद बून्दी इस नृशंस हत्याकांड से गहरी भर्त्सना करती है और प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से आंतंकियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा आतंक को घोषित करने वाले पाकिस्तान पर भी कठोर कार्यवाही की मांग करती है। हमारा देश विविधता वाला देश है जो सभी धर्म के लोग एक साथ परिवार की तरह रहते हैं ।

इस तरह की धार्मिक विध्देश बढ़ाने की घटना से देश भर में पर्यटन व्यवसाय पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। और देश में हिंदू मुस्लिम समुदाय के बीच इस घटना से खाई बढ़ने की संभावना है। इसलिये इस ज्ञापन के माध्यम से अभिभाषक परिषद बूंदी प्रधानमंत्री व गृहमंत्री से इस घटना के जिम्मेदार आतंकियों को शरण दी वह चाहे देश में दुश्मन देश पाकिस्तान का समर्थन करने वाले नेता हो सभी पर भारतीय संविधान कानून के अनुसार कठोर कार्यवाही की जाए। अभिभाषक परिषद बून्दी के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा और इस घटना पर शीघ्र से शीघ्र कठोर कार्यवाही करे ताकि देश में वर्तमान में जो भावनाओ का उबाल जानता में है वह शांत हो सके। उपाध्यक्ष नारायण सिंह, सहसचिव कविता कहार, पुस्तकालय सचिव सुरेन्द्र वर्मा, कार्यकरणी सदस्य जितेंद्र कुमार जैन, नईम हुसैन, अजय सिंह मीना, सहित वरिष्ठ अधिवक्ता नवेद केसर लखपति, दिनेश पारीक, कैलाश नामधराणी , संजय शर्मा, अनुराग शर्मा, मनीष कुमार जैन, कपूर चंद सेठिया, आनंद सिंह नरुका, ऋषभ शर्मा, कैलाश गुप्ता, राजू सिंह, कमल कुमार जैन, नगेंद्र सिंह हाड़ा, राकेश ठाकुर , प्रमोद बाकलीवाल, गोपाल गुप्ता, शोयब मद्राशी, राजीव लोचन, अमित निम्बार्क, पदम कासलीवाल, गीतेश पंचोली, मुकेश शर्मा, देवराज गोचर, हिमांशी शर्मा, भूपेन्द्र सहाय सक्सेना, अनीस मोहम्मद, कृष्ण मुरारी, अलीना शेख, फातिमा, नंदनी विजय, महेश शर्मा, राजकुमार गोयल, आदित्य भंडारी, सुधीर शर्मा, अरुण जैन, नंदलाल योगी मौजूद थे। यह जानकारी अभिभाषक परिषद के मीडिया प्रभारी एडवोकेट शिवराज नागर ने दी।

## अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने किया आकस्मिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने गुरुवार को पंचायत समिति चौथ के बरवाड़ा की ग्राम पंचायत पाँचोलास एवं खिजूरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों का जायज़ा लिया। इस दौरान एसीईओ ने पंचायत में स्वच्छता पर विशेष अभियान चलाकर ग्राम पंचायत को स्वच्छ बनाने योजनाओ में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश दिए! निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत खिजूरी के सचिव एवं अन्य कार्मिक उपस्थित नही मिले इस पर उन्होंने नाराज़गी जताते हुए कार्मिकों को नोटिस जारी करने की बात कही।

## मंशा, नीतू व निशा ने जीती प्रोत्साहन राशि

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** सिकोई डिकोन संस्था की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत आरएससीआईटी कोर्स करने वाले युवाओं को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन राशि योजना के अन्तर्गत तीन छात्राओं ने प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है।

शाखा प्रभारी प्रहलाद जाट ने बताया कि संस्था के डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम कें अन्तर्गत संस्था द्वारा आरएससीआइटी कोर्स करने वाले युवाओं के लिए लाटठी प्रणाली के माध्यम से प्रोत्साहन राशि जीतो प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। इस योजना के अन्तर्गत गुरूवार को लाटरी के माध्यम से परिणाम निकला गया। जिसमें सदरपुरा की छात्रा मंशा गुर्जर व नीतू कुमावत व चांदसेन की निशा मीणा का चयन हुआ है। संस्था ने इन तीनो छात्राओं को प्रोत्साहन राशि पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चयन होने पर बधाई दी।

# भीलवाड़ा में तिहरा हत्याकांडः मंदिर चौकीदार की हत्या के बाद आरोपी के घर से मिले दो और शव

### शहर की रमा विहार कॉलोनी में एक के बाद एक तीन निर्मम हत्याओं से फैली सनसनी, आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** शहर के रमा विहार क्षेत्र में स्थित अय्यपा मंदिर में बुधवार देर रात हुई चौकीदार की हत्या ने गुरुवार को एक और खौफनाक मोड़ ले लिया। मंदिर परिसर में चौकीदारी कर रहे 54 वर्षीय लाल सिंह रावणा राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी दीपक नायर को गिरफ्तार कर लिया। दीपक मूल रूप से केरल का निवासी है और वर्तमान में बापूनगर इलाके में रह रहा था।

हत्या इतनी निर्मम थी कि मृतक के गुप्तांग भी क्षत-विक्षत अवस्था में पाए गए। लेकिन मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया जब गुरुवार दोपहर आरोपी के निवास स्थान से दो और शव बरामद हुए।

### मकान से उठी बदबू ने खोला तिहरे हत्याकांड का राज

गुरुवार दोपहर सुभाषनगर पुलिस आरोपी दीपक नायर के घर उसकी बाइक की बरामदगी हेतु पहुंची। जैसे ही पुलिस घर के पास पहुंची, एक तेज दुर्गंध ने उन्हें चौंका दिया। तत्काल प्रतापनगर थाना पुलिस को सूचित किया गया, जो तुरंत मौके पर पहुंची। दरवाजा खोलते ही पुलिस टीम के होश उड़ गए- हॉल में दो शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़े थे। खून से सना कमरा भयावह दृश्य प्रस्तुत कर रहा था।

### शवों की पहचान, बचपन के दोस्तों के रूप में हुई-



मृतकों की पहचान संदीप भारद्वाज और मोनू टांक के रूप में हुई है, जो दीपक नायर के बचपन के मित्र बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि इन दोनों की हत्या भी उसी क्रूर तरीके से की गई, जैसे मंदिर चौकीदार की।

### एक आरोपी, तीन हत्याएं -जांच में जुटी पुलिस

एक ही व्यक्ति द्वारा इतनी निर्ममता से तीन अलग-अलग व्यक्तियों की हत्या किए जाने की घटना ने पूरे शहर को दहला दिया है। पुलिस अब तिहरे हत्याकांड की कड़ियों को जोड़ते हुए हत्या के पीछे के कारणों और मानसिक स्थिति की पड़ताल में जुट गई है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह के अंर्तगत जिला स्तरीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

### पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में असमय दिवंगत हुई पुण्यात्माओं के प्रति दो मिनट का रखा मौन



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के तहत 6 अप्रैल से जारी कार्यक्रमो का समापन संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सम्मान समारोह के अंर्तगत जिला स्तरीय संगोष्ठी से हुआ।

गुरुवार को शहर के देवपुरा स्थित एक निजी रिसोर्ट में आयोजित संगोष्ठी में संभाग प्रभारी सोमकांत शर्मा ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका लिखा संविधान देश की लोकतांत्रिक आत्मा की रक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के आदर्श और मूल्य हमारी राष्ट्रीय चेतना के स्तंभ हैं।उनका भारत के निर्माण में अतुलनीय योगदान रहा है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है, जो समानता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। उनका जीवन संघर्ष, समर्पण और जनसेवा की अदभुत मिसाल है। जिला संयोजक राकेश बोयत ने सम्पन्न हुए कार्यक्रमो का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि बाबा साहेब कमजोर वर्गों के जनप्रिय नायक व संघर्षों के प्रतीक पुरुष थे। जिन्होंने समता आधारित समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष मोडू लाल वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का संचालन अमित निम्बार्क ने तथा धन्यवाद शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी ने दिया।

यह मंचासीन रहे। पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी बील्या, कालू लाल जांगिड़ व सुरेश अग्रवाल, सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा व डॉ. बृजबाला गुप्ता, स्थापना दिवस कार्यक्रम संयोजक संजय लाठी, सह संयोजक मोहन कराड़, जिला सह संयोजक ओम धगाल, गीताराम मीणा व रजनी छाबड़ा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नूपुर मालव, सुधार जन जागरण अभियान के जिला संयोजक हाजी मेहमूद गौरी कल्लन मंचासीन रहें।

कार्यक्रम के अंत मे गत दिवस पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में असमय दिवंगत हुई पुण्यात्माओ के प्रति दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# प्रदेश में ग्रामीण अंचल तक पत्रकारों की आवाज बनेगा मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स : नीरज गुप्ता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान में पत्रकारों की समस्याओं को सशक्त मंच पर उठाने और उनकी आवाज बनने के उद्देश्य से मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स (एमसीजे) पूरे प्रदेश में सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज गुप्ता का एक दिवसीय भीलवाड़ा दौरा उल्लेखनीय रहा। सर्किट हाउस में हुए स्वागत समारोह और बैठक में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव मनीष जाजड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेहरा, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष रमेश योगी भी उनके साथ उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि शहरी ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में कार्यरत आंचलिक पत्रकारों की समस्याओं को भी प्राथमिकता से सुना जाए और उन्हें उचित मंच से उठाया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि एमसीजे ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कार्य योजना पर कार्य कर रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं को एक मंच पर लाकर एक ट्रिब्यूनल के माध्यम से सरकार के समक्ष रखा जाएगा इसके लिए एमसीजी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राठी के प्रयासों से देश के विभिन्न संगठनों से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पत्रकारों के अधिस्विकरण की समस्या का समाधान करने के लिए नियमों का सरलीकरण तथा यह कार्य त्वरित गति से इसके लिए एमसीक्यू अपनी भूमिका तय करेगी। गुप्ता ने कहा कि संगठन जल्द ही प्रदेश के हर जिले में अपनी इकाइयों का विस्तार करेगा और वर्तमान में सदस्यता अभियान पूरे जोरों पर है।

गुप्ता ने बताया कि पत्रकारों की अधिस्वीकरण, मान्यता और कार्य के दौरान आने वाली बाधाओं को लेकर संगठन राज्य सरकार से संपर्क करेगा और आवश्यक मांगें रखेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन में केवल सक्रिय और कार्यरत पत्रकारों को ही स्थान दिया जाएगा, जिससे संगठन की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता बनी रहे।

बैठक के दौरान गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएगा। इसके तहत आगामी दिनों में चंडीगढ़ में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भविष्य की दिशा और योजनाओं पर विचार किया जाएगा।

भीलवाड़ा में संगठनात्मक विस्तार की दिशा में गुप्ता ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने नरेश कुमार पारीक को जिला संयोजक, मूलचंद पेसवानी को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा मनीष शर्मा को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त करने की घोषणा की और उन्हें नियुक्ति पत्र भी सौंपे। वहीं, भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष की घोषणा शीघ्र ही जिले के सदस्यों की रायशुमारी के बाद की जाएगी।




कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया और आभार व्यक्त किया कि कोई संगठन उनके मुद्दों को गंभीरता से लेकर आगे बड़ा रहा है।

इस अवसर पर पत्रकार, मनीष शर्मा, सुखपाल जाट, महेंद्र ओरड़िया अशोक जैन, नवीन जोशी, रतनलाल प्रजापति, सुखदेव गाडरी ओमप्रकाश बिड़ला सुरेन्द्र सागर, पुष्प कांत जोशी कैलाश शर्मा व सत्येंद्र मंडेला सहित कई अन्य पत्रकार मौजूद रहे। इस आयोजन ने पत्रकारिता जगत में एक नई उम्मीद की किरण जगाई है, विशेषकर उन पत्रकारों के लिए जो दूर-दराज के क्षेत्रों में सीमित संसाधनों में जनहित की पत्रकारिता कर रहे हैं।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वन को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**टोंक,(का.स.)।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वन को लेकर जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत लिंगानुपात उन्नयन, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के लिए बेटी जन्मोत्सव, कन्या वाटिका जैसी सामाजिक गतिविधियों के आयोजनों पर संतोष प्रकट किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से जिले के लिंगानुपात की जानकारी ली। वर्ष 2023-24 के 926 अंक की तुलना में वर्ष 2024-25 तक के शिशु का लिंगानुपात 931 रहा है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 5 अंक अधिक है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ष भर में की जाने वाली कार्यशालाओं, सामाजिक बैठके, मीडिया वर्कशॉप इत्यादि पर भी चर्चा की गई। बैठक में टोंक के जनाना अस्पताल में जन्मी बच्चियों में वितरित किए जाने वाले बेबी किट्स, ब्लैंकेट इत्यादि की जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर ने नवजात बालिकाओं को उपहार स्वरूप दी जाने वाली बेबी किट की सामग्री में राजीविका के उत्पादों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम साथिनो को दिए जाने वाले सम्मान एवं प्रोत्साहन राशि पर भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने महिला अधिकारिता विभाग को शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय से आत्म रक्षा प्रशिक्षण एवं सामान्य विधिक जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस विभाग के सहयोग से चलाए जाएं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पुलिस सर्किल वाइज विभिन्न सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की लिस्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने घरेलू हिंसा से उत्पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए जिले में कार्यरत सखी वन स्टॉप सेंटर तथा जिले के सभी पुलिस सर्कल पर कार्यरत महिला सलाह एवं सुरक्षा केंद्रों की कार्यप्रणाली, आए हुए प्रकरण, निस्तारण हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। वन स्टॉप सेंटर एवं महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से आए प्रतिनिधियों को जिला कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए। लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में निर्देशित करते हुए जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि अपने स्तर से लाडो योजना के जिला नोडल अधिकारी नियुक्त करें। प्रत्येक माह की 5 तारीख से पूर्व लाडो योजना की मासिक प्रगति रिपोर्ट सहायक निदेशक महिला अधिकारिता को भेजे।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता चौधरी, जिला षिक्षा अधिकारी मीना लसारिया, सीडीपीओ चंद्रा जोषी, जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी सेल जगदीष प्रसाद गुर्जर समेत समस्त ब्लॉक के महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से काउन्सलर्स उपस्थित रहे।

# राजस्व मंडल में की फरियाद,एसडीएम के आदेश की एक साल से नहीं हों रही पालना

## मानव अधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करवाने के बाद भी कार्रवाई नहीं

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** अज़मेर ज़िले के उपखंड अधिकारी पीसांगन के आदेश की एक साल से पालना नहीं करने पर तहसीलदार के खिलाफ पीड़ित पक्षकार किशनलाल ने राजस्व मंडल में भू-राजस्व अधिनियम की धारा 9 के तहत वकील सहाबुद्दीन के जरिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया ।प्रार्थी के वकील सहाबुद्दीन ने अधिवक्ता प्रार्थी ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी पीसांगन ने प्रकरण 365/2021 में 20 अक्टूबर 2021 को आदेश दिए थे। इसकी पालना तहसीलदार नहीं कर रहे हैं। प्रार्थना पत्र में तहसीलदार को पालना कराने की मांग की। मंडल सदस्य सत्तार खां ने प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए तहसीलदार पीसांगन को निर्देश दिए कि वह उपखंड अधिकारी पीसांगन के आदेश की पालना 60 दिवस में करने व पालना कार्रवाई से मंडल को अवगत कराने के निर्देश दिए। वहीं पीड़ित व्यक्ति के द्वारा मानवाधिकार आयोग परिवाद क्रमांक 2025 /01 /493 के सबंध में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी इस प्रकरण में जिला कलेक्टर ने मेरे प्रार्थना पत्र मे लगाए गए आरोपो पर बिना ध्यान दिए बिना मुझे सुनें एकतरफ़ा निस्पादन किया है जो विश्वसनीय नहीं है हर बार की तरह इस बार भी नजर अंदाज कर दिया गया है जो सरासर गलत है ।मै डिस्पोजल प्रकिया से कतई संतुष्ट नहीं है। प्रार्थी 2018 से निरंतर प्रयास रत है आप दोनों पक्षों को तलब करें तो मै रूबरू दावे के साथ कह सकता हूं साबित कर सकता हूं प्रार्थी करीब चार दशक तक पटवारी के पद पर कार्यरत रहा है यह पालना रिपोर्ट रिकार्ड व भोतिक रुप में गलत है मिलान नहीं हो रहा है यह शुरू से ही इकतरफा कार्यवाही कर रहे हैं और मुझ पीड़ित को न्याय नहीं मिल रहा है आखिर प्रशासन इतना लापरवाह कैसे हो सकता है मुझे न्याय कब तक मिलेगा।

# राजसमंद की कुंवारिया तहसील में रक्षक ही बने भक्षक

## भाजपा मंडल अध्यक्ष पर सरकारी जमीनों पर कब्जे का आरोप

## सरकारी स्कूल के खेल मैदान पर जबरन नीव खोद डाली



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** आमतौर पर इंसान राजनीति में जन सेवा के लिए आता है लेकिन आज के परिपेक्ष में राजनीति सेवा न होकर एक व्यापार बनकर रह गई है। जहां कुछ जनप्रतिनिधि और नेता राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाकर अपनी जेबे में भरने में लगे है। ऐसा ही एक मामला राजसमंद के कुंवारिया तहसील की लापस्या पंचायत में सामने आया है। लापस्या पंचायत में बने नवनिर्मित सरकारी स्कूल के खेल मैदान पर दबंगो द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत तहसीलदार एवं राजसमंद कलेक्टर को दी गई। इसके बाद तहसीलदार ने टीम भेजकर मौका मुआयना करवाया। लापस्या सरकारी विद्यालय प्रशासन द्वारा भी कुंवारिया तहसीलदार को पत्र भेजकर सीमांकन की मांग की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुरज के भाजपा मंडल अध्यक्ष छीतरमल जाट राजसमंद विधायक दीप्ती माहेश्वरी के नाम और भाजपा नेता होने की धौंस जमाते हैं।

उन्होंने पंचायत में कई सरकारी जमीनों पर कब्जा करवाकर उनके पट्टे जारी करवाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर वे देख लेने और मारपीट की धमकियां देते हैं ।सरकारी विद्यालय के खेल मैदान पर कब्जा करने की नीयत से वहां नींव खुदवा दी गई। शिकायत मिलने पर कुंवारिया तहसीलदार ने काम को रुकवाया और यह जमीन आम रास्ते की बताई है। आपको बता दे लापस्या पंचायत मे हाईवे के पास करीब आठ अवैध दुकाने बनने के बाद शिकायत हुई। जिस पर माननीय न्यायालय ने दुकाने तोड़ने और कब्ज़ा हटाने के आदेश दिए है।

### इनका कहना है

विद्यालय के खेल मैदान पर अतिक्रमण की शिकायत का आवेदन मिला है, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए पटवारी को सीमांकन कर रिपोर्ट पेश करने के लिए कह दिया है.

**सीताराम बौलीवाल (तहसीलदार, कुंवारिया)**

# राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जिला परिषद में कार्यक्रम आयोजित

## पंचायतीराज दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (नि.स.)।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस-2025 के उपलक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप सभागार जिला परिषद में हुआ। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सुमन अजमेरा, विभागीय कार्मिक सहित राजीविका एसएचजी की महिलाएं उपस्थित रहे ।इस दौरान माननीय प्रधानमंत्री के बिहार कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ?13,480 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास एवं राष्ट्र को समर्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना करने का आह्वान किया ।प्रधानमंत्री ने बताया कि भूमि विवाद पंचायतों के लिए बड़ी समस्या रही है, जिसे डिजिटल रिकॉर्ड्स के माध्यम से सुलझाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने 'जीविका दीदी' कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से महिलाओं की आय बढ़ रही है और सरकार का लक्ष्य है कि देशभर में 3 करोड़ 'लखपति दीदी' बनें। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों के लिए आवास, सड़क, गैस, जल और शौचालय जैसी सुविधाएं लाखों करोड़ रुपये की लागत से उपलब्ध करवाई गई हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिहार में 57 लाख परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं और आने वाले वर्षों में 3 करोड़ और घर बनाए जाएंगे ।उन्होंने कहा कि यह दशक भारत की आधारभूत संरचना का दशक रहा है। 12 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल, 2.5 करोड़ परिवारों को बिजली, और लाखों को गैस कनेक्शन मिला है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अब लद्दाख और सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में भी 4जी और 5जी सेवाएं शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री ने बिहार में दरभंगा में एम्स, झंझारपुर में मेडिकल कॉलेज और राज्य भर में 10,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण का उल्लेख किया। जन औषधि केंद्रों से लोगों को दवाइयों पर 80त्न तक की बचत हो रही है, जिससे बिहार में ही 2,000 करोड़ की बचत हुई है। उन्होंने बताया कि भारत में रेलवे, सड़क और एयरपोर्ट्स के माध्यम से कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने 'नमो भारत रैपिड रेल' सेवा पटना से जयनगर तक की शुरुआत की और कई नई रेल लाइन व स्टेशन आधुनिकीकरण योजनाओं की जानकारी दी। हवाई कनेक्टिविटी के क्षेत्र में दरभंगा हवाई अड्डा और पटना एयरपोर्ट का विस्तार उल्लेखनीय है। कृषि और मत्स्य पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार बिहार में बाढ़ से बचाव के लिए 11,000 करोड़ निवेश कर रही है जिससे बांध, नहरें और सिंचाई व्यवस्थाएं विकसित होंगी ।प्रधानमंत्री ने मिथिला की सांस्कृतिक धरोहर मखाना को वैश्विक मान्यता मिलने पर गर्व व्यक्त किया और बताया कि मखाना को जीआई टैग और राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त हुआ है।

# हरचंदेड़ा गांव में 30 अवैध जल कनेक्शन हटाए, 7 हजार 210 रुपये का जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा के निर्देश पर गुरुवार को तहसील टोंक के गांव हरचंदेड़ा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग परियोजना खंड टोंक के अभियंताओं ने अवैध जल कनेक्शनों पर कार्रवाई की। अधीक्षण अभियंता प्रोजेक्ट टोंक के निर्देशन में, सहायक अभियंता धर्मराज मीणा के नेतृत्व में टीम ने हरचंदेड़ा गांव में अवैध नल कनेक्शनों को हटाने का अभियान चलाया। जिसके तहत 30 अवैध जल कनेक्शन हटाए गए। साथ ही, अवैध कनेक्शन करने वालों के विरूद्ध 7 हजार 210 रुपये का जुर्माना लगाया। विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि अवैध जल कनेक्शन न केवल पेयजल का दुरूपयोग का कारण बनते हैं, बल्कि वैध उपयोगकर्ताओं के लिए जल आपूर्ति वितरण प्रणाली और दबाव को भी प्रभावित करते है। उन्होंने कहा कि विभाग के निर्देश है कि अवैध कनेक्शन की पुनरावृत्ति होती है, तो दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएं।

# कृषक मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना का लाभ उठाएं

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा ऋणी कृषकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-28 लागू की गई है। भूमि विकास बैंकों के वितरित समस्त ऋण खाते, जो एक जुलाई 2024 को अवधिपार की श्रेणी में वर्गीकृत है, मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना 2025-26 के तहत पात्र होंगे। साथ ही, वर्ष 2014-15 से राज्य सरकार की 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना के तहत वितरित किये गये ऋणों में सें अवधिपार हो चुके खाते इस योजना के पात्र नहीं होंगे। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां टोंक, एवं भूमि विकास बैंक टोंक के सचिव रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि योजना के तहत पात्र ऋणी कृषकों को 25 प्रतिशत राशि 30 जून 2025 एवं शेष राशि 3 किश्तों में योजना के अंतिम अवधि तक जमा करानी होगी।

# अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य ने चिकित्सा संस्थानों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ प्रवीण असवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा सहित एमसीएचएन सत्र का निरीक्षण किया। उनके साथ डिप्टी सीएमएचओ डॉ अमित सोनी, बीसीएमओ डॉ प्रमोद कर्णावत भी मौजूद रहे। अतिरिक्त निदेशक ने मौसमी बीमारियों और हीट वेव से संबंधित रिपोर्ट्स, प्रबंधन संबंधी जानकारियाँ, दवाईयों का स्टॉक, पंखे, कूलर, पानी की व्यवस्था, ओआरएस काउंटर, बेहतर प्रबंधन के संबंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी सहायक को सक्रिय और निष्क्रिय स्लाइड का संग्रह कर परीक्षण करवाने हेतु निर्देशित किया।

अतिरिक्त निदेशक ने प्रत्येक गुरुवार को होने वाले मातृ शिशु स्वास्थ्य दिवस सत्र का निरीक्षण कर सत्र की व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने टीकाकरण के साथ ही एएनएम द्वारा हर लाभार्थी को उस टीके से संबंधित चार मुख्य संदेश की यह कौनसा टीका है, किस बीमारी से बचाव के लिए लगया जा रहा है, साइड इफेक्ट होने पर क्या करना है और अगला टीका कब लगेगा देने, ममता कार्ड में एंट्री करने, पीसीटीएस पोर्टल पर उसी दिन एंट्री करने वैक्सीन का सही तरीके से उपयोग करने के पाबंद किया। इसके अतिरिक्त, ड्यू लिस्ट, वैक्सीन वीवीएम संबंधित जांच भी की। इस दौरान उपस्थित गर्भवती महिलाओं से भी बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सभी लाभकारी योजनाओं, हीटवेव से बचाव, खानपान, बार बार पानी पीने, अधिक धूप में बाहर नहीं निकलने संबंधी जानकारिया प्रदान की गयी। इसके बाद उन्होंने सीएचसी चौथ का बरवाड़ा का निरीक्षण कर ओआरएस काउंटर को नियमित संचालित करने, आमजन को ओआरएस बनाने व पीने के तरीके के बारे मे जागरूक करने, वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर संस्थान के मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

# प्रदेश ग्रामीण पत्रकार समिति ने उप मुख्यमंत्री बैरवा से मिलकर सौंपा मांगपत्र



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** शाहपुरा प्रदेश ग्रामीण पत्रकार समिति ने बुधवार को जयपुर जाकर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को ग्रामीण पत्रकारों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश ग्रामीण पत्रकारों हेतू राज्य में सुरक्षा कानून लागू करने, ग्रामीण पत्रकारों हेतू पत्रकार कोष की स्थापना कराने, ग्रामीण क्षेत्रों के वो पत्रकार जिनको पत्रकारिता करते हुए 3 वर्ष हो गए उन्हें अधिस्वीकृत पत्रकार घोषित करने, ग्रामीण पत्रकारों के लिए जिला कार्यालय व आवासीय भूखण्ड आवंटन कराने, ग्रामीण पत्रकारों को राष्ट्रीय राजमार्ग व मेघा राजमार्ग पर निशुल्क पास के साथ राज्य की रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा दिलवाने हेतु मांग पत्र सौंपा।

यह ज्ञापन देते समय ,प्रदेश ग्रामीण पत्रकार समिति अध्यक्ष विजय कुमार पारासर , प्रदेश उपाध्यक्ष कबीर मोहम्मद कुरैशी,प्रदेश संगठन मंत्री किशनवतार पारीक,प्रदेश महासचिव पुरणमल उदय,ओबीसी प्रदेश मंत्री सुनिता चौधरी,समाजसेवी हज़ारी लाल यादव संरक्षक मुकेश वैष्णव, प्रचार प्रसार मन्त्री रामावतार जांगिड़, नसीराबाद ग्रामीण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राठौड़ ग्रामीण पत्रकार समिति प्रवक्तता सुरज वर्मा आदि उपस्थित थे।

# कैंसर पीड़िता की आपात जरूरत पर भरत नाथ ने किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की प्रेरणा से बुधवार को एक कैंसर पीड़ित महिला की आपातकालीन जरूरत पर त्वरित रक्तदान किया गया। सोसाइटी के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि जैसे ही कैंसर से जूझ रही महिला को रक्त की तत्काल आवश्यकता की सूचना मिली, स्वैच्छिक रक्तदाता भरत नाथ तुरंत आर.के. चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान किया ।यह जीवनदायी कार्य भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की मुहिम पीड़ित रोगियों के लिए रक्तदान करो, जीवन बचाओ के तहत किया गया। सोसाइटी अल्प सूचना पर भी स्वैच्छिक रक्तदाताओं की मदद से जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने में सक्रिय है ।हालांकि, प्रचंड गर्मी के कारण ब्लड बैंक में रक्त की कमी आई है। इस परिप्रेक्ष्य में, रेडक्रॉस सोसाइटी ने युवाओं से अपील की है कि वे पीड़ित रोगियों का जीवन बचाने के लिए समय-समय पर रक्तदान करने के लिए आगे आएं। सोसाइटी के प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि प्रेसीडेंट एवं जिला कलक्टर बाल मुकुंद असावा की प्रेरणा और सोसायटी चेयरमैन कुलदीप शर्मा के निर्देशन में जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने वाले हमेशा तत्पर रहते हैं।

# कश्मीर में शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें सरकार : सुरूर

## - आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता, मिले कड़ी सजा

## - समाज में वैमनस्य पैदा कर वालों को सरकार जल्द करें बेनकाब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** वरिष्ठ समाजसेवी सुरूर अहमद ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ इबरतनाक सजा दिलवाए जाने की केंद्र सरकार से मांग की है। वहीं उन्होंने मृतकों के आश्रितों एवं घायलों को शीघ्र एवं उचित मुआवजा दिए जाने का सरकार से अनुरोध किया है। स्टार जैम्स के मेनेजिंग डायरेक्टर सुरूर अहमद ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आतंकवादियों की कोई जाति या धर्म नहीं होता। ऐसे असामाजिक तत्व समाजों में वैमनस्य पैदा कर अपनी स्वार्थ सिद्धि में सफल हो जाते है, जिन्हें आज बेनकाब करने की आवश्यकता है। सुरूर बोले-ऐसी घटनाओं से कश्मीर के पर्यटन उद्योग को और अधिक गंभीर नुकसान होने का खतरा है। सरकार को क्षेत्र में शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। पूरा देश आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट है तथा पीड़ित परिवारों के साथ पूरी तरह से साथ में खड़ा है। उनके प्रति हमारी गहरी सहानुभूति है। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के नाम पर आतंकवाद को फैलाने और उसे संरक्षण देने वाले ये धूर्त अपराधी भारत तथा कश्मीर दोनों के ही दुश्मन है। सुरूर ने कहा कि इस हमले का मकसद भारत में साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना है और हिन्दुओं व मुसलमानों के बीच दरार को और अधिक गहरी करना है। वहीं उन्होंने विश्वास जताया कि देश का हर नागरिक



समझदार है तथा वह आतंकियों और अवसरवादियों के मंसूबों से बाखबर है।

## हाथों और बाजूओं में जमा फैट को कम कर देंगे ये एक्सरसाइज

हाथों पर बढ़ता फैट आज के समय में एक आम समस्या है। लेकिन अगर आपको लगता है कि आप रेगुलर एक्सरसाइज करते हैं और इससे छुटकारा पा सकते हैं तो यह इतना आसान भी नहीं है। दरअसल आपने कई बार देखा भी होगा कि किसी भी एक्सरसाइज के शुरुआत में शरीर पर बहुत जल्दी बदलाव आते हैं। लेकिन कुछ समय के बाद यह बदलाव रूक से जाते हैं। आपको महसूस होता है कि एक समय के बाद आपके कुछ शरीर के भाग जैसे हाथ और पैरों का फैट एक स्थान पर जम गया है। जबकि आप लीन बॉडी चाहते हैं। अगर रोजाना एक तरह की एक्सरसाइज करते रहेंगे तो एक अंग का टोन होना थोड़ा कठिन हो सकता है। इसलिए आपको अगर बाजुओं का फैट घटाना है तो बाजुओं से संबंधित कुछ एक्सरसाइज करनी होंगी। यह एक्सरसाइज बिना इक्विपमेंट के घर पर आसानी से की जा सकती है।



### वॉल पुश अप्स

- दीवार के आगे लगभग एक से दो फीट दूर खड़े हो जाएं।
- अब अपनी हथेलियों को दीवार पर रखें और पैरों को दीवार से जितना हो सके उतना पीछे ले जाएं।
- अब दीवार की ओर अपनी छाती लाने का प्रयास करें और इस दौरान आपका सारा वजन आपकी बाजुओं पर होना चाहिए।
- अब पीछे जाएं और ऐसे करने से पुश अप का एक राउंड पूरा हो जाएगा।

### आर्म सर्कल

- सीधे खड़े हो जाएं और अपनी साइड में बाजुओं को रखें।
- अब अपनी बाजुओं को कंधों तक ऊपर उठाएं।
- हाथों को अब गोल गोल दिशा में घुमाते रहें और कोशिश करें कि अपनी कोहनियों को बिना मोड़ें ही यह एक्सरसाइज करें।
- 10 राउंड सीधी तरह से करें और इसके बाद 10 राउंड एंटी क्लॉक वाइस करें।

### ट्राइसेप डिप्स

- किसी बेंच या सोफा पर बैठ जाएं।
- अपने पैरों को एक दूसरे के पास रखें।
- बाजुओं को पीछे रखें।
- इस दौरान उंगलियों आपके शरीर की ओर खुली होनी चाहिए।

### फ्लोर डिप्स

- अपने शरीर को बाजुओं पर बैलेंस करने की कोशिश करें।
- अब अपने हिप्स को बेंच से ऊपर उठाने की कोशिश करें
- अब दो कदम आगे की ओर बढ़ाएं।
- अपने हिप्स को आराम से नीचे की ओर करें।

### फ्लोर डिप्स

- सबसे पहले एक मैट पर बैठ जाएं।
- अपने हाथों को कमर के पीछे रखें।
- हाथ बिल्कुल सीधे रखें।
- दोनों टांगों को एक दूसरे के पास रखें।
- अब अपने हिप्स को ऊपर उठाएं और इस दौरान शरीर का वजन हाथों पर लेने की कोशिश करें।
- अपनी एड़ियों और हथेलियों को जमीन पर ही रखें।
- इसके बाद हिप्स को नीचे जमीन की ओर लाएं और जब जमीन के समीप आ जाएं और वापिस ऊपर उठाएं।

### इंच वार्म

- यह एक्सरसाइज काफी आसान होती है और हाथो के फैट को कम करने के लिए काफी प्रभावी भी।
- इसे करते हुए आपको सबसे पहले जमीन पर खड़े होना है।
- अब आपको जमीन पर अपनी हथेलियां टीका कर अपर प्लैंक की अवस्था में आ जाना है।
- अब अपने हाथों से एक-एक कदम आगे चलें और पैरों को भी साथ में आगे बढ़ाते रहें।
- बस ध्यान रखें कि आपके घुटने जमीन पर न टिक रहे हों।
- 10 से 15 राउंड लगाएं।


### स्पाइडर-मैन पुश अप्स

- यह एक्सरसाइज उसी प्रकार करनी है जैसे कि एक स्पाइडर-मैन चलता है। यानी कि हाथ और पैरों के सहारे। इसमें हाथों की मांसपेशियों की तरफ ध्यान देना है।
- यदि है एक्सरसाइज कर रहे हैं तो पेट के बल लेटकर हाथों में फैला दें।
- प्लैंक वाली अवस्था में आ जाएं। जिसमें कि आपका सिर, पैर और जांघें व सीना उठा रहता है।
- अब शरीर पर खिंचाव डालें।
- कुछ सेकेंड्स इसी अवस्था में रहे फिर वापस पहली वाली अवस्था में आ जाएं।
- 5 से 7 बार ऐसा करें।
- यह एक्सरसाइज आपके हाथों के एक्स्ट्रा फैट को तो कम करेगी ही। साथ ही आपकी अंडर आर्म्स का फैट भी कम हो जाएगा।

### प्लैंक टैप्स

- इस एक्सरसाइज के लिए ऊपरी प्लैंक की अवस्था में आयें।
- अपने सारे शरीर को मजबूत रखें और पेट की मसल को इंगेज कर लें।
- अब अपने दाएं हाथ को ऊपर उठाएं और बाएं कंधे को छुएं।
- इसके बाद दूसरे हाथ से दाएं कंधे को छुएं। ऐसा आधे से एक मिनट तक करते रहें।

# महिलाओं में सिर दर्द का कारण हो सकता है हार्मोनल का बदलाव



अगर दिन की शुरुआत में ही सिर दर्द होना शुरू हो जाए तो पूरे दिन के काम इससे प्रभावित हो सकते हैं। आपकी प्रोडक्टिविटी कम हो सकती है और आपके घर वालों के साथ झगड़ा होने के भी अधिक चांस रहते हैं। इससे पूरा दिन ही खराब हो जाता है और शरीर में सारी एनर्जी खत्म हुई लगती है मानो आप बीमार हों। सिर दर्द से वैसे तो हर व्यक्ति जूझता है लेकिन पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में सिर दर्द अधिक देखने को मिलता है। महिलाओं में सिर दर्द होने का कारण उनके द्वारा ली जाने वाले गर्भ निरोधक गोलियां, मेंस्ट्रुएशन साइकिल, प्रेग्नेंसी, दूध पिलाना, मेनोपॉज आदि होते हैं। इसका अर्थ है हार्मोन्स में आने वाले बदलाव से महिलाओं को ज्यादा सिर दर्द झेलने पड़ते हैं।

### हार्मोन्स क्यों हैं महिलाओं में सिर दर्द का कारण

सीड्स आफ इनोसेंस, आइ वी एफ एक्सपर्ट, गायनोकोलोजिस्ट, डॉक्टर गौरी अग्रवाल के अनुसार महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम के विकास और उसे रेगुलेट करने के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन जिम्मेदार होता है। एस्ट्रोजन में समय-समय पर बदलाव आते रहते हैं। मेंस्ट्रुअल साइकिल के दौरान भी एस्ट्रोजन लेवल में अचानक से बदलाव आते हैं। इस प्रकार इन हार्मोन्स के बदलाव के कारण सिर में दर्द देखने को मिलता है। मेनोपॉज की शुरुआत में भी आपको अधिक सिर दर्द हो सकता है।

### पीरियड्स से जुड़ा सिर दर्द

प्यूबर्टी आने से पहले लड़के और लड़कियों को एक मात्रा में ही सिर दर्द होता है लेकिन जैसे ही लड़कियों में प्यूबर्टी आती है वैसे ही उनकी मेंस्ट्रुअल साइकिल शुरू हो जाती है और सिर दर्द भी। अगर यह जानना चाहती हैं कि आपके पीरियड्स के कारण कितना सिर दर्द हो रहा है तो इसका एक रिकॉर्ड रखना शुरू कर दें। किस-किस दिन यह दर्द होता है उसे भी याद रखें और आगे के समय में भी ऐसा ही नोटिस करें। अगर सिर दर्द का एक पैटर्न बन जाता है तो आपके डॉक्टर इसे कम करने के लिए पीरियड्स के थोड़े दिन पहले सेवन करने के लिए दवाई दे सकते हैं। ओरल कंट्रेसेप्शन या हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी से भी कुछ महिलाओं को राहत मिल सकती है।

### क्या आपको माइग्रेन है या यह केवल टेंशन से होने वाला सिर दर्द है

अगर आपको माइग्रेन वाला सिर दर्द होगा तो यह दर्द 4 से 72 घंटे के लिए हो सकता है। इसके लक्षणों में स्पॉट्स या जिग जैग वाली लाइंस देखने को मिल सकती हैं। कोई भी शारीरिक गतिविधि करने से दर्द और अधिक बढ़ सकता है, लाइट, साउंड और स्मेल से सेंसिटिविटी महसूस हो सकती है। अगर इसके अलावा एक दिन कुछ ही समय के लिए सिर दर्द हो तो समझ जाएं कि यह माइग्रेन नहीं बल्कि टेंशन से होने वाला सामान्य सिर दर्द है।

### सिर दर्द के उपचार

अगर सिर दर्द खासकर माइग्रेन से राहत चाहती हैं तो आपको कुछ लाइफस्टाइल बदलाव करने होंगे। सबसे पहले स्ट्रेस को मैनेज करें। साथ ही शराब या एल्कोहल पीने की सीमा तय कर दें। अधिक से अधिक पानी पिएं ताकि शरीर हाइड्रेट रह सके। ज्यादा कॉफी या एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन भी न करें। नींद पर्याप्त मात्रा में ले रहे हों, इस बात का भी जरूर ध्यान रखें। अगर फिर भी आराम नहीं मिलता है तो फिजिकल थेरेपी भी ले सकते हैं।

# घर पर कैसे करें बालों को ब्लीच? इसे करने के आसान तरीके

इन दिनों हेयर हाइलाइटिंग का फैशन ट्रेंड में है और सिर्फ लड़कियां ही नहीं बल्कि लड़के भी बालों को हाईलाइट करने का शौक रखते हैं। इस तरह से एक स्टाइलिश लुक तो मिलता ही है, साथ ही पर्सनैलिटी भी निखर कर आती है। लेकिन बालों को ब्लीच करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

असल में बालों को ब्लीच करना कहीं न कहीं कुदरती कलर से छेड़छाड़ ही है । ऐसे में यह काम बहुत ध्यान से करने की जरूरत है। वरना आपके बालों को नुकसान भी पहुंच सकता है। लेकिन ध्यान करने वाली बात यह है कि आप ऐसा घर पर भी कर सकते हैं। अगर सही तरीका जानना चाहते हैं तो इस आर्टिकल को पूरा पढ़ना न भूलें।

**सबसे पहले अपने बालों को तैयार कर लें :** ब्लीच सबसे पहले आपके बालों में पहुंच कर मेलानिन के ग्रेन्यूल को ऑक्सीडाइज करती है। यह प्रक्रिया आपके बालों के लिए नुकसानदायक हो सकती है इसलिए सबसे पहले अपने बालों को इस स्थिति में लाएं ताकि ब्लीच के द्वारा उन्हें ज्यादा नुकसान न पहुंच सके।

अगर आपके बाल ड्राई या डेमेज हो चुके हैं तो ब्लीच करने से पहले एक से दो महीना रुक जाएं। बालों को तैयार करने के लिए निम्न टिप्स का पालन करें।



**अपने बालों को किसी भी प्रकार का केमिकल ट्रीटमेंट न दें :** ब्लीच से आपके बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए यह सुनिश्चित कर लें कि यह प्रक्रिया करने से पहले आपके बालों पर किसी तरह का हेयर कलर या फिर केमिकल ट्रीटमेंट न हुआ हो। अगर ऐसा हुआ है तो कम से कम तीन महीना का इंतजार करने के बाद ही ब्लीच करें।

**अपने बालों को कंडीशन करें :** ब्लीच करने से एक से दो हफ्ते पहले अपने बालों में कंडीशनर का प्रयोग करना शुरू कर दें। हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग मास्क का प्रयोग करें।

**नारियल के तेल का करें प्रयोग :** जिस दिन आप ब्लीच कर रही हैं उससे एक रात पहले अपने बालों पर नारियल का तेल जरूर लगा कर सोएं। इससे आपके बालों में प्रोटेक्टिव लेयर एड होती है और अधिक नुकसान होने से बचता है।

# सोच-समझकर कर करें दवाओं का सेवन

आजकल डॉक्टर एकसाथ कई दवाओं का प्रयोग यह सोचकर कर रहे हैं कि एक नहीं तो दूसरी दवा तो काम करेगी ही। लेकिन ये दवाएं कई बार मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं। अगर आपको लगे कि दवाओं की संख्या ज्यादा है तो सेकेंड ओपिनियन लेने से हिचके नहीं।

### जरूरी है विश्लेषण

मंथली इंडेक्स ऑफ मेडिकल स्पेशलिटीज के संपादक डॉ. चन्द्रा गुलाटी कहते हैं कि डॉक्टरों को रोग का विश्लेषण करके जरूरी टेस्टों के बाद ही एंटीबायोटिक लेने की सलाह देनी चाहिए। दर्दनिवारक दवाओं का जरूरी होने पर ही प्रयोग करें।

### सेहत पर भारी

डॉ. चंद्रा के अनुसार आजकल कई डॉक्टर हिट या मिस वाला फार्मूला अपना रहे हैं और एक साथ कई दवाओं का प्रयोग यह सोचकर कर रहे हैं कि एक नहीं तो दूसरी दवा तो काम करेगी ही। जबकि उनको मरीज की सेहत के लिहाज से इस प्रवृत्ति से बचना चाहिए। लिखी गई दवाओं पर शंका हो तो डॉक्टर से एक बार उनके बारे में पूछ लेना चाहिए।

### ये करें मरीज

डॉक्टरी पर्चे को ध्यान से पढ़ें। उन्होंने जो दवाएं लिखी हैं उनके बारे में जान लें कि कौनसी दवा किस काम की है। उनसे रोग के बारे में भी पर्चे पर लिखने को कहें। डॉक्टर जो जांच करवाने को कहे उन्हें करवा लें। आपको लगे कि दवाओं की संख्या ज्यादा है या कॉम्बिनेशन दवाएं लिखी गई हैं तो सेकेंड ओपिनियन लेने में हिचके नहीं।



### सही कॉम्बिनेशन जरूरी

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक गुप्ता के अनुसार कुछ स्थितियां ऐसी होती हैं जिसमें बीमारियों के लक्षण एक-दूसरे से जुड़े होते हैं जैसे जुकाम होने पर बच्चे को अक्सर खांसी और बुखार हो जाता है। ऐसे में यह डॉक्टर की जिम्मेदारी होती है कि वे बच्चे को उचित संयोजन (रेशनल कॉम्बिनेशन) वाली दवाएं ही लिखें। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया भी समय-समय पर डॉक्टरों को शिक्षित करती है कि वे मरीजों को कम से कम और सही दवाएं लिखें क्योंकि एक साथ कई दवाओं का गलत कॉम्बिनेशन शरीर को नुकसान पहुंचाता है और धीरे-धीरे दवाएं बेअसर होने लगती हैं।

### इंट्रेक्शन ऑफ ड्रग्स

फिजिशियन डॉ. जी. डी. पारीक के अनुसार मरीज के लिए कोई भी दवाएं लिखने से पहले डॉक्टर को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उन दवाइयों मे इंट्रेक्शन तो नहीं है क्योंकि अगर ऐसा हुआ तो उनमें से किसी एक दवा का असर कम होगा या बढ़ जाएगा।

# अच्छी सेहत का सीक्रेट हैं ये चीजें, हर किसी की डाइट में होना है जरूरी

रोजाना की भागदौड़ और अनियमित खानपान की वजह से हम अक्सर बीमारियों से घिरे रहते हैं। जबकि मानव के जीवन में उसके स्वास्थ्य से अधिक मूल्यवान चीज कुछ भी नहीं है। इसलिए फिट और हेल्दी रहने के लिए संतुलित खाना और साथ ही साथ कुछ नियमों का ध्यान रखना काफी जरूरी है। वैसे तो वजन कम करने के लिए बहुत अलग-अलग तरह की डाइट उपलब्ध हैं, जैसे मेडिटेरेनियन, कीटो आदि। लेकिन सभी डाइट के अपने लाभ और साइड इफेक्ट्स होते हैं। कई बार हम परेशान हो जाते हैं कि कौन सी डाइट का पालन करना हमारे लिए बेस्ट रहेगा। इसलिए आज हम आपको सभी डाइट में पाई जाने वाली कुछ समानताओं के बारे में बताने वाले हैं। ताकि आप लाभों की चिंता किए बिना वह डाइट फॉलो कर सकें। जो आपके लिए सबसे उपयुक्त हो। फल-सब्जियों का सेवन करने से काफी लाभ जैसे कि शुगर लेवल नियमित रहना, वजन नियंत्रण आदि मिलते हैं।

ओमेगा 6 फैट कई प्रकार के खाने और सप्लीमेंट में होता है। जैसे कि सोयाबीन ऑयल, केनोला ऑयल, कार्न ऑयल (मक्के का तेल) और कॉटन सीड ऑयल आदि ओमेगा 6 फैट से भरपूर कुछ वेजिटेबल ऑयल के प्रकार हैं। लेकिन ओमेगा 6 फैट के कारण कोलेस्ट्रॉल में बढ़ाव हो सकता है। जिसे एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल भी कहते हैं। इसकी वजह से हार्ट स्ट्रोक और अन्य हृदय परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए डाइट के दौरान ओमेगा 6 फैट युक्त वेजिटेबल ऑयल का सेवन न करें। बल्कि उनकी जगह पर ऑलिव ऑयल या फिर किसी कम ओमेगा फैट वाले वेजिटेबल ऑयल का इस्तेमाल करें।



**आर्टिफिशियल ट्रांस फैट को डाइट से हटाए :** वेजिटेबल ऑयल के हाइड्रोजनीकरण से ट्रांस फैट बनाया जाता है। बहुत सारे देशों में ट्रांस फैट को बैन कर दिया गया है। यह फैट प्रोसेस किए गए खाने में पाए जाते हैं। डाइट में ट्रांस फैट का सेवन बिल्कुल भी न करें इससे बहुत सी बीमारियां होने का खतरा रहता जिनमें से दिल की बीमारियां प्रमुख है।

**खाने पर कैलोरीज पर अधिक ध्यान दें :** एक अच्छी डाइट में खाने को कैलोरीज से अधिक महत्व दिया जाता है। वजन कम या कैलोरीज पर प्रतिबंध करने की बजाए हेल्दी डाइट का सेवन करें। ताकि शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहे। कितना खाना खाया जा रहा है इसका ध्यान रखने की बजाय खाने में क्या खाएं, इस बात पर ज्यादा ध्यान देना जरूरी है। साथ ही लाइफस्टाइल में बदलाव जरूरी है।

**अधिक सब्जियां और फाइबर का सेवन करें :** बहुत सारी डाइट में कुछ खाद्य पदार्थों को हटाना पड़ता है या फिर सीमा तय करनी पड़ती है। जैसे कि पीलियो डाइट से अनाज को हटाया किया जाता है और प्लांट वाली डाइट्स से पशु आहार को। दरअसल सब्जियों में बहुत से एंटीऑक्सीडेंट्स, न्यूट्रिएंट्स व बहुत से अन्य फाइबर्स होते हैं। जिनसे बीमारियों का खतरा कम होता है और स्वस्थ शरीर रहता है।

**रिफाइंड कार्ब्स को डाइट में से हटाएं :** रिफाइंड कार्ब्स में एक प्रकार की शुगर होती है। गेहूं के आटे में सबसे ज्यादा रिफाइंड कार्ब्स पाया जाता है। रिफाइंड कार्ब्स से कैलोरीज बढ़ती है और कोई भी न्यूट्रिएंट्स नहीं मिल पाते। अगर होल ग्रेन में फाइबर न हो तो स्टार्च हमारे ब्लड शुगर लेवल को बिगाड़ सकता है। इसके कारण बार-बार खाने का मन करता है और जब ब्लड शुगर लेवल कम होने लगता है तो कुछ घंटों बाद ज्यादा खाने का मन करने लगता है। रिफाइंड कार्ब्स डाइट में खाने से बहुत सी बीमारियां होती है जैसे ज्यादा मोटापा, टाइप-2 डायबिटीज और अन्य हृदय से जुड़ी हुई बीमारियां।

**अलग से शुगर कम मात्रा में लें :** एडेड शुगर स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक मानी जाती है। कुछ लोग कम मीठा खाते हैं परंतु कुछ लोग मीठे पर बिल्कुल भी कंट्रोल नहीं कर पाते।

ज्यादा शुगर खाने से लीवर को परेशानी हो सकती है।

ज्यादा शुगर खाने से लीवर फैट से भर जाता है। डाइट में कम शुगर का सेवन करें। अधिक शुगर खाने से मोटापा, टाइप टू डायबिटीज और अन्य हृदय परेशानियां होती है।

## अगर कमजोर हो रही हैं हड्डियां, तो डाइट में करें बदलाव



हड्डियों से जुड़ी कई ऐसी समस्याएं है जिसके कारण अक्सर लोग परेशान रहते हैं, इससे छुटकारा पाने के लिए लोग हमेशा कुछ न कुछ उपाय अपनाते रहते हैं। आमतौर पर 30 की उम्र के बाद हड्डियां कमजोर होने लगती है। बोन डेंसिटी कम होने की वजह से हड्डियां कमजोर होती है। आज हम आपके लिए कुछ खास फूड के बारे में जानकारी लेकर आए हैं, जो आपकी बोन हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार साबित होंगी।

**कैफीन का ना करें प्रयोग :** कैफीन आपके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा है लेकिन अगर इसका सेवन हद से ज्यादा किया जाए तो आप खुद को कई स्वास्थ्य समस्याओं के साथ देख सकते हैं। कैफीन की बहुत ज्यादा मात्रा शरीर में आपकी हड्डियों को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है।

**धुम्रपान छोड़ दें :** धूम्रपान कई गंभीर बीमारियों को न्योता देने का काम करता है, अगर आप भी बहुत ज्यादा धूम्रपान करते हैं तो इससे संभव है कि आप ऑस्टियोपेनिया की समस्या का शिकार हो सकते हैं। ये आपकी हड्डियों और मांसपेशियों को बुरी तरह से प्रभावित करता है और आपके कई जरूर अंगों को खराब करने का काम करता है।

**डाइट में करें बदलाव :** बेहतर डाइट आपको पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने में मदद कर सकती है, स्वस्थ भोजन आपको कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचाने का काम करता है। ऐसे ही जब आपकी डाइट में पोषण की कमी या फिर विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होने लगती है तो आप ऑस्टियोपेनिया का शिकार हो सकते हैं। सबसे अधिक समस्या होती है इसलिए इस मौसम में आपको अपनी डाइट में कुछ खास चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए जैसे शकरकंद, मशरूम, मूली, पालक, गाजर, मटर, मखाना, डेरी प्रोडक्ट, विटामिन डी, अंजीर, मूंगफली इन चीजों को अपनी डाइट में शामिल कर आप सर्दियों में अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं।

बुरों के प्रति बुरा बनने में नहीं, बल्कि उनसे दूर रहने में भलाई है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





मुख्यमंत्री ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले दिवंगत नीरज उधवानी के आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि

# खून के एक-एक कतरे का हिसाब लिया जाएगा : सीएम

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शिकार जयपुर के नीरज उधवानी (33) का गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई किशोर उधवानी ने मुखाग्नि दी। झालाना स्थित मोक्षधाम में पत्नी आयुषी नीरज की पार्थिव देह के पास हाथ जोड़कर बिलखती रही। परिवार वालों के बार-बार संभालने के बावजूद उसकी आंखों के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।

### पत्नी मुड़-मुड़कर देखती रही

इससे पहले घर के बाहर नीरज के अंतिम दर्शन के बाद उनकी पत्नी आयुषी मुड़-मुड़कर देखती रही। वह शव के पास से हटने को तैयार नहीं थी। बमुश्किल परिवार वाले आयुषी को नीरज के शव से दूर ले गए।



### सीएम पहुंचे घर, नीरज की मां को सांत्वना दी

सीएम भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह मॉडल टाउन (मालवीय नगर) स्थित फॉरेस्ट व्यू अपार्टमेंट पहुंचे और नीरज को श्रद्धांजलि दी। सीएम नीरज की मां ज्योति से भी मिले। सीएम को देखते ही ज्योति फूट-फूटकर रोने लगी। सीएम ने उनके आंसू पोंछे और सांत्वना दी।

### सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा

खून के एक-एक कतरे का हिसाब लिया जाएगा। आतंकी हमले में मारे गए हर परिवार के साथ पूरा देश, राजस्थान खड़ा है। इस तरह की घटनाओं को लेकर कठोर कदम उठाए जाते हैं। और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे।

### पत्नी के सामने ही गोली मारी थी

22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जयपुर के नीरज उधवानी (33) भी मारे गए थे। आतंकियों ने पत्नी आयुषी के सामने ही नीरज को गोली मारी थी। बुधवार की रात 8:15 बजे इंडिगो फ्लाइट से उनका शव जयपुर लाया गया था।

## राजस्थान में 2 दिन बाद हो सकती है हल्की बारिश, गर्मी से राहत की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सुबह-शाम के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। दिन में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज हो रहा है तो न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज हो रहा है। जोधपुर, चूरू, सीकर समेत 13 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। इधर, बीकानेर में स्कूलों का समय फिर से बदला गया है। प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान बाड़मेर में 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा का कहना है- राज्य में अगले 4-5 दिन में धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी। कुछ शहरों में अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही 26 अप्रैल को एक कमजोर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर जयपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, करौली के आसपास देखने को मिल सकता है। रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे आया : राजधानी जयपुर में दिनभर आसमान साफ रहा। तेज धूप रही। दोपहर में हल्की गति से गर्म हवा चली। जयपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। बीती रात (मंगलवार) कई शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई।

## अटारी बॉर्डर पर रिट्रीट सेरेमनी में नहीं खोले गेट

### बीएसएफ जवानों ने पाक रेंजर्स से हाथ नहीं मिलाया

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर।** अमृतसर में अटारी बॉर्डर पर गुरुवार को रिट्रीट सेरेमनी के दौरान दोनों देशों के गेट नहीं खोले गए। बंद गेटों के बीच दोनों देशों के झंडे उतारे गए। इसके साथ बीएसएफ के जवानों ने पाक रेंजर्स से हाथ भी नहीं मिलाया। वहीं सेरेमनी में लोगों की संख्या भी कम रही। रोजाना करीब 20 हजार लोग पहुंचते थे, लेकिन गुरुवार को सिर्फ 10 हजार लोग ही सेरेमनी में पहुंचे। इस दौरान लोगों ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाए। प्रोटोकॉल ऑफिसर अरुण माहल ने कहा कि आज 105 भारतीय पाकिस्तान से भारत लौटे। 28 पाकिस्तानी नागरिक वापस पाकिस्तान गए हैं। सेरेमनी में कम लोगों के पहुंचने पर अरुण ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद लोगों में डर का माहौल है, लेकिन फिर भी यहां पहुंचे लोगों में उत्साह दिखा। सूत्रों के मुताबिक, अभी भारत में करीब 6 से 7 हजार पाकिस्तानी मौजूद हैं। वहीं पाकिस्तान में करीब ढाई से 3 हजार लोग मौजूद हैं।

## ट्रकों, भारी वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग जल्द : गडकरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मंत्रालयट्रकों और भारी वाणिज्यिक वाहनों के लिए सुरक्षा मूल्यांकन रेटिंग शुरू करने की योजना बना रहा है। यह मूल्यांकन देश के अपने क्रैश (वाहनों की टक्कर) परीक्षण कार्यक्रम, भारत एनसीएपी (नई कार मूल्यांकन कार्यक्रम) की तर्ज पर होगा। गडकरी ने 'न्यू कार असेसमेंट प्रोग्राम' (जीएनसीएपी) और सड़क यातायात शिक्षा संस्थान (आईआरटीई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य विनिर्माताओं को उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे वाहन अधिक सुरक्षित बन सकें।

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय आया कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**मधुबनी (एजेंसी)।** पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है।

### गांव के विकास से ही देश का विकास होगा

पंचायती राज कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी ने कहा कि, आज पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला से जुड़ा है, बिहार से जुड़ा है। आज यहां देश के बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। आज राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर सिंह की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें नमन कहता हूं। बिहार वो धरती है जहां से बापू ने अपने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उनकी सोच थी कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास नहीं हो जाएगा। बीते दिनों में पंचायतों को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए। 2 लाख से ज्यादा पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है। साढ़े 5 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने। इससे कई दस्तावेज अब आसानी से मिल रहे हैं। जीविका दीदी को 1 हजार करोड़ की मदद दी गई : लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 35 फीसदी आरक्षण का कानून भी बनाया गया है। इसका फायदा भी होगा हमारी बहन-बेटियों को प्रतिनिधित्व में मिलेगा। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। बिहार में जीविका दीदियों के कार्यक्रम से महिलाओं का जीवन बदला है।

जीविका दीदियों को 1 हजार करोड़ की मदद दी गई है। बीते दशक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। गरीबों के घर बने, सड़कें बनीं, गैस कनेक्शन पहुंचे। गांव में लाखों करोड़ रुपए पहुंचे हैं। रोजगार के नए अवसर भी बने हैं। मजदूर से लेकर किसान, गाड़ी वालों को कमाई के नए मौके मिले हैं।



### आतंकियों को अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे

पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी ने दुनिया को मैसेज देने के लिए मंच से अंग्रेजी में कहा, हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिलेगी। न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं।

### पीएम ने मंच से पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

पीएम मोदी ने कहा- 22 अप्रैल को जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में मासूम लोगों को जिस तरह से मारा है। उससे पूरा देश व्यथित है। उनके दुख में पूरा देश साथ खड़ा है। जिनका अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों इसके लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। स्पष्ट कहना चाहता हूं, हमला करने वालों को और उनकी मदद करने वालों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। पंचायती राज कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम ने मृतकों को मंच से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 'अपनी बात शुरू करने से पहले मैं आप सबसे एक प्रार्थना करना चाहता हूं।

### देश में मेडिकल कॉलेज की संख्या दोगुनी हुई है

देश में मेडिकल कॉलेज की संख्या दोगुनी हो चुकी है। गांवों में भी अच्छे अस्पताल बनें इसके लिए देशभर में डेढ़ लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बने हैं। गरीब और मिडिल क्लास के लिए ये बड़ी राहत है। यहां सस्ती दवाएं मिलती हैं। बिहार में 800 से ज्यादा जन औषधि केंद्र बनवाए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत भी बिहार में लाखों परिवारों को मुफ्त इलाज हो चुका है।

### बाढ़ से राहत के लिए बूढ़ी गंडक-कोसी पर बांध बनेंगे

पटना एयरपोर्ट का भी विस्तार किया जा रहा है। रोजगार के नए अवसर भी बनाए जा रहे हैं। गांव जितने मजबूत होंगे, देश उतना ही सशक्त होगा। मिथिला के कोसी का एक क्षेत्र बाढ़ से परेशान रहा है। सरकार बाढ़ के प्रकोप को कम करने के लिए 11 हजार करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। इससे बूढ़ी गंडक, कोसी पर बांध बनेंगे। किसानों के खेत तक पानी पहुंचेगा। यानी अब बाढ़ की परेशानी भी कम होगी।

## यूक्रेनी राजधानी पर 9 महीने का सबसे बड़ा मिसाइल अटैक

### रूसी हमले में 8 की मौत, 70 घायल, कई लोग मलबे में फंसे हुए

बढ़ता राजस्थान

**कीव।** रूस ने बुधवार रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए, जबकि 70 से ज्यादा घायल हो गए।



यह बीते 9 महीने में यूक्रेन की राजधानी पर किया गया सबसे बड़ा हमला है। अधिकारियों ने बताया कि हमले की वजह से कई बिल्डिंगों ने आग लग गई। 42 लोगों को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है, जिसमें 6 बच्चे शामिल हैं। अभी भी कुछ लोग मलबे में फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने यूक्रेन पर 70 मिसाइल और 145 ड्रोन से हमला किया, जिनका मेन टारगेट राजधानी कीव को निशाना बनाना था। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का कहना है कि इस हमले का मकसद अमेरिका पर दबाव डालना था।

# शुभम की पत्नी योगी से बोली- कड़ा बदला चाहिए

### पति की शर्ट पहनी, फिर उसी से लिपट गई

बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चाचा नरेंद्र ने मुखाग्नि दी। पिता बगल में खड़े होकर रोते रहे।

गुरुवार सुबह 11 बजे जब घर से ड्योढ़ी घाट के लिए शव यात्रा निकली तो पत्नी ऐशन्या चीख पड़ीं। पत्नी ने दो दिन से अपने पति की शर्ट पहन रखी थी। उन्होंने वह शर्ट उतारी, उसे सीने से लगाया, फिर फूट-फूटकर रोने लगीं। यह देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। इससे पहले, सीएम योगी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी और घरवालों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान शुभम की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा- आतंकियों ने मेरे सामने ही मेरे पति को गोली मारी। योगी जी, हमें कड़ा बदला चाहिए। आप इसका बदला लो। यह कहते हुए वह रोने लगीं। यह हमला आतंकवाद के ताबूत पर आखिरी कील होगा। आतंकवादियों और उनके आकाओं को उसकी सजा जरूर मिलेगी। जो लोग साजिश में शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। अब इस घटना के जो परिणाम आएंगे, वो देश देखेगा। सुबह जब पार्थिव शरीर घर लाया गया, तो बगल में शुभम की तस्वीर रखी गई। इस दौरान पत्नी ऐशन्या पति की फोटो को एकटक देखती रहीं।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com